रांची का तापमान
कांके: अधिक. 27.5° न्यून. 23.0°
रांची: अधिक. 28.4° न्यून. 22.7°
रांची, बुधवार
09 जुलाई 2025
वर्ष-26, अंक-157, पृष्ठ-12

आषाढ़ शुक्ल पक्ष 14, संवत 2082 | रांची एवं डालटनगंज (मेदिनीनगर) से एक साथ प्रकाशित | रजिस्ट्रेशन नं: BIHHIN/1999/155 | www.rastriyanaveenmail.com

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

₹2.00

हर पक्ष की खबर | हर पक्ष पर नजर



पेज 12

### सेना का नकली अधिकारी बनकर की ठगी की कोशिश

# सतर्क व्यवसायी ने विफल किया साइबर धोखाधड़ी का प्रयास

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** साइबर ठगी का अनूठा प्रयास विफल हो गया, पर व्यापार जगत में इसकी जोरदार चर्चा हो रही है। लगभग 15 दिन पहले विद्युत उपकरणों का व्यापार करने वाले एक व्यवसायी से व्हाट्सएप और फोन कॉल के माध्यम से एक व्यक्ति ने संपर्क किया। उसने खुद को कुणाल चौधरी के रूप में पेश किया और भारतीय सेना में एक अधिकारी होने का दावा किया। उसके व्हाट्सएप प्रोफाइल में सेना की वर्दी में एक व्यक्ति की तस्वीर दिखाई पड़ रही थी।


व्यवसायी को थोड़ा अजीब लगा पर ग्राहकों में कोई भी हो सकता है, सोचकर उन्होंने बात की। अधिकारी बने नकली व्यक्ति ने एलटी पैनल के बारे में पूछताछ की, कीमत तय करने के बाद भारतीय हवाई अड्डा प्राधिकरण से एक नकली खरीद आदेश भेजा, जिसमें डिलीवरी का पता सशस्त्र बल अकादमी, दीपाटोली लिखा था। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि सेना शिविर के गेट पर सामान पहुंचने के बाद तुरंत भुगतान किया जाएगा। बाद में खुद को उसका वरिष्ठ बता रहे कुलदीप सिंह ने विक्रेता से भुगतान से पहले 'सत्यापन' के लिए उसके बैंक खाते में 5 रुपए की मामूली राशि जमा करने के लिए कहा। इससे विक्रेता के मन में गंभीर संदेह पैदा हुआ और उन्होंने डिलीवरी रोकने का फैसला किया। आगे की जांच और सत्यापन के बाद व्यवसायी को 7 जुलाई, 2025 को पता चला कि पूरा लेन-देन का मायाजाल, एक साइबर घोटाले का हिस्सा था। यदि वे 5 रुपए उनके बताए खाते या बार कोड में डालते तो उनका खाता खाली हो सकता था। इसके लिए फर्जी पहचान बनाई गई थी, भारतीय सेना के नाम का दुरुपयोग किया था, और विक्रेता को बिना भुगतान के सामान भेजने के लिए जालसाजी करने के लिए फर्जी दस्तावेज तैयार किए थे। विक्रेता ने तुरंत राष्ट्रीय साइबर अपराध हेल्पलाइन (1930) को घटना की सूचना दी। हालांकि, साइबर अपराध रिपोर्टिंग प्रणाली की लंबी प्रक्रिया के कारण अधिकृत साइबर अपराध अधिकारी से जुड़ने में लगभग 10 कॉल करने पड़े। व्हाट्सएप चैट, फोन नंबर और फर्जी खरीद आदेश सहित सभी प्रासंगिक सामग्रियों को सुरक्षित रखा गया है और अधिकारियों के साथ साझा किया गया है। वर्तमान में साइबर अपराध अधिकारियों द्वारा मामले की गहन जांच की जा रही है।


इधर, भुक्तभोगी व्यवसायी ने सभी आपूर्तिकर्ताओं और व्यवसायियों से अनुरोध किया है कि वे ऐसे संदिग्ध आदेशों के जाल में फंसने से बचें और सावधानी बरतें, खासकर उन आदेशों से जो सेना, सरकार या अन्य संस्थाओं के नाम का उपयोग करते हैं।

## बताए खाते में रकम डालते तो खाता खाली हो जाता




फर्जी जवान का कैंटीन कार्ड






इन्हीं नंबरों से आया था फोन

**संदिग्ध स्थितियों में फंसने पर तुरंत राष्ट्रीय साइबर अपराध हेल्पलाइन से सपर्क करें :** यदि आप भी इसी तरह के संदिग्ध स्थितियों का सामना करते हैं, तो तुरंत राष्ट्रीय साइबर अपराध हेल्पलाइन 1930 या आधिकारिक पोर्टल डब्ल्यूडब्ल्यूडब्ल्यू. साइबरक्राइम.जीओवी. इन के माध्यम से इसकी रिपोर्ट करें।

*यह महत्वपूर्ण है कि हम सतर्क रहें और संदिग्ध आदेशों में पहले हर विवरण को सत्यापित करें। मुझे उम्मीद है कि मेरे साथ घटी घटना से दूसरों को इसी तरह के जाल में फंसने से बचने में मदद मिलेगी।*
**- भुक्तभोगी व्यवसायी।**

### देश के लिए समर्पित वीर जवानों को करते हैं नमन

राष्ट्रीय नवीन मेल




**डॉ रजनी रंजन**

'ऑपरेशन सिंदूर' आतंकवादी हमले से उत्पन्न प्रतिशोध एवं दुश्मन देश को सबक सिखाने के लिए चलाया गया भारत का सैन्य अभियान है। इस ऑपरेशन का नाम 'सिंदूर' हमारी भारतीय उन महिलाओं के प्रति समर्पित है, जो पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले में अपना सुहाग खो चुकी हैं। इस हमले में, भारतीय वायुसेना ने आतंकी देश के नौ आतंकी ठिकानों को निशाना बनाया, जिससे आतंकवादियों और उनके बुनियादी ढांचे को भारी नुकसान पहुंचा। भारत ने बड़ी सूझ-बूझ के साथ भारतीय नैतिकता व मानवता का ध्यान रखकर यह अभियान चलाया है, ताकि किसी बेकसूर की जान न चली जाए। भारत का उद्देश्य आतंकवादियों और उनके ठिकानों को निशाना बनाना, जो भारत के खिलाफ आतंकवादी गतिविधियों में शामिल है, उनको नेस्तनाबूद करना है। हम अपने सैन्य अधिकारियों, जवानों एवं देश के लिए समर्पित उन सभी वीरों को नमन करते हैं, जिनके कारण भारत के नागरिक सुरक्षित और आनंदमय जीवन जी रहे हैं। भारत के हर नागरिक से अपील है कि अपने आसपास किसी घूसपैठिए, शेष पेज 11 पर

## राज्य कैबिनेट की बैठक 11 को

**रांची।** झारखंड कैबिनेट की बैठक शुक्रवार (11 जुलाई) को झारखंड मंत्रालय (प्रोजेक्ट भवन) स्थित मंत्रिपरिषद कक्ष में होगी। यह जानकारी मंत्रिमंडल सचिवालय एवं निगरानी विभाग (समन्वय) ने मंगलवार को दी। कैबिनेट की बैठक में कई महत्वपूर्ण निर्णयों पर मुहर लगाई जाएगी। बैठक की अध्यक्षता मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन करेंगे।

**व्हाट्सएप से सीधे जुड़ें**

सुझाव, शिकायत और समाचारों का स्वागत
समाचार पत्र में प्रकाशित करने के लिए सप्रमाण समाचारों का स्वागत है।
आप सुझाव या शिकायत भी भेज सकते हैं।
संपर्क/व्हाट्सएप 82925 53444 विज्ञापन देने या अखबार प्राप्त करने के लिए संपर्क
+91 82923 73444
कार्यकारी संपादक।

### झारखंड में रेडियोलॉजी सेवाओं को मिलेगा नया आयाम

# रांची सदर अस्पताल में स्थापित होगा आधुनिक रेडियोलॉजी हब

**नवीन मेल डेस्क**

**रांची।** झारखंड सरकार ने राज्य में रेडियोलॉजिस्टों की भारी कमी को देखते हुए रांची सदर अस्पताल में एक अत्याधुनिक रेडियोलॉजी हब स्थापित करने का निर्णय लिया है। इस हब के माध्यम से राज्य के सभी सदर अस्पतालों, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों (पीएचसी) और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों (सीएचसी) को डिजिटल रूप से जोड़ा जाएगा। यह जानकारी देते हुए स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग के अपर मुख्य सचिव अजय कुमार सिंह ने मंगलवार को बताया कि इस पहल का उद्देश्य दूरदराज और संसाधनविहीन क्षेत्रों में रहने वाले मरीजों को तत्काल, सटीक और डिजिटल रेडियोलॉजिकल रिपोर्टिंग की सुविधा देना है।

अजय कुमार सिंह ने कहा कि हब में कार्यरत रेडियोलॉजिस्ट एक्स-रे, सीटी स्कैन और एमआरआई की रिपोर्टों का मूल्यांकन कर संबंधित क्षेत्र और रोगियों को इमेज सहित रिपोर्ट उपलब्ध कराएंगे। स्वास्थ्य विभाग के अपर मुख्य सचिव अजय कुमार सिंह ने बताया कि यह योजना दो चरणों में कार्यान्वित की जाएगी। पहले चरण में राज्य के सभी सदर अस्पताल इस रेडियोलॉजी हब से जोड़े जाएंगे। इससे उन क्षेत्रों में जहां रेडियोलॉजिस्ट उपलब्ध नहीं हैं, वहां के मरीजों को समय पर रिपोर्ट मिल पाएगी और इलाज में देरी नहीं होगी। उन्होंने बताया कि इस परियोजना पर 1,21,27,100 रुपए का व्यय अनुमानित है, जिसे स्वीकृति मिल चुकी है। हब के माध्यम से टेक्नीशियनों को उन्नत प्रशिक्षण भी दिया जाएगा, ताकि वे एक्स-रे, एमआरआई और सीटी स्कैन जैसी तकनीकी प्रक्रियाएं बेहतर ढंग से संचालित कर सकें। यह हब 24 गुणा 7 टेलीरेडियोलॉजी रिपोर्टिंग केंद्र के रूप में काम करेगा।

## यह हब 24 गुणा 7 टेलीरेडियोलॉजी रिपोर्टिंग केंद्र के रूप में करेगा काम



### रेडियोलॉजी हब विकसित करने का मुख्य उद्देश्य

1. छोटे शहरों और ग्रामीण क्षेत्रों में रेडियोलॉजी की सुविधा सुनिश्चित करना।
2. टर्नअराउंड समय कम करके रोगियों को त्वरित निदान उपलब्ध कराना।
3. स्वास्थ्य सेवा में एआई आधारित इमेजिंग तकनीक को बढ़ावा देना।
4. शहरी और ग्रामीण क्षेत्र के बीच स्वास्थ्य सेवाओं की विषमता को कम करना।

### गंभीर बीमारियों की हो पाएगी शीघ्र पहचान

राज्य में वर्तमान में रेडियोलॉजिस्टों की भारी कमी से स्वास्थ्य प्रणाली प्रभावित हो रही है। इस नई पहल से न केवल चिकित्सा रिपोर्टिंग प्रणाली दक्ष बनेगी, बल्कि गंभीर बीमारियों की शीघ्र पहचान और उपचार संभव हो सकेगा। यह कदम झारखंड की स्वास्थ्य सेवा व्यवस्था को तकनीकी रूप से सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण प्रयास माना जा रहा है।

### बेहतर स्वास्थ्य व्यवस्था के लिए सजग हैं सीएम

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन आम लोगों के लिए बेहतर स्वास्थ्य व्यवस्था के निर्माण के लिए बेहद सजग और प्रतिबद्ध हैं। हेमंत सरकार कई स्वास्थ्य योजनाएं भी चला रही है। अबुआ स्वास्थ्य सुरक्षा योजना, आयुष्मान भारत मुख्यमंत्री जन आरोग्य योजना, सरकारी कर्मियों के लिए स्वास्थ्य बीमा योजना इनमें प्रमुख हैं। अबुआ स्वास्थ्य सुरक्षा योजना में पात्र लोगों का 15 लाख रुपए तक का इलाज मुफ्त होता है। मख्यमंत्री सोरेन स्वास्थ्य योजना और कार्यक्रमों की समय-समय पर समीक्षा भी करते हैं और इसकी

### गुमला पुलिस को बड़ी सफलता

# जेजेएमपी का एरिया कमांडर प्रवीण एक्का साथी समेत गिरफ्तार



- **हथियार, कारतूस व मोबाइल फोन बरामद, बड़ी वारदात की थी साजिश**

**नवीन मेल संवाददाता**

**गुमला ।** गुमला पुलिस ने उग्रवाद विरोधी अभियान के तहत एक बड़ी सफलता हासिल की है। डुमरी थाना क्षेत्र के तांती जंगल से प्रतिबंधित उग्रवादी संगठन झारखंड जनमुक्ति परिषद (जेजेएमपी) के एरिया कमांडर प्रवीण एक्का उर्फ अड़िया और उसके साथी छोटू नायक को हथियारों और जिंदा कारतूस के साथ गिरफ्तार किया गया है। पुलिस अधीक्षक हरीश बिन जमा को गुप्त सूचना मिली थी कि प्रवीण एक्का अपने दस्ते के साथ किसी बड़ी वारदात को अंजाम देने की फिराक में है। सूचना मिलते ही एसपी के निर्देश पर चैनपुर एसडीपीओ ललित मीणा के नेतृत्व में एक विशेष छापामारी दल गठित किया गया। छापामारी टीम ने जब तांती जंगल में घेराबंदी की, तो कुछ संदिग्ध व्यक्ति पुलिस को देखकर भागने लगे। घेराबंदी कर दो संदिग्धों को मौके से दबोचा गया। पूछताछ में उनकी पहचान प्रवीण एक्का (उम्र 28 वर्ष, ग्राम सिरसी) और छोटू नायक (उम्र 27 वर्ष, ग्राम पुटरूंगी) के रूप में हुई, दोनों डुमरी थाना क्षेत्र के निवासी हैं। गिरफ्तारी के दौरान प्रवीण एक्का के पास से एक पिस्टल, एक मैगजीन, तीन जिंदा गोली और एक मोबाइल फोन, जबकि छोटू नायक के पास से एक देसी कट्टा (सिक्सर), दो जिंदा गोली और एक मोबाइल फोन बरामद किया गया। शेष पेज 11 पर

# प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को मिलेगा एक और देश का सर्वोच्च सम्मान

**रियो डी जेनेरियो (आईएएनएस)**

अंतरराष्ट्रीय मंच पर भारत की लगातार साख बढ़ रही है। पीएम नरेंद्र मोदी की कूटनीतिक कुशलता ने देश को नई ऊंचाई पर पहुंचाया है। इसका ताजा उदाहरण घाना, त्रिनिदाद और टोबैगो के बाद अब ब्राजील में देखने को मिलेगा, जहां प्रधानमंत्री मोदी को सर्वोच्च सम्मान 'ग्रैंड कॉलर ऑफ द नेशनल ऑर्डर ऑफ द सदर्न क्रॉस' से सम्मानित किया जाएगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इस वक्त पांच देशों के विदेश दौरे पर हैं। वह इस यात्रा के चौथे पड़ाव में ब्राजील के शहर रियो डी जेनेरिया पहुंचे, जहां उन्होंने 17वें ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में शिरकत की। पीएम मोदी को ब्राजील में का सर्वोच्च सम्मान मिलेगा।



- **ब्राजील में 'ग्रैंड कॉलर ऑफ द नेशनल ऑर्डर ऑफ द सदर्न क्रॉस' से होंगे सम्मानित**

ब्राजील प्रधानमंत्री मोदी को अपना सर्वोच्च सम्मान 'ग्रैंड कॉलर ऑफ द नेशनल ऑर्डर ऑफ द सदर्न क्रॉस' से सम्मानित करेगा। इससे पहले त्रिनिदाद और टोबैगो ने प्रधानमंत्री मोदी शेष पेज 11 पर

**इंडिया**

# हिंदी विरोध तो बहाना है, मकसद खोई नेतागिरी चमकाना है



**सुनील बादल**
**कार्यकारी संपादक**

आजकल सोशल मीडिया पर समाज का हाल सबसे तेजी से फैलाया जाता है और इससे एक फील्ड टेस्टिंग हो जाती है जिसमें पश्चिमी देश विशेषतया अमेरिका माहिर रहा है और भारत सबसे पीछे । फील्ड टेस्टिंग सही तरीके से की जाए तो उसके नतीजों से भविष्य की रणनीति बनाने में बहुत मदद मिलती है । आजकल जबसे बहुराष्ट्रीय कंपनियां भारत में सक्रिय हुईं हैं तब से यह प्रयोग चलन में है और अब राजनीति में इसका खुल कर प्रयोग हो रहा है । हाल में कर्णाटक,तमिलनाडु के बाद मुंबई में हिंदी विरोध की राजनीति भी इसी फील्ड टेस्टिंग की रणनीति के तहत की जा रही है ताकि अपनी खोई हुई राजनीतिक जमीन हासिल की जा सके ।सोशल मीडिया में ही जिस तेजी से इस पुरानी राजनीतिक चाल का जवाब दिया जा रहा है उससे राजनीतिक पंडित भी सकते में हैं क्योंकि दशकों पहले आजमाए गए दांव-पेंच अब बदले हुए माहौल में वोट में बदलेंगे इसमें संदेह है । दूसरा बड़ा कारण बाला साहब ठाकरे के कट्टर हिंदू स्टैंड के बजाय कथित धर्मनिरपेक्ष विचार और पूर्व विरोधियों से गठजोड़ ने मराठा मानुष को ठाकरे के बजाय शिंदे की शिवसेना की ओर मोड दिया है । मराठी की पहचान वीरता के प्रतीक मराठा इतिहास से जुड़ा है जिस पर आज भी महाराष्ट्र को गर्व है और उस विचारधारा के साथ खुलेआम भाजपा खड़ी है न कि मनसे ।1960 के दशक में महाराष्ट्र और गुजरात के विभाजन के बाद से महाराष्ट्र में मराठी अस्मिता की राजनीति समय–समय पर उभरती रही है। फिलहाल ठाकरे बंधुओं ने केंद्र की शिक्षा नीति को निशाना बनाया है जिसमें हिंदी को तीसरी भाषा के रूप में शामिल करने का प्रस्ताव है। हालांकि उनकी रैली से पहले ही सरकार ने तीन भाषा नीति से जुड़े अपने आदेश वापस ले लिए, फिर भी रैली का आयोजन किया गया, तो इसकी वजह राजनीतिक ही है।कर्नाटक और तमिलनाडु की तर्ज पर महाराष्ट्र में भी हिंदी थोपने के आरोप के बहाने स्थानीय भाषा बोलने वालों की भावनाएं भड़काने की रणनीति नई नहीं हैं। यह एक तरह का राजनीतिक अवसरवाद है, जिसका इस्तेमाल वोटों की खातिर होता रहा है। जब राजनीतिक दलों और नेताओं का राजनीतिक अस्तित्व खतरे में हो, तो इस रणनीति से ही उम्मीद बचती है, लेकिन उद्धव ठाकरे जिस तरह से गुंडागर्दी को जायज साबित करने की कोशिश कर रहे हैं, उससे तो यही लगता है कि उन्होंने भाषा को ही राजनीतिक हथियार बना लिया है। जब वह मुंबई व महाराष्ट्र की सत्ता हथियाने की बात करते हैं, तो यह बयान उनकी मंशा को और स्पष्टता के साथ उजागर करता है। अपनी सुविधा के लिए कभी उनका कांग्रेस के साथ खड़ा होना, तो कभी हिंदुत्व के मान बिंदु बन जाना उनकी राजनीति का तरीका है, जिसका भाषा व संस्कृति से कुछ लेना-देना नहीं है। हिंदी को थोपा गया बताकर ठाकरे बंधु जिस तरह का विमर्श खड़ा कर रहे हैं, वह भ्रामक होने के साथ राष्ट्रीय एकता को भी नुकसान पहुंचा सकता है।हिंदी निस्संदेह भारत की संपर्क भाषा है, जिसे अधिसंख्य जनता समझती है। हिंदी की ऐसी स्वाभाविक स्वीकार्यता के बावजूद उसे खतरे के रूप में पेश करना तर्कसंगत नहीं दिखता। इतिहास गवाह है कि संकीर्ण क्षेत्रीयता और



भाषाई उन्माद लंबे समय तक नहीं टिकता ।महाराष्ट्र की जनता समझदार है और उसकी नजर इस पर भी होगी कि इन नेताओं को आखिर क्यों मराठवाड़ा में किसानों की दुर्दशा नहीं दिखती। जनता को चाहिए कि वह ऐसी विभाजनकारी राजनीति को नकारे, क्योंकि भाषा जोड़ने का माध्यम होना चाहिए, न कि समाज को तोड़ने का औजार। भाषाएं सभी अच्छी हैं। अपने स्वार्थ के लिए इस विषय को राजनीतिक बनाने से स्थितियां खतरनाक मोड़ ले सकती हैं। यदि इसे ठाकरे बंधु जो अभी राजनीतिक फायदे के लिए एक हुए हैं और हवा देंगे तो झारखंड के सांसद के 'बड़े बॉस हो तो बिहार,यूपी,तमिलनाडु में उर्दू,तमिल और तेलुगु भाषियों को भी पीटो' जैसे बयान और उस पर सीएम फड़णवीस का बयान कि इसे सभी पर लागू नहीं किया जा सकता सोशल मीडिया पर खूब वायरल हो रहा है। गैर-मराठी व्यापारियों के विरोध मार्च के जवाब में महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना (मनसे) रैली करने वाली थी उसे कानून व्यवस्था का हवाला देकर पुलिस ने अनुमति नहीं दी और ठाणे पुलिस ने मनसे नेता अविनाश जाधव को हिरासत में ले लिया है। पुलिस ने राज ठाकरे की अगुवाई वाली महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना (मनसे) के सात सदस्यों को मराठी न बोलने पर एक फूड स्टॉल मालिक पर हमला करने के आरोप में हिरासत में लिया था । इस मामले में व्यापारी समाज एक बड़ा विरोध प्रदर्शन करने वाला था लेकिन उससे पहले ही नेता को हिरासत में ले लिया गया । मुंबई भारत की व्यावसायिक राजधानी के साथ हिंदी फिल्म उद्योग का केंद्र है यदि आज के वैश्विक युग में जब भाषा के विरोध का कोई अर्थ नहीं, इस क्षुद्र राजनीति को नहीं रोका गया तो भारत की छवि तो खराब होगी ही दक्षिण भारतीय फिल्मों के कारण डगमगाते फिल्म उद्योग की नैया और डगमगाने लगेगी जिसे मुट्ठी भर मराठी भाषी नहीं संभाल पाएंगे

# नेतन्याहू ने ट्रंप को नोबेल शांति पुरस्कार के लिए किया नामित



- **इजरायली प्रधानमंत्री ने ट्रंप के शांति और सुरक्षा प्रयासों की सराहना की**

**वाशिंगटन (हि.स.)**

इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को नोबेल शांति पुरस्कार के लिए नामित किया है। नेतन्याहू ने सोमवार रात (अमेरिका के समयानुसार) व्हाइट हाउस में राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के साथ रात्रिभोज के अवसर पर मुलाकात की और उन्हें नोबेल शांति पुरस्कार समिति को सौंपा गया पत्र भी भेंट किया। बाद में उन्होंने व्हाइट हाउस में पत्रकारों से बातचीत के दौरान इस बात की जानकारी दी।

एबीसी न्यूज और सीबीएस न्यूज के अनुसार, पत्रकारों से बातचीत में प्रधानमंत्री नेतन्याहू ने राष्ट्रपति ट्रंप के शांति और सुरक्षा के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि ट्रंप एक के बाद एक क्षेत्र में शांति स्थापित कर रहे हैं। इसलिए उनका नाम नोबेल पुरस्कार समिति को भेजा है। ट्रंप शांति पुरस्कार के हकदार हैं। उन्हें यह सम्मान मिलना ही चाहिए। प्रधानमंत्री नेतन्याहू ने कहा कि इजरायल और हमास के बीच 60 दिन के युद्ध विराम के प्रस्तावित समझौते पर अभी काम चल रहा है। शेष पेज 11 पर

## जल-जमाव की समस्या पर रांची नगर निगम की त्वरित कार्रवाई


**रांची।** मॉनसून के दौरान अलर्ट मोड में रहते हुए रांची नगर निगम की टीम द्वारा जल-जमाव की स्थिति से निपटने के लिए आवश्यक कदम उठाएं जा रहे है। इसी कड़ी में प्रशासक ने बरियातू रोड में जल जमाव की स्थिति का संज्ञान लेते हुए टीम को उचित कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया। सहायक प्रशासक के नेतृत्व में निगम की टीम के द्वारा उक्त स्थल का निरीक्षण किया गया, जिसमें ज्ञात हुआ कि पूर्व में निगम द्वारा नाली का निर्माण किया गया था। परन्तु, उक्त भूमि के जमीन मालिक द्वारा मिट्टी भरे जाने के कारण, भूमि के पीछे के क्षेत्रों से आ रहे जल की निकासी अवरुद्ध हो गई थी, जिससे कलवर्ट होते हुए मुख्य सड़क पर जल-जमाव की स्थिति उत्पन्न हो रही थी। समस्या के समाधान के लिए निगम द्वारा तत्काल जेसीबी मशीन की सहायता से कच्चा ड्रेन तैयार कर जल निकासी की व्यवस्था सुनिश्चित की जा रही है, जिससे भविष्य में इस प्रकार की समस्या की पुनरावृत्ति न हो।

### केंद्रीय गृह मंत्री आज शाम आएंगे रांची

# शाह कल पूर्वी क्षेत्रीय परिषद की बैठक में लेंगे भाग

- बैठक में शामिल होने के लिए 30-35 अधिकारियों का दल भी आएगा

**नवीन मेल संवाददाता**



**बैठक में ये राज्य होंगे शामिल**

- झारखंड
- बिहार
- पश्चिम बंगाल
- ओडिशा

**रांची।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह बुधवार (09 जुलाई) की शाम करीब छह बजे रांची पहुंचेंगे। मंगलवार को सूत्रों से मिली जानकारी के अनसार, वे गुरुवार (10 जुलाई 2025) को आयोजित पूर्वी क्षेत्रीय परिषद की बैठक में शामिल होने के बाद उसी दिन दोपहर वापस दिल्ली चले जाएंगे। इससे संबंधित सूचना केंद्र ने राज्य सरकार को भेज दी है। बैठक में भाग लेने के लिए 30-35 अधिकारियों का दल भी रांची आएगा। जानकारी के अनुसार, ओडिशा के मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी ने 10 जुलाई को आयोजित पूर्वी क्षेत्रीय परिषद की बैठक में शामिल होने की सूचना भेजी है। बिहार से वित्त मंत्री सम्राट चौधरी और जल संसाधन मंत्री विजय चौधरी ने भी बैठक में शामिल होने से संबंधित जानकारी भेजी है। पश्चिम बंगाल से चंद्रिमा भट्टाचार्य ने बैठक में शामिल होने की सूचना दी है। वे पश्चिम बंगाल में वित्त सहित अन्य महत्वपूर्ण विभागों की मंत्री हैं। पूर्वी क्षेत्रीय परिषद की बैठक में शामिल होने वाले राज्यों झारखंड, बिहार, पश्चिमी बंगाल, ओडिशा के बीच आपसी विवाद से संबंधित विषयों पर चर्चा होगी। साथ ही, उसका हल तलाशने की कोशिश की जाएगी। इसमें पेंशन बंटवारा, नदियों और डैम के जल के बंटवारा सहित अन्य मुद्दे शामिल किए जाएंगे। राज्य और केंद्र के बीच लंबित मामलों का हल निकालने के मुद्दे पर भी चर्चा होगी। इसके अलावा, राज्य सरकार की ओर से केंद्र के पास लंबित मांगों पर भी चर्चा की जाएगी।

राज्य सरकार ने पूर्वी क्षेत्रीय परिषद की बैठक में शामिल होने वाले मंत्रियों और अधिकारियों के लिए ठहरने की व्यवस्था कर ली है। जिन मंत्रियों और अधिकारियों के आने की सूचना मिल गई है, उन्हें राजकीय अतिथि घोषित किया जा रहा है। इसे लेकर मंगलवार को वरीय अधिकारियों ने रेडिशन ब्लू होटल का सुरक्षा से संबंधित जायजा लिया।

**राज्य से सीएम सहित 15 अधिकारी होंगे शामिल**

झारखंड से मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के साथ 15 वरिष्ठ अधिकारी और मंत्री बैठक में शामिल होंगे। इनमें राजस्व मंत्री दीपक बिरुआ, वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर, मुख्य सचिव अलका तिवारी, अमिताभ कौशल, अजय कुमार सिंह, वंदना दादेल, सुनील कुमार, अनुराग गुप्ता एवं अन्य अधिकारी शामिल हैं।

ज्ञात हो कि इससे पहले पूर्वी क्षेत्रीय परिषद की बैठक 10 मई को आयोजित की गई थी। हालांकि, भारत-पाकिस्तान के बीच पैदा हुई तनावपूर्ण स्थिति की वजह से बैठक को स्थगित करते हुए बाद में आयोजित करने का फैसला किया गया था।

### अब तक राज्य भर में 440.4 मिमी हुई वर्षा

# राजधानी में 155 प्रतिशत से अधिक बारिश

- राज्य के कई जिलों में हो रही है भारी बारिश
- अगले चार-पांच दिनों तक खूब वर्षा की संभावना

**नवीन मेल संवाददाता**



**आज राज्यभर में येलो अलर्ट**

9 जुलाई 2025 को पूरे झारखंड में आंशिक रूप से बादल छाए रहेंगे। इस दौरान छिटपुट बारिश, मेघ गर्जन, वज्रपात, और तेज हवा के झोंकों की संभावना जताई गई है। इसे ध्यान में रखते हुए राज्य भर में येलो अलर्ट जारी किया गया है। तेज बारिश और वज्रपात की संभावना को देखते हुए मौसम विभाग ने आम लोगों से खुले स्थानों से बचने, सुरक्षित स्थानों पर शरण लेने और तेज हवाओं में सतर्कता बरतने की सलाह दी है।

**रांची।** झारखंड में मानसून पूरी तरह सक्रिय हो चुका है। राज्य के कई जिलों में भारी बारिश हो रही है। मौसम विभाग ने मंगलवार को सिमडेगा, सरायकेला-खरसावां, पश्चिमी सिंहभूम, पूर्वी सिंहभूम, रांची, खूंटी, रामगढ़, लातेहार, लोहरदगा और गुमला में भारी बारिश हुई। इसे लेकर मौसम विभाग ने अलर्ट भी जारी किया था। मौसम विभाग ने लोगों को सुरक्षित जगहों पर रहने और बाहर न निकलने की सलाह दी है। वहीं, अगले चार से पांच दिनों तक झारखंड में इसी प्रकार बारिश होने की मौसम विभाग ने संभावना जताई है।

1 जून 2025 से अब तक झारखंड में कुल 440.4 मिमी बारिश दर्ज की गई है, जो सामान्य वषार्पात 265 मिमी से करीब 66 मिमी अधिक है। वहीं, रांची में सामान्य से 155 प्रतिशत से अधिक वर्षा हुई है। पूर्वी सिंहभूम में सामान्य से 136 प्रतिशत अधिक और गढ़वा में सामान्य से 19 मिमी कम वर्षा हुई है।

मौसम विभाग का कहना है कि पश्चिम बंगाल में बना लो प्रेशर सिस्टम अब झारखंड की ओर बढ़ रहा है। अगले 24 से 48 घंटों तक झारखंड में भारी बारिश होने की संभावना है। विभाग के अनुसार, आने वाले 24 घंटों में तापमान में 2 डिग्री की गिरावट की संभावना है।

## पूर्णिया हत्याकांड पर सीएम व मंत्री इरफान ने जताई चिंता

**नवीन मेल संवाददाता**



- सीएम ने कहा, घटना को अंजाम देने वालों को कड़ी से कड़ी सजा मिले

**रांची।** राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने बिहार के पूर्णिया में हुए जघन्य हत्याकांड मामले पर चिंता जताई है। कैबिनेट मंत्री डॉ इरफान अंसारी ने भी इस घटना को मानवता पर कलंक बताया है। सीएम सोरेन ने बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से आग्रह किया है कि इस कृत्य को जिसने भी अंजाम दिया है, उसे कड़ी से कड़ी सजा मिलनी चाहिए। ज्ञात हो कि बिहार के पूर्णिया जिले के मुफस्सिल थाना क्षेत्र के रजीगंज पंचायत अंतर्गत टेटगमा गांव में 6 जुलाई की रात गांव के कुछ लोगों एक परिवार के पांच लोगों को डायन होने के शक में पीट-पीटकर जिंदा जला दिया गया था। इसमें घर का मुखिया, उसकी पत्नी, बेटा-बहू और उसकी वृद्ध मां की मौत हुई थी।

इधर, राज्य के स्वास्थ्य मंत्री डॉ इरफान अंसारी ने इस हृदयविदारक घटना की कड़ी निंदा करते हुए इसे मानवता पर कलंक और आदिवासी अस्मिता पर गहरा हमला करार दिया है। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा शासित बिहार में आदिवासी समाज पूरी तरह असुरक्षित हो गया है और उनके जीवन की कोई गारंटी नहीं बची है। इस घटना को उन्होंने आदिवासी समाज की सुरक्षा, सम्मान और अस्तित्व के लिए एक सीधा खतरा बताया। डॉ अंसारी ने राज्य के मुख्यमंत्री से आग्रह किया है कि झारखंड सरकार की ओर से एक उच्चस्तरीय प्रतिनिधिमंडल गठित किया जाए, जिसमें उन्हें भी शामिल किया जाए, ताकि वे मौके पर जाकर स्थिति का जायजा ले सकें और पीड़ित समुदाय की आवाज को प्रभावी रूप से उठा सकें। उन्होंने इस घटना की निष्पक्ष जांच और दोषियों को कठोरतम सजा दिलवाने के लिए बिहार और केंद्र सरकार पर दबाव बनाने की आवश्यकता जताई।

## केंद्र सरकार ने झारखंड को पूरी मदद की : प्रतुल

**रांची।** भाजपा प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने कहा कि झामुमो अपनी 6 वर्षों की सबसे असफल सरकार की विफलताओं को छुपाने के लिए केंद्र सरकार पर अनर्गल आरोप लगा रही है। उन्होंने कहा कि आंकड़े बताते हैं कि केंद्र सरकार ने झारखंड को पूरी मदद की है। केंद्र ने झारखंड को 2024-25 के केंद्रीय बजट में रेलवे परियोजनाओं के लिए 9,853 करोड़ आवंटित किए हैं। जल जीवन मिशन, प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना और डीएमएफटी योजना के तहत भी झारखंड को केंद्र से मदद मिली है। झामुमो को केंद्र पर आरोप लगाने से पहले अपनी सरकार की विफलताओं पर ध्यान देना चाहिए। वित्त मंत्री ने खुद स्वीकार किया है कि मौजूदा वित्तीय वर्ष के 3 महीने बीत जाने के बाद भी अनेक विभागों में खर्च शून्य है। प्रतुल ने कहा कि पूर्णिया की घटना अत्यंत दुखद है। बिहार सरकार ने इस मामले में त्वरित कार्रवाई की है और दोषियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी शुरू कर दी है। कहा कि झारखंड में अपराध दर बढ़ रही है, जिसमें आदिवासी बेटियां शिकार हो रही हैं।

### राज्यपाल ने बोकारो के नावाडीह में प्रतिभावान विद्यार्थियों को किया सम्मानित, कहा

# गांव और कस्बों के बच्चे भी हैं विकास के समान केंद्र

**बोले राज्यपाल**

- बिनोद बिहारी महतो शिक्षा व क्षेत्रीय अस्मिता के प्रति समर्पित नेता थे
- राज्य के विकास के लिए यहां के राज्यपाल के रूप में मैं सदैव तत्पर हूं

**नवीन मेल संवाददाता**



**समाज और राष्ट्र के प्रति उत्तरदायित्व भी है शिक्षा**

राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने कहा कि शिक्षा केवल निजी प्रगति का माध्यम नहीं, बल्कि समाज और राष्ट्र के प्रति उत्तरदायित्व का दायित्व भी है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास' का मंत्र ही आत्मनिर्भर एवं विकसित भारत की नींव है।

**रांची/बोकारो।** राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने बोकारो जिलांतर्गत बिनोद बिहारी महतो स्टेडियम, नावाडीह में मंगलवार को आयोजित 'प्रतिभा सम्मान समारोह' में प्रतिभावान विद्यार्थियों को सम्मानित किया। मौके पर उन्होंने कहा कि यह आयोजन केवल विद्यार्थियों को सम्मानित करने का नहीं, बल्कि स्व. बिनोद बिहारी महतो जी के विचारों और कार्यों को स्मरण करने का भी एक सशक्त अवसर है। उन्होंने कहा, स्व. बिनोद बिहारी महतो एक महान विचारक, समाज सुधारक और शिक्षा व क्षेत्रीय अस्मिता के प्रति समर्पित नेता थे, जिन्होंने विषम परिस्थितियों में भी शिक्षा और सामाजिक चेतना के माध्यम से समाज में परिवर्तन की अलख जगाई। राज्यपाल गंगवार ने झारखंड विधानसभा सदस्य जयराम महतो द्वारा अपने वेतन का अधिकांश भाग प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को समर्पित करने की सराहना करते हुए कहा कि आशा है कि यह कदम अन्य जनप्रतिनिधियों के लिए भी प्रेरणा का स्रोत बनेगा। उन्होंने अपने अनुभव साझा करते हुए कहा कि मुझे बरेली की जनता ने आठ बार लोकसभा में अपना प्रतिनिधि बनाकर भेजा और मैंने जनसेवा को सदैव अपने जीवन का लक्ष्य माना। आज भी जनता का स्नेह मेरे साथ है, क्योंकि मैंने सदैव जनहित को सर्वोपरि रखा। झारखंड राज्य के विकास के लिए यहां के राज्यपाल के रूप में वे सदैव तत्पर हैं। राज्य सरकार को विकास कार्यों में जब कभी भी उनकी जरूरत हो, वे जनहित में हमेशा उपलब्ध हैं। राज्यपाल संतोष गंगवार ने कहा कि ऐसे आयोजन ग्रामीण प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने के साथ-साथ समाज में सकारात्मकता का संदेश देते हैं। उन्होंने कहा कि हाल ही में वे बहरागोड़ा में आयोजित 'प्रतिभा सम्मान समारोह-2025' में गए थे और वहां उन्होंने बच्चों के साथ भोजन और संवाद किया था, जो बहुत सुखद अनुभव रहा।

राज्यपाल गंगवार ने विशेष रूप से ग्रामीण क्षेत्रों की प्रतिभाओं को सम्मानित करने की सराहना की और कहा कि अवसर केवल शहरों तक सीमित नहीं है, गांव-कस्बों के बच्चे भी विकास के समान केंद्र हैं। उन्होंने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि आप भारत का भविष्य हैं। कठिनाइयाँ आएंगी, लेकिन अगर हौसले बुलंद हों, तो कोई भी सीमा आपकी प्रतिभा को आगे बढ़ने से नहीं रोक सकती। उन्होंने बच्चों को ईमानदारी, परिश्रम, धैर्य और समर्पण के साथ आगे बढ़ने का संदेश दिया।

राज्यपाल गंगवार ने सभी सम्मानित विद्यार्थियों, उनके शिक्षकों, अभिभावकों और आयोजकों को बधाई दी। समारोह में झारखंड विधानसभा के सदस्य जयराम महतो, बोकारो के उपायुक्त अजय नाथ झा, पुलिस अधीक्षक हरविंदर सिंह, जिला प्रशासन के अधिकारी व कर्मी, समाजसेवी, शिक्षक, विद्यार्थी, अभिभावक उपस्थित थे।

## न्यूज बॉक्स

### विश्वविद्यालयों में विलंब सत्र और रिक्त पदों से राज्यपाल को अवगत कराया




**रांची।** राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार को एबीवीपी के प्रतिनिधिमंडल ने मंगलवार को उच्च शिक्षा की समस्याओं से अवगत कराया। सदस्यों ने कहा कि जिन विषयों में 5000 से ज्यादा विद्यार्थी हों, उनमें वस्तुनिष्ठ परीक्षा आयोजित करने से आरयू (रांची विश्वविद्यालय) के सत्रों को नियमित करने में मदद मिलेगी। दाखिले और पंजीयन की अंतिम तिथि सुनिश्चित कर दी जाए। और इसके बाद किसी भी सूरत में नामांकन न लिया जा सके। प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व प्रदेश मंत्री मनोज सोरेन ने किया। राज्य के विश्वविद्यालयों में लंबे समय से छात्र संघ चुनाव नहीं होने की भी जानकारी दी। शैक्षणिक सत्र देरी से शुरू होने के चलते विद्यार्थियों को हो रही परेशानी से भी अवगत कराया। कहा कि जेपीएससी की अकुशलता के चलते सभी सरकारी विवि व कॉलेजों में शिक्षकों व कर्मियों की कमी है। लगभग सभी सरकारी कॉलेज बिना नियमित प्राचार्य के चल रहे हैं। इससे कॉलेजों के सुचारू संचालन में बाधा आ रही है। विवि शिक्षकों की समय पर प्रोन्नति नहीं होने के कारण संस्थानों की शैक्षणिक और प्रशासनिक स्थिति दोनों ही बुरी तरह प्रभावित हो रही है। प्रतिनिधिमंडल ने कुलपति, प्रतिकुलपति और विवि के अन्य अधिकारियों की नियुक्ति जल्द करने व विवि और कॉलेजों में खरीद और निर्माण से संबंधित भ्रष्टाचार की शीघ्र जांच की मांग की। प्रतिनिधिमंडल ने राज्यपाल के सामने गई और मांगें रखीं।

### लापरवाही से सरेंडर हो गई कोयलांचल विवि की लैब, लाइब्रेरी की राशि : डॉ. लंबोदर



**रांची।** पूर्व विधायक डॉ. लंबोदर महतो ने राज्यपाल सह कुलाधिपति संतोष कुमार गंगवार से मिलकर बिनोद बिहारी महतो कोयलांचल विश्वविद्यालय, धनबाद द्वारा राशि वापस करने, झारखंड आंदोलन के भीष्म पितामह बिनोद बिहारी महतो द्वारा स्थापित लॉ कॉलेज, धनबाद का नामकरण उनके नाम पर करने, पूर्ण शासी का गठन करते हुए प्राचार्य की स्थायी नियुक्ति करने और बिनोद बिहारी महतो कोयलांचल विश्वविद्यालय, धनबाद में स्नातक एवं स्नातकोत्तर स्तर पर झारखंड की क्षेत्रीय तथा जनजातीय भाषा यथा कुरमाली, संथाली व खोरठा की पढ़ाई शुरू करने की ओर ध्यान आकृष्ट कराया। डॉ. लंबोदर महतो राजभवन जाकर राज्यपाल सह कुलाधिपति को इस बात से अवगत कराया कि राज्य सरकार द्वारा बिनोद बिहारी महतो कोयलांचल विश्वविद्यालय, धनबाद अंतर्गत बोकारो एवं धनबाद जिले के राजकीय डिग्री महाविद्यालय, गोमिया/ टुंडी/ जामादोबा (झरिया) को प्रति महाविद्यालय पुस्तकालय के लिए आवंटित 25-25 लाख एवं प्रयोगशाला के लिए 25- 25 लाख रुपए यानी कुल डेढ़ करोड़ रूपया वित्तीय वर्ष 24- 25 में उपलब्ध कराया गया था, किंतु विश्वविद्यालय प्रबंधन द्वारा लापरवाही बरतते हुए पुस्तकालय एवं प्रयोगशाला के लिए उपलब्ध राशि का उपयोग नहीं करके, इस राशि को वापस कर दिया गया जिसके कारण पुस्तकालय एवं प्रयोगशाला स्थापित नहीं हो पाया है। राज्यपाल सह कुलाधिपति से मिलने वालों में राहुल कुमार, अमरदीप महाराज, चंद्रशेखर नायक, शशि शेखर व मनोज कपरदार शामिल थे।

### हफीजुल हसन से मिले मुख्यमंत्री और कल्पना सोरेन, जाना हालचाल



**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और विधायक कल्पना सोरेन मंगलवार को मेदांता हॉस्पिटल, गुड़गांव में इलाजरत राज्य के अल्पसंख्यक कल्याण एवं जल संसाधन मंत्री हफीजुल हसन से मुलाकात कर उनका कुशल क्षेम जाना। मुख्यमंत्री ने उनके शीघ्र स्वास्थ्य होने की कामना की। विदित हो कि सफल हार्ट सर्जरी होने के उपरांत हफीजुल हसन यहां चिकित्सकों की निगरानी में स्वास्थ्य लाभ ले रहे हैं।

### आंगनबाड़ी सहायिका और सेविकाएं आज करेंगी प्रदर्शन

**रांची।** झारखंड प्रदेश आंगनबाड़ी वर्कर्स यूनियन ने आगामी बुधवार (09 जुलाई) को प्रदेश भर के सभी प्रखंड और जिला मुख्यालयों पर धरना प्रदर्शन करने की घोषणा की है। यह जानकारी यूनियन के प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष बालमुकुंद सिन्हा ने मंगलवार को प्रेस विज्ञप्ति जारी कर दी। ालमुकुंद सिन्हा ने बताया कि आंगनबाड़ी सेविका-सहायिकाओं के धरना प्रदर्शन को लेकर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के नाम भी एक ज्ञापन मुख्यमंत्री सचिवालय को सौंपा गया है। सिन्हा ने कहा कि केंद्र सरकार की मौजूदा नीतियों के कारण श्रमिकों के अधिकारों का हनन हो रहा है। आंगनबाड़ी कर्मियों के समक्ष कई नई समस्याएं खड़ी हो गई हैं। ऐसे में यूनियन ने आह्वान किया है कि सभी सेविका-सहायिकाएं इस आंदोलन में भाग लेकर इन नीतियों का विरोध करेंगी।

## राहुल से कांग्रेस के विधायक व मंत्री 14 को करेंगे मुलाकात

- पार्टी की रांची में हुई बैठक में कई बिंदुओं पर चर्चा

**नवीन मेल संवाददाता**



**रांची।** प्रदेश कांग्रेस भवन में मंगलवार को प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष केशव महतो कमलेश की अध्यक्षता रांची जिले से आने वाले कार्यकारी अध्यक्ष महासचिवों की बैठक में हुई। बैठक के बाद जानकारी देते हुए केशव कुमार कमलेश ने कहा कि आज की बैठक का उद्देश्य प्रदेश स्तर पर संगठन को व्यवस्थित करने और रखने के लिए आपसी समन्वय बनाने को लेकर था। बैठक में निर्णय लिया गया कि संगठन में निचले स्तर तक समन्वय रखने, उनसे मिली सूचनाओं को साझा करने, समय समय पर विभिन्न वैधानिक निकायों की बैठकों में जाने, सरकार तथा अन्य स्रोतों से सूचनाओं मिलने, पत्राचार करने सहित अनेक कार्य होते हैं, सभी कार्यों को व्यवस्थित करने के लिए पांच सेक्शन का गठन किया जाएगा। एआईसीसी से पत्राचार करने, विधायक मंत्रियों से पत्राचार और संवाद के लिए एक सेक्शन, संगठन सृजन के तहत चल रहे कार्यक्रमों के लिए प्रदेश से लेकर प्रखंड स्तर तक के लिए एक सेक्शन, 20 सूत्री बोर्ड निगम सहित जितनी कमिटियां बनी हैं, उसका डाटा और कांग्रेसजनों के डाटा के लिए एक सेक्शन, ग्रामीण नगर निकाय के चुनाव के लिए एक सेक्शन बनाया जाएगा, ताकि सभी से संबंधित डाटा का संधारण तरीके से किया जा सके। ऐसे पदाधिकारी को जिम्मेदारी दी जाएगी, जो संगठन में और कार्यालय में समय दे सकते हैं। केशव महतो कमलेश ने कहा कि 10 जुलाई 2025 को प्रदेश प्रभारी के. राजू की उपस्थिति में कांग्रेस विधायकों और पॉलीटिकल अफेयर्स कमेटी की बैठक होगी।

विधायकों की बैठक में विभिन्न एजेंडों पर चर्चा की जाएगी और चर्चा के बाद उभरी राय को पॉलिटिकल अफेयर्स कमेटी के समक्ष रखा जाएगा। इसके बाद आगामी 14 जुलाई 2025 को नेता राहुल गांधी से सभी विधायक और मंत्रीगण मुलाकात कर संगठन के कार्यों, कार्यक्रमों तथा झारखंड में कांग्रेस मंत्रियों द्वारा किए जा रहे कार्यों, झारखंड सरकार के आगामी कार्यक्रमों पर विस्तार से चर्चा करेंगे और आवश्यकता अनुसार निर्देश प्राप्त करेंगे। बैठक में कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की, विधायक सुरेश बैठा, मीडिया प्रभारी राकेश सिन्हा, सतीश पॉल मुजनी, संजय पांडे, अमूल्य नीरज खलको, सुरेंद्र सिंह, विनय सिन्हा दीपू, राजेश गुप्ता छोटू, सूर्यकांत शुक्ला, सोनाल शांति उपस्थित थे।

## झारखंड में ठप पड़ गई है प्रशासनिक व्यवस्था : मरांडी

- कहा, सिर्फ सोशल मीडिया पर की जा रही खानापूर्ति

**नवीन मेल संवाददाता**



**रांची।** भाजपा व नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल ने सूबे की प्रशासनिक व्यवस्था पर सवाल खड़े किए हैं। उन्होंने कहा कि अधिकारियों की ओर से सरकारी कार्यालयों में सारा कामकाज ठप कर सिर्फ सोशल मीडिया पर खानापूर्ति की जा रही है। नेता प्रतिपक्ष ने मंगलवार को सोशल मीडिया 'एक्स' पर लिखा, राज्य में बीते कुछ दिनों से प्रशासनिक व्यवस्था ठप पड़ गई है। सीएम की अनुपस्थिति में अधिकारियों की ओर से सरकारी कार्यालयों में सारा कामकाज ठप कर सिर्फ सोशल मीडिया पर खानापूर्ति की जा रही है। खूंटी जिले के सिमडेगा-कोलेबिरा मार्ग पर पोलोल पुल भारी बारिश की वजह से ध्वस्त हो गया, जिससे आवागमन पूर्णतः बाधित हो चुका है। दो सप्ताह से अधिक समय बीतने के बावजूद जिला प्रशासन वैकल्पिक आवागमन या डायवर्जन की व्यवस्था नहीं कर पाई। इस रास्ते स्कूल आने जाने वाले बच्चों को सीढ़ी लगाकर करीब 25 फुट ऊपर पुल की चढ़ाई कर विद्यालय जाना पड़ रहा है। मरांडी ने सीएम से कहा कि यदि आम जनता की परेशानियों का निदान करने के लिए भी जिला प्रशासन को आपके ट्विटर संदेश का इंतजार करना पड़ रहा है, तो सारे कार्यालयों को बंद कर देना ही उचित होगा।

**कार्यक्रम** सीयूजे में उन्नत सर्वेक्षण व भू-स्थानिक तकनीकों पर राष्ट्रीय कार्यशाला शुरू, बोले डॉ डालचंद

# आज की आवश्यकता है दक्ष तकनीकी मानव संसाधन का निर्माण

- विशेषज्ञों ने राष्ट्र निर्माण में आधुनिक सर्वेक्षण तकनीकों की निर्णायक भूमिका को किया रेखांकित

**नवीन मेल संवाददाता**

**यह कार्यक्रम तकनीकी दक्षता को बढ़ावा देने में मील का पत्थर बनेगा : कुलपति**



झारखंड केंद्रीय विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो क्षिति भूषण दास ने कार्यक्रम की सफलता के लिए अपनी शुभकामनाएं प्रेषित करते हुए कहा कि यह कार्यक्रम युवाओं के लिए नवाचार, शोध और तकनीकी दक्षता को बढ़ावा देने में मील का पत्थर सिद्ध होगा।

**रांची।** झारखंड केंद्रीय विवि (सीयूजे) के जियोइंफॉर्मेटिक्स विभाग ने मंगलवार को 'रेसिस्टिविटी मीटर, लाइडार, ड्रोन एवं जियोप्रॉसेसिंग टूल्स के माध्यम से उन्नत सर्वेक्षण' विषय पर एक सप्ताह का राष्ट्रीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन किया। यह कार्यक्रम इंडियन सोसाइटी ऑफ जियोमैटिक्स, रांची चैप्टर एवं विज्ञान भारती, झारखंड के सहयोग से संयुक्त रूप से आयोजित किया जा रहा है। इसका उद्देश्य प्रतिभागियों को आधुनिक भू-स्थानिक तकनीकों की व्यावहारिक दक्षता प्रदान कर राष्ट्रीय विकास में तकनीकी योगदान हेतु तैयार करना है। मुख्य अतिथि डॉ डालचंद झारिया, पूर्व-प्रमुख, भूविज्ञान विभाग, एनआईटी रायपुर ने अपने उद्बोधन में फील्ड आधारित भू-स्थानिक प्रशिक्षण की अनिवार्यता पर बल देते हुए कहा कि पर्यावरणीय, भूवैज्ञानिक एवं विकासात्मक चुनौतियों के समाधान के लिए दक्ष तकनीकी मानव संसाधन का निर्माण आज की आवश्यकता है। अध्यक्षीय उद्बोधन में प्रो मनोज कुमार, डीन, स्कूल ऑफ नेचुरल रिसोर्स मैनेजमेंट, सीयूजे ने कहा कि आज कृषि, शहरी विकास, प्राकृतिक संसाधन प्रबंधन तथा आपदा प्रबंधन जैसे विविध क्षेत्रों में भू-स्थानिक उपकरणों की महत्त्वपूर्ण भूमिका है। उन्होंने विद्यार्थियों व पेशेवरों से इन तकनीकों को आत्मसात कर नवाचार व डाटा-आधारित नीति निर्माण को गति देने का आह्वान किया। आईएसजी रांची चैप्टर के वरिष्ठ प्रतिनिधि प्रो एसी पांडेय ने इंडियन सोसाइटी ऑफ जियोमैटिक्स की गतिविधियों, उद्देश्यों एवं भू-स्थानिक विज्ञान के क्षेत्र में इसके बहुआयामी योगदान की जानकारी दी। विज्ञान भारती के आयोजन सचिव डॉ चंद्रशेखर द्विवेदी ने विज्ञान जागरूकता, स्वदेशी नवाचार और तकनीकी जागरूकता को जन-जन तक पहुंचाने के लिए संस्था द्वारा किए जा रहे कार्यों पर प्रकाश डाला। उन्होंने भू-स्थानिक तकनीकी प्रशिक्षण कार्यक्रम में सीयूजे के साथ हुई भागीदारी को सराहनीय बताया। कार्यक्रम संयोजक डॉ बीआर परिदा ने प्रशिक्षण कार्यक्रम की रूपरेखा साझा करते हुए बताया कि इसमें कक्षा शिक्षण के साथ-साथ रेसिस्टिविटी मीटर, लाइडार एवं ड्रोन जैसी अत्याधुनिक तकनीकों का फील्ड डेमो व जियोप्रोसेसिंग (पाइथन प्रोग्रामिंग) अभ्यास भी शामिल है।

## एनएच 75 स्थित पंचशील नगर की जांच कहां तक...

# अंचल की रिपोर्ट के आधार पर होगी कारवाई

**मनोज मिश्रा**

**रांची।** एनएच 75 में स्थित पंचशील नगर चौक बरसात के दिनों में जल जमाव से जाम हो जाता है। वाहनों की लंबी कतारें इस राष्ट्रीय राजमार्ग में बरसात के दिनों में प्रायः रोज देखने को मिलती हैं। ऐसे में राजधानी इलाज के लिए आने वाले मरीजों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है एंबुलेंस जल जमाव में फंस जाते है। लोगों के जान माल के नुकसान की परवाह प्रशासन को नहीं होती तभी तो हर साल एक ही कहानी बार-बार दोहराए जाते हैं। 2024 के बरसात के मौसम में राधा नगर, शांति नगर, पंचशील नगर, शाहदेव नगर में रहने वालों के घरों में पानी घुस रहा था, भारी हंगामे के बीच नगर प्रशासक संदीप सिंह आए तत्कालिक कुछ समाधान हुए लेकिन 2025 में फिर वही जल जमाव की समस्या बन गई। अब सवाल उठता है कि और कितने साल जल जमाव होते रहेंगे या इस बार कुछ ठोस निर्णय लिए जाएंगे।



## इस बार जांच, कारवाई या फिर अगले साल जाम

### क्या है मामला

एनएच 75 में स्थित पंचशील नगर चौक में प्रशासन की मिली भगत से प्रशासन के बाबू और कुछ लोगों ने नाले की जमीन का अतिक्रमण कर उस पर पक्के दुकान मकान बना दिए हैं। अब बरसात के दिनों में बाढ़ आता है तो अतिक्रमण नाले जमीन पर बने घरों के कारण पानी आगे नहीं निकल पाता और इसके पीछे बने राधा नगर शांति नगर को पानी डुबो डूबा देती है। वही पानी की निकास दूसरे तरफ से किया जाता है। वहीं पंचशील नगर चौक के दूसरे साइड में नाले की जमीन पर घर बना दिए गए हैं जिस कारण नाले के पास 62 फीट की चौड़ाई की बनहोरा नदी पंचशील नगर में जाकर दो फीट की हो जाता है। अब तक इस नाली में चार लोगों के बहने से मौत भी हो चुकी है।

राष्ट्रीय नवीन दैनिक समाचार पत्र ने लगातार नेशनल हाईवे में जलजमाव और राधा नगर, शांति नगर , पंचशील नगर और शाहदेव नगर में लोगों के घरों में पानी के घुसने की घटना को प्रमुखता से लगातार 15 एपिसोड छापा था। सूत्रों के अनुसार छापे प्रत्येक खबर का असर हुआ और तब जाकर प्रशासन की टीम और उसमें रात में करीब 11:00 बजे उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री ने पंचशील नगर कर दौरा कर नदी नाले के अतिक्रमण मुक्त करने का आश्वासन दिया था। इसके बाद से जनता की उम्मीद बंधी है और यह देखना चाहती है कि नदी नाले के अतिक्रमण पर बने घरों पर प्रशासन किस प्रकार की कार्रवाई करती है। यह कारवाई या तो नदी नाले के अतिक्रमण की कड़ी को तोड़ेगा या फाइल बंद होने पर जितना अतिक्रमण हो रहा है उसे पंख मिलेंगे।



राष्ट्रीय नवीन मेल दैनिक समाचार पत्र के संवाददाता ने नगर प्रशासक सुशांत गौरव से पंचशील नगर के कारवाई पर सवाल पूछे तो उन्होंने कहा कि इनिशिएटिव एक्शन लेना सीओ और एसडीओ के कार्य क्षेत्र में हैं क्योंकि मामला रेवेन्यू का बनता है। नगर प्रशासन की टीम से मदद मांगी जाएगी तो हम लोग पूरा सहयोग करेंगे।

---

## दूसरों की रक्षा करने वाले पुलिस कर्मी ही सुरक्षित नहीं

# राजधानी रांची में दूसरी बार पीसीआर वैन पर हुआ हमला

### हमलावर काले स्कॉर्पियो का अब तक पता नहीं

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** राजधानी रांची में अब पुलिस भी सेफ नहीं रही। आए दिन पुलिस पर हमला हो रहा है। ताजा मामला रांची के जगन्नाथपुर थाना क्षेत्र का है, जहां सोमवार देर रात गश्त के दौरान पुलिस टीम पर जानलेवा हमला किया गया। हालांकि इस हमले में कोई पुलिस कर्मी घायल नहीं हुए। सूत्रों का कहना है यह घटना चार जुलाई की है। वहीं, मामले पर बाते उठ रही हैं कि जिस वक्त पुलिस टीम पर जानलेवा हमला हुआ उस वक्त पुलिस कर्मियों ने बन्दूक क्यों नहीं चलाई। कम से कम काले स्कार्पियो के टायर पर बन्दूक चला कर उन्हें रोका जा सकता था। पूरे मुद्दे पर आला अधिकारियों से बात करने की कोशिश की गई लेकिन उनकी व्यवस्तता के कारण संपर्क नहीं हो पाया।

सूत्रों के अनुसार चार जुलाई की रात करीब 12:30 बजे पुराने विधानसभा मैदान में एक काले रंग की स्कॉर्पियो तेज रफ्तार से जा रही थी। चालक अभद्र भाषा का भी प्रयोग कर रहा था। गश्ती दल जब मौके पर पहुंचा और वाहन को रोका तो कार से चार युवक उतरे। पुलिस ने जब उनसे पूछताछ तो सभी युवक उग्र हो गए। उन्होंने पुलिसकर्मियों के साथ गाली-गलौज और धक्का-मुक्की शुरू कर दी। पुलिस सूत्रों के अनुसार स्थिति बिगड़ते देख एएसआई अनिल कुमार राम ने पीसीआर-14 को कॉल किया। पीसीआर-14 के पहुंचते ही एक युवक ने एएसआई अनिल कुमार को धक्का देकर गिरा दिया। इसके बाद वह कार में बैठकर पुलिस बल पर गाड़ी चढ़ाने का प्रयास करने लगा। पुलिसकर्मी किसी तरह हटे और भाग निकले। इसके बाद कार चालक ने गश्ती वाहन को जोरदार टक्कर मार दी। इससे वाहन क्षतिग्रस्त हो गई। इसी दौरान पीसीआर-14 ने जब उन्हें घेरने का प्रयास किया तो कार चालक ने सामने से उन्हें टक्कर मार दी। पीसीआर-14 भी बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। इसके बाद आरोपी कार लेकर फरार हो गया। पुलिस ने उसका पीछा किया लेकिन वह भाग निकला। इस घटना के दौरान पुलिस कर्मियों के दो मोबाइल भी गिर गए। पुलिस मामला दर्ज कर जांच कर रही है।



### पहले भी प्रकाश में आए थे पीसीआर वैन और पुलिस के ऊपर हमलों के मामले

उल्लेखनीय है कि कुछ दिन पहले रांची में पेट्रोलिंग पार्टी के साथ ऐसी ही घटना घटी थी। चुटिया इलाके में जब पुलिस ने अवैध बालू लदे ट्रक को पकड़ा तो कुछ लोगों ने दबंगई दिखाते हुए पेट्रोलिंग गाड़ी को रोक लिया और पुलिस कर्मियों के साथ बदसलूकी करते हुए बालू लदे ट्रक को छुड़ा लिया। एसएसपी से शिकायत करने के बाद भी आज तक कोई कार्रवाई नहीं हुई। फिर से रांची पुलिस के साथ एक और घटना घटी है। चुटिया थाना का एक अन्य मामला भी है जिसमे चुटिया थाना प्रभारी के साथ कुछ शिकायतकर्ताओं ने हाथा पाई की थी। मामले में किसी विवाद को लेकर थाना प्रभारी शिकायत सुन ही रहे थे की मौजूद दोनों पक्षों में से एक पक्ष ने अभद्रता के साथ हाथा पाई भी की थी जिस पर एसएसपी दर्ज किया गया।

---

# झारखंड प्रांतीय मारवाड़ी सम्मेलन प्रांतीय कार्यकारिणी की हुई घोषणा


विनोद कुमार जैन


सुरेश चंद्र अग्रवाल


मनोज कुमार चौधरी


संजय सर्राफ

- **महामंत्री विनोद कुमार जैन, कोषाध्यक्ष मनोज कुमार चौधरी एवं संयुक्त महामंत्री सह प्रवक्ता संजय सर्राफ बने**

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** झारखंड प्रांतीय मारवाड़ी सम्मेलन का नवम प्रांतीय अधिवेशन मे नवनिर्वाचित प्रांतीय अध्यक्ष सुरेश चंद्र अग्रवाल ने झारखंड प्रांतीय मारवाड़ी सम्मेलन के प्रांतीय समिति सत्र -2025- 27 के लिए समिति की घोषणा की जो इस प्रकार है-

- **संरक्षक** -नंदलाल रूंगटा, गोवर्धन प्रसाद गाड़ोदिया, राजकुमार केडिया, विनय सरावगी, गोविंद प्रसाद डालमिया, भागचंद पोद्दार, निर्मल काबरा, ओम प्रकाश अग्रवाल एवं बसंत मित्तल
- **अध्यक्ष**- सुरेश चंद्र अग्रवाल
- **उपाध्यक्ष**- ललित कुमार पोद्दार,पवन पोद्दार,नंदकिशोर अग्रवाल, सुमेर सेठी, राजेंद्र केडिया, राजेश रिटोलिया एवं प्रमोद छावछरिया
- **प्रांतीय महामंत्री**-विनोद कुमार जैन,
- **संगठन महामंत्री**- सुरेश सोंथालिया,
- **कोषाध्यक्ष** - मनोज कुमार चौधरी,
- **संयुक्त महामंत्री**- कौशल राजगढ़िया, कन्हैयालाल कन्नू अग्रवाल, अनिल कुमार अग्रवाल, प्रमोद सारस्वत,संजय सर्राफ, विमल अग्रवाल एवं भोला चौधरी
- **मंडलीय उपाध्यक्षों में**- सुभाष पटवारी रांची प्रमंडल, कृष्णा अग्रवाल धनबाद प्रमंडल, रामरतन महर्षि हजारीबाग प्रमंडल, रमेश खिरवाल कोल्हान प्रमंडल, प्रीतम गाडिया संथाल परगना प्रमंडल, एवं कृष्ण कुमार सर्राफ पलामू प्रमंडल, को शामिल किया गया है।
- **प्रमंडलीय मंत्री में** - पवन जैन रांची प्रमंडल, मनोज कुमार चौधरी कोल्हान प्रमंडल, अशोक केडिया धनबाद प्रमंडल, धीरज जैन हजारीबाग प्रमंडल, प्रभा देवी मोदी संथाल परगना प्रमंडल एवं अशोक सांवरिया पलामू प्रमंडल को शामिल किया गया है। प्रांतीय प्रवक्ता सह मीडिया प्रभारी संजय सर्राफ होंगे।
- **प्रांतीय कमेटी में**- कार्यकारिणी सदस्यों में 64 सदस्यों को रखा गया है। तथा परामर्शदात्री समिति में 53 सदस्य होंगे।

### विभिन्न प्रांतीय विभागीय मंत्री की भी घोषणा की गई

प्रांतीय अध्यक्ष सुरेश चंद्र अग्रवाल ने सभी प्रांतीय कार्य समिति सदस्यों का अभिनंदन करते हुए विश्वास व्यक्त किया कि नई कमेटी नई ऊर्जा, उत्साह एवं अपने-अपने कार्य शैलियों से संगठन को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने का कार्य करेंगे।

---

## अग्रवाल सभा का सावन महोत्सव मेला नौ से

**रांची।** अग्रवाल सभा रांची की महिला समिति आगामी नौ जुलाई से 11 जुलाई तक भव्य सावन महोत्सव का आयोजन करेगी। अग्रवाल सभा के संजय कुमार ने मंगलवार को बताया कि यह आयोजन महाराजा अग्रसेन भवन में किया जाएगा। कार्यक्रम में सांस्कृतिक प्रस्तुतियां, मनोरंजक प्रतियोगिताएं और उपहार वितरण भी किया जाएगा।

- कार्यक्रम में सांस्कृतिक प्रस्तुतियां, मनोरंजक प्रतियोगिताएं और उपहार वितरण भी किया जाएगा।

अग्रवाल सभा के संजय कुमार ने बताया कि महोत्सव के अंतर्गत सावन के रंग और रक्षाबंधन पर्व को ध्यान में रखते हुए विभिन्न प्रकार के स्टॉल लगाए जाएंगे। इन स्टॉलों में राखी, परिधान, आभूषण, सजावटी वस्तुएं, फूड स्टॉल सहित कई आकर्षण शामिल होंगे। आयोजन का उद्देश्य महिलाओं को सांस्कृतिक और पारंपरिक माहौल में जोड़ना है। साथ ही, स्थानीय कारीगरों और उद्यमियों को मंच प्रदान करना है।

---

## हर मंगलवार को जनता दरबार होगा आयोजित

# जनता की समस्याओं का समाधान सर्वोच्च प्राथमिकता : उपायुक्त



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** रांची जिला प्रशासन द्वारा आम जनता की समस्याओं के त्वरित और प्रभावी समाधान के लिए उपायुक्त मंजूनाथ भजन्त्री के निर्देशानुसार प्रत्येक मंगलवार को जिले के सभी प्रखंडो एवं अंचलों में जनता दरबार का आयोजन किया जा रहा है। इस पहल का उद्देश्य जनता की शिकायतों को सुनना, उनकी समस्याओं को समझना और यथासंभव तत्काल निष्पादन सुनिश्चित करना है।

मंगलवार को सभी प्रखंड एवं अंचल कार्यालयों में संबंधित प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं अंचल अधिकारियों ने जनता दरबार में लोगों की समस्याओं को गंभीरतापूर्वक सुना और कई मामलों का मौके पर ही समाधान किया।

**जनता दरबार में कई समस्याओं का त्वरित निष्पादन :** जनता दरबार के दौरान विभिन्न प्रखंड कार्यालयों एवं अंचल कार्यालयों में लोगों ने अपनी समस्याएं अंचल अधिकारियों के समक्ष रखीं। जिसमें प्रमुख रूप से भूमि संबंधी मामले, भूमि बंटवारा, अतिक्रमण, दाखिल-खारिज, भूमि निबंधन, और जमीन मापी से संबंधित शिकायतें एवं अन्य शिकायत आई। उपायुक्त के स्पष्ट निर्देशों के अनुरूप सभी प्रखंड एवं अंचल अधिकारियों ने इन समस्याओं को गंभीरता से लिया। कई फरियादियों की शिकायतों का ऑन-द-स्पॉट निष्पादन किया गया, जबकि शेष मामलों को शीघ्र कार्रवाई के लिए संबंधित विभागों को अग्रसारित किया गया। इस दौरान प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं अंचल अधिकारियों ने लोगों को आश्वासन दिया कि उनकी समस्याओं का समाधान प्राथमिकता के आधार पर किया जाएगा।

---

## 10 और 12 जुलाई को विश्वस्तरीय सम्मलेन बीआइटी मेसरा में होगा

**रांची।** डिपार्टमेन्ट ऑफ फार्मास्युटिकल साइंसेज़ एण्ड टेक्नोलॉजी, सेंटर फॉर फूड इंजीनियरिंग एण्ड टेक्नोलॉजी और डिपार्टमेन्ट ऑफ केमिकल इंजीनियरिंग, बिरला इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी, मेसरा के अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में देश-विदेश से 400-500 प्रतिभागी हिस्सा लेंगे। इनमें अकादमिकज्ञ, शोधकर्ता, उद्योग जगत के लीडर्स, उद्यमी, नीति निर्माता और छात्र शामिल होंगे। सम्मेलन का विषय होगा- 'सस्टेनेबल प्रोसेसिंग टेक्नोलॉजीज़ फॉर फूड सिक्योरिटी, पब्लिक हेल्थ एण्ड न्यूट्रिशन थ्रू एकेडमिया-इंडस्ट्री कोलाबोरेशन' जो अकादमिक-उद्योग जगत के बीच साझेदारियों को बढ़ावा देगा।10 और 12 जुलाई को विश्वस्तरीय विशेषज्ञों की ओर से व्याख्यान, टेकनिकल पेपर प्रेज़ेन्टेशन, पैनल चर्चाएं, पोस्टर सत्र, फ्लैश चर्चाएं, क्विज़ प्रतियोगिताएं और ओद्यौगिक प्रदर्शनी कार्यक्रम का आकर्षण केन्द्र होंगी, जहां फूड बायोटेक्नोलॉजी एवं सस्टेनेबल फूड प्रोसेसिंग में आधुनिक इनोवेशन्स और समाधानों का प्रदर्शन किया जाएगा।

---

# रांची नगर निगम आज से विभिन्न जगहों पर लगाएगा विशेष शिविर

- **21 जुलाई तक होगा शिविर का आयोजन**

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** रांची नगर निगम की राजस्व शाखा की टीम ने निगम क्षेत्र के अंतर्गत लगातार होल्डिंग व ट्रेड लाइसेंस की जांच के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। आम नागरिकों की सुविधा को देखते हुए प्रशासक, रांची नगर निगम के आदेशानुसार निगम द्वारा विभिन्न व्यावसायिक क्षेत्रों में विशेष शिविर का आयोजन किया जाएगा।

रांची नगर निगम की जारी विज्ञप्ति के अनुसार, 09 जुलाई 2025 से लेकर 21 जुलाई 2025 तक प्रतिदिन शिविर लगाकर भवन मालिकों, व्यावसायिक प्रतिष्ठानों व सभी घृतिधारकों से कर संग्रहण व नए आवेदन प्राप्त करने का कार्य किया जाएगा। इस शिविर में निगम के पदाधिकारी कर-संग्रहकर्ता कर संग्रहण के लिए कार्यरत एजेंसी मेसर्स श्री पब्लिकेशन एज स्टेशनर्स के कर संग्रहकर्ता पीएमयू की टीम उपस्थित रहेगी। नगर निगम के अनुसार, बकाया राशि भुगतान नहीं करने, नियमानुसार प्रॉपर्टी का री-असेसमेंट नहीं करवाने या व्यवसाय के लिए ट्रेड लाइसेंस नहीं प्राप्त करने की स्थिति में झारखंड नगरपालिका अधिनियम 2011 के निहित प्रावधानों के तहत कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

### विशेष शिविर में ये कार्य किए जाएंगे

1. नए घृतिकर के लिए आवेदन।
2. होल्डिंग टैक्स का ऑन-स्पॉट भुगतान।
3. होल्डिंग के सेल्फ असेसमेंट/ रीअसेसमेंट एवं म्यूटेशन के लिए आवेदन।
4. घृतिकर के उपभोग की प्रकृति को रेसिडेंशियल से कॉमर्शियल करने के लिए आवेदन।
5. नए टेक लाइसेंस की अनुज्ञप्ति के लिए आवेदन।
6. ट्रेड लाइसेंस की नवीकरण के लिए आवेदन।
7. जल कर का भुगतान।
8. इसके अलावा होल्डिग एवं ट्रेड लाइसेंस के लिए वंचित दस्तावेजों की जानकारी के साथ-साथ निगम की अन्य प्रदत्त सेवाओं की जानकारी भी दी जाएगी।

### यहां होगा विशेष शिविर का आयोजन

| शिविर की तिथि | वार्ड | कार्यक्रम का स्थान |
|---|---|---|
| 09.07.2025 | 15 | जीईएल चर्च कॉम्प्लेक्स, मेन रोड |
| 10.07.2025 | 19 | हरिओम टावर, सर्कुलर रोड, लालपुर |
| 11.07.2025 | 21 | न्यूक्लियस मॉल, लालपुर |
| 12.07.2025 | 10 | अमरावती कांप्लेक्स, लालपुर |
| 14.07.2025 | 27 | सैनिक मार्केट, मेन रोड |
| 15.07.2025 | 1 | मारू टावर, कांके रोड |
| 16.07.2025 | 46 | नीलम कांप्लेक्स, डोरंडा |
| 17.07 2025 | 30 | मॉल ऑफ रांची |
| 18.07.2025 | 36 | गैलेक्सिया मॉल, रांची |
| 19.07.2025 | 54 | सिंह मोड़, लटमा रोड |
| 21.07 2025 | 35 | पंडरा बाजार समिति |

---

## बगैर ट्रेड लाइसेंस संचालित हो रही 14 दुकानों को नगर निगम ने दिया नोटिस

**रांची।** रांची नगर निगम ने अपर बाजार और बूटी मोड़ क्षेत्रों में बगैर ट्रेड लाइसेंस संचालित हो रहे कई व्यावसायिक दुकानों के विरुद्ध मंगलवार को छापेमारी जांच अभियान चलाया। अभियान का नेतृत्व निगम के सहायक प्रशासक चंद्रदीप कुमार ने की। उन्होंने कहा कि नगर निगम का यह विशेष अभियान आगे भी शहर के अन्य हिस्सों में जारी रहेगा। मौके पर अपर बाजार स्थित पांच प्रतिष्ठानों विशाल टायर, राजस्थान मोटर, शेट्टी टायर, मूलचंद जैन एंड संस और विजय टायरकी जांच की गई। बूटी मोड़ क्षेत्र में कुल 14 प्रतिष्ठानों अभय मेडिकल, शंकर नर्सरी, अन्नू इलेक्ट्रिकल, ऑटो सैलून, अश्विन अमृत तुलवा, विशाल फोम हाउस, रामा होटल, सोना स्वीट्स, एस एस प्रोफेशनल्स, माहेश्वरी स्वीट्स, प्रेमा हॉस्पिटल, बाबा कैफे, सिमरन स्टेशनरी और दवाई दोस्त का निरीक्षण किया गया। रांची नगर निगम ने इन सभी प्रतिष्ठानों के संचालकों को नोटिस जारी करते हुए आगामी तीन दिनों के भीतर ट्रेड लाइसेंस बनवाने का निर्देश दिया है।




### रांची स्टेशन से दो बच्चे पहुंचाए गए चाइल्डलाइन

# आरपीएफ ने प्लेटफॉर्म संख्या-2 पर उन्हें संदिग्ध अवस्था में घूमते हुए पाया था

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ), रांची के कमांडेंट पवन कुमार के आदेशानुसार सोमवार को रांची रेलवे स्टेशन पर मानव तस्करी के विरुद्ध एक विशेष अभियान चलाया गया। इस अभियान के तहत आरपीएफ की एएचटीयू (एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग यूनिट) टीम द्वारा प्लेटफॉर्म संख्या-2 पर चेकिंग के दौरान दो नाबालिग बालकों को संदिग्ध अवस्था में घूमते हुए पाया गया। पूछताछ के दौरान उन्होंने अपनी पहचान दी। इसमें एक चुटिया निवासी प्रकाश अक्का है। उसकी उम्र लगभग 11 वर्ष है। वहीं, दूसरा भी चुटिया का ही निवासी मनोज टोप्पो है। उसकी उम्र लगभग 10 वर्ष है। नाबालिगों ने बताया कि वे अपने परिवार की खराब आर्थिक स्थिति के कारण अपने दैनिक आवश्यकताओं को पूरा नहीं कर पा रहे थे, इस कारण बिना अपने परिजनों को बताए रांची रेलवे स्टेशन पर किसी काम की तलाश में आ गए थे। आरपीएफ टीम द्वारा दोनों बालकों को रांची आरपीएफ पोस्ट लाया गया। वहां सभी विधिक प्रक्रियाएं पूरी करने के बाद उन्हें सुरक्षित अवस्था में चाइल्ड लाइन रांची को सौंप दिया गया, ताकि उनके उचित संरक्षण एवं पुनर्वास की कार्रवाई की जा सके। रेल सुरक्षा बल के अधिकारियों ने कहा कि आरपीएफ मानव तस्करी और बच्चों की सुरक्षा के लिए प्रतिबद्ध है एवं इस दिशा में निरंतर कार्यरत है।



## अपर प्रशासक ने भवन निर्माण रोकने का दिया आदेश

**रांची।** रांची नगर निगम क्षेत्रांतर्गत वार्ड संख्या-01, प्लॉट संख्या-30, 31, 32, 33, 34, खाता संख्या-18, 83, 110 रकबा-6935.96 वर्ग मीटर पर, पारित नक्शा संख्या में निर्माणाधीन भवन का स्थल निरीक्षण नगर निगम के संयुक्त जांच दल द्वारा किया गया था। जांच प्रतिवेदन के अनुसार निर्माणाधीन भवन की बाउंड्रीवाल गिरने के कारण बगल के भवन एवं दो वाहन क्षतिग्रस्त हो गई। साथ ही मलबे से निर्माणाधीन भवन के सामने स्थित नाली भी बंद हो गई थी। पूर्व में रांची नगर निगम द्वारा उक्त स्थल पर निर्माण कार्य रोकने का नोटिस दिया गया था परन्तु उक्त स्थल पर निर्माण कार्य जारी रहा, जो नियमों का उल्लंघन है। साथ ही द्वारा उक्त नक्शे का पुनर्वैधीकरण कराए बिना निर्माण कार्य जारी रहा। इस तरह का निर्माण कार्य मानवीय एवं अन्य परिसम्पतियों के लिए नुकसानदायक साबित हो सकता है। जिसके आलोक में अपर प्रशासक के आदेशानुसार झारखण्ड नगरपालिका अधिनियम 2011 की कंडिका-437 एवं झारखण्ड भवन उपविधि 2016 की कंडिका-20 के तहत उक्त निर्माणाधीन भवन के कार्य को तत्काल प्रभाव से रोकने एवं सील करने का आदेश दिया गया।

## सिल्ली विधायक के पहल पर लगा नया ट्रांसफार्मर



**सिल्ली।** सिल्ली प्रखंड अंतर्गत मंगलवार के दिन सिल्ली विधायक अमित कुमार महतो के पहल पर कोंचो पंचायत के जोबला गांव में 200 केवी का नया ट्रांसफार्मर लगाया गया जिसका उद्घाटन बुधनी देवी, ललनी देवी,वैशाखी देवी एवं सिल्ली पूर्वी जिला परिषद प्रतिनिधि अखिल महतो ने संयुक्त रूप से किया। नए ट्रांसफार्मर के लगते ही ग्रामीणों के बीच खुशी का लहर दौड़ पड़ा। ग्रामीणों ने खुशियों के साथ आपस में एक दूसरे के बीच मिठाइयां बांटी। अंत में ग्रामीणों ने सिल्ली विधानसभा के विधायक अमित कुमार महतो का आभार जताते हुए धन्यवाद दिया। मौके पर झारखंड मुक्ति मोर्चा के कार्यकर्ता जयराम कोइरी,प्रहलाद कोइरी,विश्वनाथ कोइरी, बीरेंद्र कोइरी,बद्रीनाथ कोइरी,रेंघू कोइरी,बेहल्या देवी समेत अन्य ग्रामीण उपस्थित रहे।

### संगठित एवं असंगठित मजदूरों ने की नुक्कड़ सभा

# चार नए श्रम संहिता कानून के खिलाफ मुरी में प्रदर्शन

नवीन मेल संवाददाता

**मुरी।** मंगलवार को देश भर में चार काले श्रम संहिता के खिलाफ़ में आम हड़ताल का आयोजन किया गया है। जिसके समर्थन में मुरी हिंडाल्को के संगठित एवं असंगठित मजदूरों ने नुक्कड़ सभा किए । इस सभा का संचालन मुकेश साहु ने किया तथा सदानंद सोनार, नाजीर हुसैन, सुमित महतो उर्फ डोला ने अपनी बातों को रखी। सदानंद सोनार ने कहा कि चार श्रम संहिता कानून के तहत काम के घंटे को 8 की जगह 12 कर दी जाएगी, मजदूरों की सुरक्षा और अधिकारों को कमज़ोर कर दी जाएगी, मालिकों को बिना अनुमति के ही छ्टनी का अधिकार दे दी जाएगी, स्थाई नौकरी को समाप्त कर अस्थाई नौकरी लागू कर दिया जाएगा ताकि मजदूरों को किसी प्रकार का बोनस ना दिया जाए। मेडिकल समाप्त कर दी जाएगी। सुरक्षा समाप्त कर दी जाएगी इसलिए पूरा देश को कॉर्पोरेट के हवाले करने का प्रयास यह मोदी सरकार कर रही है इसके खिलाफ में हम सभी को एकजुट होकर इसका पुरजोर विरोध करना चाहिए। इस नुक्कड़ सभा में निताई महतो, अरूण सोनार, तारकेश्वर पाठक, संजय पाल , कन्हाई माझी,जोगेंद्र महतो बुद्धदेव महतो,सुखन महतो, विश्वनाथ कर्मकार आदि लोगों ने योगदान दिए।



## न्यूज बॉक्स

### चान्हो में टाना भगतों के बीच बीज का वितरण किया



**चान्हो।** प्रखंड मुख्यालय में मंगलवार दोपहर बीटीएम जनक सिंह और प्रभारी कृषि पदाधिकारी उपेंद्र कुमार सिंह की अगुवाई में प्रखंड क्षेत्र के तीस टाना भगतों के बीच अनुदानित बीज का वितरण किया गया। इस दौरान उपेंद्र कुमार सिंह ने कहा कि समय पर टाना भगतों के बीच बीज का वितरण किया जा रहा है। जिससे वे अपने जमीनों पर सही समय पर कृषि का कार्य पूरा करके आत्मनिर्भर बन सकें।

### अभाविप का 77वें स्थापना दिवस पर प्रतिभा सम्मान समारोह आज

**बेड़ो।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के 77वें स्थापना दिवस पर अभाविप बेड़ो इकाई बुधवार 9 जुलाई को राष्ट्रीय छात्र दिवस के रूप में मना रही है। इसके अंतर्गत बेड़ो इकाई की ओर से प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन सरस्वती विद्या मंदिर के सभागार में आयोजित की गई है। इस कार्यक्रम के तहत प्रखंड स्तर के सभी +2 हाइ स्कूल के मैट्रिक एवं इंटरमीडिएट के इस वर्ष में अच्छे अंक से उत्तीर्ण हुए विद्यार्थियों को सम्मानित किया जाएगा। एवं साथ ही विद्यार्थी परिषद बेड़ो की पुरानी नगर इकाई भंग कर नई नगर इकाई पुनर्गठित की जायेगी। इस कार्यक्रम की पूरी तैयारी कार्यकर्ताओं द्वारा कर ली गई है। यह जानकारी अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद बेड़ो नगर मंत्री विक्रम कुमार महतो ने दी है।

### रांची में पूर्वी क्षेत्रीय परिषद की बैठक होना गौरव की बात : जैलेंद्र कुमार



**सिल्ली।** पूर्वी क्षेत्रीय परिषद की 27वीं बैठक आगामी 10 जुलाई को रांची में आयोजित होने जा रही है। बैठक की अध्यक्षता गृह मंत्री अमित शाह करेंगे। इस बैठक का आयोजन रांची के लिए गौरव की बात है। उक्त बाते सिल्ली रामडेरा में एक कार्यक्रम में हिस्सा लेने पहुंचे भाजपा रांची के पूर्व जिलाध्यक्ष जैलेंद्र कुमार पत्रकारों से कहा साथ में यह भी कहा कि बैठक में केंद्र एवं राज्यों को विचारों एवं अनुभवों का आदान-प्रदान करने तथा सहयोग करने के लिये सक्षम बनाने के साथ साथ विकास परियोजनाओं के सफल एवं तीव्र निष्पादन के लिये राज्यों के बीच सहयोग के वातावरण की स्थापना की जाएगी।

### गोरखपुर एक्स. से 12.1 किलोग्राम गांजा बरामद

**रांची।** रेलवे सुरक्षा बल, रांची मंडल द्वारा मादक पदार्थों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान 'ऑपरेशन नार्कोस' के तहत सोमवार को एक बड़ी सफलता मिली। ट्रेन संख्या 15027 (गोरखपुर एक्स.) में तैनात महिला उपनिरीक्षक प्रियंका कुमारी व उनकी टीम ने ट्रेन एस्कॉर्ट ड्यूटी के दौरान कोटशिला रेलवे स्टेशन पर कोच संख्या ई-8 की सीट संख्या 23 के नीचे एक नीले रंग का लगेज बैग और एक काले रंग का पिठ्ठू बैग संदिग्ध अवस्था में पाया। पूछताछ के बावजूद जब किसी यात्री ने बैग पर दावा नहीं किया, तब बैग को खोला गया। बैग में गांजा मिला। डीडी किट द्वारा जांच की गई, तो बरामद पदार्थ गांजा ही पाया गया। बताया गया कि जांच में दोनों बैगों से बरामद गांजे का कुल वजन 12.1 किलोग्राम था। इसकी अनुमानित कीमत 1,20,000 रुपए है। बरामद सामग्री को विधिवत रूप से जब्त कर जीआरपी बोकारो को सौंप दिया गया। ज्ञात हो कि आरपीएफ कमांडेंट पवन कुमार के नेतृत्व में रांची मंडल में सुरक्षा व्यवस्था प्रभावी रूप से संचालित की जा रही है।

### श्री श्याम मंदिर हरमू रोड में सुंदरकांड एवं हनुमान चालीसा का हुआ पाठ



**रांची।** राजधानी रांची के हरमू रोड के श्री श्याम मंदिर में मंगलवार को 161वें श्री सुंदरकांड एवं श्री हनुमान चालीसा का पाठ का आयोजन किया गया। इसका आयोजन श्री श्याम मित्र मंडल ने किया था। अभिषेक सरावगी, सुची सरावगी ने परिवार के साथ बालाजी महाराज की अखंड ज्योति प्रज्वलित कर केसरिया पेड़ा, गुड़-चना, फल का भोग बालाजी महाराज को अर्पित किया। अभिषेक सरावगी ने श्रीरामचरितमानस ग्रंथ की पूजा करके पाठ वाचकों का चंदन-वंदन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। पाठ वाचक मनीष सारस्वत ओम शर्मा ने अपने सहयोगियों के साथ ढोलक ढपली के स्वर के साथ श्री गणेश वंदना कर श्री हनुमान चालीसा का पाठ किया। सुंदरकांड का संगीतमय पाठ उपस्थित जनों से करवाया गया। पाठ के मध्य में भजनों का गायन भी किया गया। श्री सुंदरकांड के पाठ के उपरांत पुनः श्री हनुमान चालीसा का पाठ करके महाआरती करके भक्तजनों को प्रसाद वितरित किया गया। अधिवक्ता श्याम जिज्ञासा नारसरिया एवं श्रवण ढानढनिया ने चना प्रसाद सेवा, पुष्पा देवी पोद्दार ने केसरिया पेड़ा सेवा, मुकेश मित्तल ने गिरिगोला सेवा एवं राजेश जयसवाल ने फल प्रसाद सेवा निवेदित की। इस अवसर पर महामंत्री विश्वनाथ नारसरिया, उपाध्यक्ष श्रवन ढानढनिया, अभिषेक सरावगी, सुची सरावगी, अंकित, हर्ष, कृष्णा कुमार सहित बड़ी संख्या में भक्तजन उपस्थित थे।

### ऑटो चालकों से अवैध वसूली करने वालों पर होगी कार्रवाई



**रांची।** रांची नगर निगम के सहायक प्रशासक ने मंगलवार को आम सूचना जारी कर कहा है कि रांची नगर निगम क्षेत्र के अंतर्गत भ्रमण के क्रम में आए दिन प्रायः ऐसा देखा जा रहा है कि ऑटो चालकों से विभिन्न स्तरों / व्यक्तियों / संस्था द्वारा वसूली की जा रही है, जो पूर्णतया अवैध है। रांची नगर निगम ने इस संबंध में कोई निर्देश जारी नहीं किया है। नगर निगम के सहायक प्रशासक ने कहा है कि जो भी वसूली करते पकड़े जाएंगे, उन पर कानून सम्मत दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी।

## शिबू सोरेन के स्वास्थ्य लाभ को लेकर झामुमो ने किया विशेष पूजन



**खलारी।** झारखंड मुक्ति मोर्चा के वरिष्ठ नेता और दिशोम गुरु शिबू सोरेन के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना को लेकर मंगलवार को खलारी के प्रसिद्ध पहाड़ी मंदिर में विशेष पूजा-अर्चना, हवन और जाप का आयोजन किया गया। पार्टी कार्यकर्ताओं ने सामूहिक रूप से भगवान से प्रार्थना की कि शिबू सोरेन जल्द से जल्द पूर्णतः स्वस्थ होकर पुनः सक्रिय रूप से संगठन का मार्गदर्शन करें। पूजन कार्यक्रम का आयोजन मंदिर के पुजारी पंडित बृजराज दुबे के निर्देशन में किया गया। हवन और वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ उपस्थित लोगों ने अपने श्रद्धा भाव व्यक्त किए। इस अवसर पर झामुमो खलारी प्रखंड अध्यक्ष अनिलकुमार पासवान, नंदु मेहता, मुकेश यादव, महेंद्र चौहान, अरुण यादव, चितरंजन सिंह, शंभू दास, छोटू राम, सुनील यादव, अजीत चौहान, कमलेश चौहान, राजकुमार गंझू, निखिल चौहान, माया देवी, शिवानी यादव, रितम देवी, चंदा देवी, माया सिंह, अनिता देवी, गीता देवी सहित अनेक स्थानीय लोग भी इस पूजन में शामिल हुए।

## सर्वजन पेंशन में 2.37 लाख लाभार्थियों को 23.75 करोड़ राशि का हुआ भुगतान

**रांची।** राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी सर्वजन पेंशन योजना के अंतर्गत रांची जिले में पेंशनधारियों को जुलाई महीने की पेंशन राशि का भुगतान कर दिया गया। रांची के उपायुक्त-सह-जिला दंडाधिकारी मंजूनाथ भजंत्री के निर्देश के अनुसार राज्य संपोषित सर्वजन पेंशन योजना अंतर्गत जिले में कुल 2 लाख 37 हजार 555 लाभार्थियों के बैंक खाते में पेंशन राशि डीबीटी के माध्यम से ट्रांसफर की गई है। मुख्यमंत्री राज्य आदिम जनजाति पेंशन योजना, एचआईवी/एड्स पीड़ित व्यक्ति सहायतार्थ पेंशन योजना, मुख्यमंत्री राज्य वृद्धावस्था पेंशन योजना, मुख्यमंत्री राज्य निराश्रित महिला सम्मान पेंशन योजना, स्वामी विवेकानन्द निःशक्त स्वावलंबन प्रोत्साहन योजना, ट्रांसजेंडर/तृतीय लिंग के व्यक्तियों के लिए मुख्यमंत्री राज्य सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना के अंतर्गत लाभार्थियों के बैंक खाते में एक-एक हजार रुपए का भुगतान किया गया है।

**पेंशन प्राप्त नहीं हुआ है तो करें शिकायत :** जिला प्रशासन के अनुसार, राज्य संपोषित सर्वजन पेंशन योजना अंतर्गत रांची जिले में लाभुकों को इस वर्ष जुलाई माह तक की पेंशन राशि का डीबीटी के माध्यम से बैंक खाते में भुगतान कर दिया गया है। वैसे लाभार्थी जिन्हें किसी कारणवश पेंशन राशि प्राप्त नहीं हुई है, वे जिला प्रशासन के व्हाट्सएप नंबर- 9430328080 'अबुआ साथी' पर शिकायत कर सकते हैं। प्राप्त शिकायत पर सामाजिक सुरक्षा कार्यालय द्वारा समुचित कार्रवाई की जाएगी। साथ ही, संबंधित अंचल में भी आवेदन दिया जा सकता है।

### जिप सदस्य ने की सड़कों व पर्यटन स्थलों के जीर्णोद्धार की मांग


# अपनी एक सूत्री मांग पत्र उपायुक्त को सौंपा

नवीन मेल संवाददाता

**खलारी।** खलारी पश्चिमी क्षेत्र की जिला परिषद सदस्य सरस्वती देवी ने सोमवार को उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री से मुलाकात कर क्षेत्र के समग्र विकास को लेकर कई महत्वपूर्ण योजनाओं से संबंधित पत्र सौंपा। उन्होंने डीएमएफटी (जिला खनिज फाउंडेशन ट्रस्ट) मद से विभिन्न योजनाओं के क्रियान्वयन की मांग करते हुए एक सूत्री मांग पत्र उपायुक्त को सौंपा। जिप सदस्य ने बुकबुका पंचायत के शहीद चौक से खलारी सीमेंट फैक्ट्री होते हुए हुटाप पंचायत के बाजारटांड़ पेट्रोल गोदाम तक 1.8 किमी लंबे पीसीसी सड़क निर्माण की मांग की। इसके अलावा, खलारी पंचायत में पोस्ट आफिस से उर्सुलाइन कान्वेंट स्कूल तक 1.2 किमी लंबी पीसीसी सड़क, हुटाप पंचायत में उर्सुलाइन स्कूल के पीछे से मछुआटोला पुल तक 300 मीटर गार्डवाल निर्माण तथा जेहलीटांड़ स्थित सोनाडुबी नदी पर बने पुराने पुल की मरम्मत की मांग की गई है। इन सभी योजनाओं को डीएमएफटी फंड से पूरा करने की मांग की गई, जिस पर उपायुक्त ने सकारात्मक आश्वासन दिया। इसके अलावा सरस्वती देवी ने पर्यटन, कला, संस्कृति, खेल एवं युवा कार्य विभाग के संबंधित पदाधिकारी से भी मुलाकात की और लपरा पंचायत स्थित डेगाडेगी नदी में स्नान हेतु सीढ़ियों का निर्माण, विश्राम हेतु जगह-जगह बेंच लगाने, सोलर लाइट लगाने, स्थल के जीर्णोद्धार व सौंदर्यीकरण की मांग की। वहीं खलारी पंचायत के खलारी तालाब के जीर्णोद्धार व सौंदर्यीकरण, सोलर लाइट की व्यवस्था एवं जगह जगह बेंच की व्यवस्था करने की भी मांग रखी गई है।



## ताला तोड़कर हेहल अंचल में चोरी की चौथी घटना घटी



**रांची।** मंगलवार 10:00 बजे कार्यालय अनुसेविका रीता देवी के द्वारा कार्यालय का मेन गेट खोलने के उपरांत पाया कि कार्यालय प्रधान कक्ष, नजारत कक्ष, कंप्यूटर कक्ष, प्रथम तल्ला में राजस्व उप निरीक्षक कक्ष एवं अंचल अमीन कक्ष तथा रिकॉर्ड रूम का ताला तोड़कर सामानों की चोरी की गई है । प्रथम दृष्टा में सीपीयू (निर्वाचन कक्ष) 01, फ्रिज 01, गैस सिलेंडर 02, आरओ 01 चोरी होने की रिपोर्ट हेहल आंचल सीओ घनश्याम कुमार ने पंडरा थाना में लिखाई है। बताया जा रहा है कि इससे पहले भी हेहल अंचल में तीन बार चोरी होने की घटना घट चुकी है चोरी किया चौथी घटना है।

## सीसीएल और सीयूजे की टीम ने किया पौधरोपण



रांची। पर्यावरण संरक्षण के प्रति जन-जागरूकता बढ़ाने और हरित भविष्य की दिशा में सार्थक पहल करते हुए, सेंट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड (सीसीएल) की टीम ने झारखंड केंद्रीय विश्वविद्यालय, मानतू के सहयोग से "एक पेड़ मां के नाम" अभियान के तहत वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया। इस अवसर पर सीसीएल के पर्यावरण विभाग के विभागाध्यक्ष राज कुमार, महाप्रबंधक पर्यावरण संगीता, उप प्रबंधक राजीव कुमार सहित अनेक अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे। वहीं, झारखंड केंद्रीय विश्वविद्यालय से कुलपति प्रो. क्षिति भूषण दस, डीन प्रो. मनोज कुमार, रजिस्ट्रार केके राव, डिप्टी डीन एकेडमिक अफेयर्स सुशील कुमार शुक्ला, वित्त अधिकारी पीके पांडा तथा लाइब्रेरियन डॉ. सुजीत कुमार पांडेय ने भी सक्रिय सहभागिता दर्ज की।

### जिला स्कूल में दो दिवसीय मास्टर ट्रेनर का प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ

# शिक्षा के क्षेत्र में रांची जिला को पूरे राज्य में अव्वल बनाना ही लक्ष्य : डीएसई

नवीन मेल संवाददाता



**रांची।** विद्यालयों में विद्यालय प्रबंधन समिति को मजबूत एवं कारगर बनाना जरूरी है। इसे लेकर ईमानदारी से काम करने की जरूरत है। मानव संसाधन से बड़ा और कोई संसाधन नहीं होता। उक्त बातें अमर शहीद ठाकुर विश्वनाथ शाहदेव सीएम एसओई जिला स्कूल के सभागार में विद्यालय प्रबंधन समिति के मास्टर ट्रेनर का दो दिवसीय प्रशिक्षण के दौरान रांची के जिला शिक्षा अधीक्षक बादल राज ने कही। उन्होंने कहा कि स्कूल में बच्चों की संख्या क्यों कम हो रही है । अभी भी बच्चे ड्रॉप आउट क्यों हो रहे हैं ? बच्चों को संवारना, उन्हें अच्छा स्कूल ड्रेस देना उन्हें अच्छी शिक्षा देना हमारी जिम्मेवारी है। यह समझने की जरूरत है। प्रोजेक्ट रेल की परीक्षा में शत प्रतिशत बच्चों की भागीदारी, उनका बेहतर रिजल्ट और डिस्प्ले में बच्चों के रिजल्ट का प्रदर्शन तथा सभी अच्छे चीजों का क्रियान्वयन बेहद जरूरी है। जब एसएमसी ठीक होगी तो विद्यालय भी ठीक होगा। जिला शिक्षा अधीक्षक ने कहा कि हम जीवित हैं इसे प्रमाणित करना होगा। संसाधन के नाम पर रोना छोड़ दें जितना संसाधन प्राप्त है उसी में काम करें और बेहतर रिजल्ट दें। रांची स्पीक में बेहतर काम हो रहा है। रांची जिला पूरे झारखंड में नंबर वन होना चाहिए। इसके पूर्व सीआरपी बीआरपी और चुनिंदा स्कूलों के प्रधान शिक्षकों का मास्टर ट्रेनर के रूप में दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का दीप प्रज्वलित कर विधिवत जिला शिक्षा अधीक्षक बादल राज ने अन्य अधिकारियों के साथ मिलकर उद्घाटन किया। इस मौके पर एडीपीओ पंकज कुमार,एपीओ अखिलेश कुमार, प्रशिक्षण प्रभारी एवं एपीओ प्रभा सहाय,सौम्या सहित कई लोगों ने सम्बोधित किया। प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों को प्रशिक्षक बीआरपी उमेश कुमार और सीआरपी नौशाद अंसारी ने प्रशिक्षण दिया। प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान गतिविधि आधारित प्रशिक्षण में प्रधानाध्यापक विजेंन्द्र चौबे, डीडीओ शिव प्रसाद महतो, संतोष कुमार महतो, सीआरपी बीआरपी कृष्णा प्रसाद, सुनील कुमार गुप्ता, संदीप कुमार, मनीष कुमार, विजय रंजन पाठक, अब्दुल नासिर, सुशांत मिश्रा, दिलीप सिंह, जगन्नाथ मुखर्जी श्याम कुमार, जयंत लकड़ा, चंद्र मोहन ठाकुर, मनोज कुमार साहु, मंटु कुमार साहु, अजीत कुमार सिंह सहित रांची जिले के सभी बीआरपी सीआरपी, वार्डेन अंजु मुंडा, बीपीओ लीलावती तिर्की सहित सैकड़ो लोगों ने प्रशिक्षण कार्यक्रम में हिस्सा लिया।

## लापुंग प्रखंड के साईं मंदिर जाने वाली सड़क का गार्डवाल धंसा



लापुंग। लापुंग प्रखंड के देवगांव पंचायत अंतर्गत प्रसिद्ध साई मंदिर जाने वाली सरसा लतरातु सड़क पर बना गार्डवाल धंस गया है । लगातार हो रही रही बारिश ने सड़क निर्माण और गार्डवाल के निर्माण की गुणवत्ता की पोल खोल कर रख दी है। इस सड़क का निर्माण लगभग दो साल पहले हुई है। कुछ दिन पहले ही मरम्मत भी हुई थी। गार्ड वाल के धंसने से सड़क भी धंस गई। सड़क के धंसने से सड़क के अस्तित्व पर खतरा मंडराने लगा है। गार्डवाल और सड़क के धंसने की सूचना मिलते ही पूर्व मुखिया और पार्टी के अध्यक्ष के साथ-साथ विधायक प्रतिनिधि संतोष तिर्की ने घटनास्थल पर जाकर मुआयना किया। उन्होंने कहा कि अगर जल्द गार्डवाल निर्माण कार्य नहीं होगा तो सड़क का अस्तित्व भी खत्म हो जाएगा। आवागमन बाधित हो जाएगी। उल्लेखनीय है कि साईं मंदिर और लतरातु डैम जाने वाली यह महत्वपूर्ण सड़क है। संतोष तिर्की ने कहा कि इस महत्वपूर्ण सड़क के धंसने से बड़ी दुर्घटना की आशंका भी बन गई है। उन्होंने झारखंड सरकार की कृषि पशुपालन एवं सहकारिता मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की एवं पूर्व मंत्री बंधु तिर्की को भी मामले से अवगत कराया और सड़क सहित गार्डवाल के निर्माण की मांग की।

# फुटबॉल टूर्नामेंट कल से तैयारी जोरों पर

नवीन मेल संवाददाता




**रामगढ़।** सीबीएसई कलस्टर III फुटबॉल टूर्नामेंट 2025 का आयोजन राधा गोविंद पब्लिक स्कूल रागगढ़ द्वारा 10 जुलाई से 15 जुलाई 2025 तक राधा गोविंद विश्वविद्यालय के खेल मैदान एवं रामगढ़ फुटबॉल ग्राउंड में किया जायेगा । राधा गोविंद सीनियर सेकेंडरी रामगढ़ द्वारा आयोजित छह दिवसीय फुटबॉल टूर्नामेंट 10 जुलाई से 15 जुलाई 2025 तक सम्पन होगा। फुटबॉल टूर्नामेंट की तैयारी के संबंध में 8 जुलाई को एक प्रेस वार्ता आयोजित की गई। प्रेस वार्ता में राधा गोविंद पब्लिक स्कूल के प्राचार्य डॉ सुजीत कुमार मोहंती, राधा गोविंद विश्वविद्यालय के कुलसचिव प्रो (डॉ) निर्मल कुमार मंडल, डॉ. संजय प्रसाद सिंह प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए कहा कि सीबीएसई फुटबॉल टूर्नामेंट राधा गोविंद विश्वविद्यालय के खेल मैदान एवं रामगढ़ फुटबॉल मैदान में छह दिनों तक बिहार एवं झारखंड के विभिन्न टीमों के बीच होना सुनिश्चित हुआ है। समारोह में मुख्य एवं विशिष्ट अतिथियों के द्वारा उद्घाटन एवं समापन समारोह के साथ सुसंपन्न होगा। इसकी तैयारी जोर-शोर से चल रहीं है। राधा गोविंद पब्लिक स्कूल के प्राचार्य डॉ सुजीत कुमार मोहंती ने छह दिवसीय कार्यक्रम की रूपरेखा विस्तार पूर्वक चर्चा की। इस फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन राधा गोविंद पब्लिक स्कूल रामगढ़ के लिए बहुत ही ऐतिहासिक पल होगा। इस टूर्नामेंट में बिहार एवं झारखंड राज्यों के सीबीएसइ से संबद्धता प्राप्त स्कूलों के कुल 65 टीम जिसमें अंडर-14 ग्रुप में 17 टीम अंडर 17 ग्रुप में 28 टीम अंडर-19 ग्रुप में 20 टीम का अभी तक रजिस्ट्रेशन हो चुका है। 1200 विद्यार्थियों के लिए सहने एवं खाने का पूरी व्यवस्था की गई है विद्यालय प्रबंधन ने राधा गोविंद सीनियर सेकेंडरी पब्लिक स्कूल रामगढ़ में सीबीएसई दिल्ली द्वारा फुटबॉल टूर्नामेंट के सफल आयोजन हेतु विभिन्न विद्यालयों से आए हुए प्रतिभागियों को बधाई दी है तथा सभी प्रतिभागियों से खेल भावना के साथ कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए अपील की है।

## 11 जुलाई से बलकुदरा का डिस्पैच रोकेगी रोड सेल समिति

**भुरकुंडा।** भुरकुंडा कोलियरी विस्थापित प्रभावित रोड सेल समिति 11 जुलाई से भुरकुंडा कोलियरी के बलकुदरा खुली खदान का कोल डिस्पैच अनिश्चितकाल के लिए रोकेगी। यह घोषणा समिति ने मंगलवार को भुरकुंडा में आयोजित बैठक में सर्वसम्मति से किया। बैठक की अध्यक्षता गिरधारी गोप ने और संचालन पूर्व पार्षद झरी मुंडा ने किया। इसमें वक्ताओं ने एकस्वर में कहा कि स्थानीय सीसीएल प्रबंधन ने 23 जून को लिखित आश्वासन दिया था कि 28 जून तक कोयला आवंटन का ऑफर भेजा जाएगा, लेकिन ऐसा नहीं हुआ। इससे साफ जाहिर होता है कि प्रबंधन की नीयत में खोट है, जिसे समिति कतई बर्दाश्त नहीं करेगी। वक्ताओं ने कहा कि वे शांतिपूर्ण तरीके से अपने हक की बात दोहरा रहे थे, जिसे कमजोरी समझा जा रहा है। इसलिए अब वे क्रमवार आंदोलन का आगाज करेंगे। साथ ही कहा कि कुछ जनप्रतिनिधि रोड सेल चालू होने देना चाहते, उन्हे समिति करारा जवाब देने को तैयार है। बैठक में दर्शन गंझू, विजय साहू, राणा प्रताप सिंह, विजय मुंडा, प्रेम कुमार साहू, रामदास बेदिया, सरोजकांत झा, संजय मांझी, अभिजीत सोरेन, योगेंद्र यादव, कुलदीप यादव, मुकेश कुमार, अमरेंद्र प्रसाद, अजय सिंह, रोहित मुंडा, राजाराम प्रसाद, तुला खान, राजेंद्र मुंडा, हरिशंकर चौधरी, रोहित करमाली, अशोक तिवारी आदि उपस्थित थे।

## जानकी यादव बने झारखंड राज्य पिछड़ा आयोग के अध्यक्ष, लोगों ने दी बधाई



**बरकट्ठा।** पूर्व विधायक जानकी प्रसाद यादव को झारखंड राज्य पिछड़ा आयोग का अध्यक्ष बनाए जाने के बाद पूरे क्षेत्र में खुशी की लहर है एवं सोशल मीडिया पर बधाइयां देने वालों की तांता लगा है। उन्हें अध्यक्ष बनाए जाने पर झामुमो प्रखंड अध्यक्ष कुदुश अंसारी, 20 सूत्री अध्यक्ष प्रदीप प्रसाद, मीडिया प्रभारी प्रमोद गुप्ता, चंद्रदीप पांडेय, पूर्व मुखिया गोपाल प्रसाद, मानव विकास संस्था के सचिव बीरबल प्रसाद मेहता ,पूर्व मुखिया बसंत साव,पूर्व मुखिया गोपाल प्रसाद, मनोहर चौधरी, दुर्गा प्रसाद, महेंद्र प्रसाद, जागेश्वर प्रसाद, अशोक सिंह, भुनेश्वर रविदास, जीबलाल दास, समेत अन्य कार्यकर्ताओं ने बधाई दी है। वहीं कार्यकर्ताओं ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को इसके लिए धन्यवाद ज्ञापित किया है। कार्यकर्ताओं ने कहा कि जानकी प्रसाद यादव के कुशल कार्य क्षमता से झारखंड के दलित, आदिवासी एवं पिछड़ा वर्ग को समेकित विकास करने का अवसर प्राप्त होगा।

### 15 जुलाई तक 2500 आपदा मित्र किए जाएंगे तैयार

# आपदा मित्र 2 लाख लोगों को देंगे प्रशिक्षण

नवीन मेल संवाददाता



**रामगढ़।** जिले में स्वास्थ्य के क्षेत्र में उपायुक्त रामगढ़ फैज अक अहमद मुमताज द्वारा बड़ी पहल की गई है। इसके तहत आकस्मिक परिस्थितियों में सीपीआर एवं फर्स्ट एड देने के लिए प्रशिक्षण अगले छह माह में जिले के 2 लाख लोगों को आपदा मित्र के रूप में तैयार करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।

इसी क्रम में प्रशिक्षण के तीसरे दिन मंगलवार को उप विकास आयुक्त आशीष अग्रवाल ने टाउन हॉल रामगढ़ में चल रहे प्रशिक्षण का निरीक्षण किया। मौके पर प्रभारी पदाधिकारी गोपनीय शाखा रविंद्र कुमार गुप्ता सहित अन्य उपस्थित रहे। जिला प्रशासन रामगढ़ द्वारा 15 जुलाई 2025 तक 2500 आम जनों, विद्यार्थियों आंगनबाड़ी सेविकाओं आदि को प्रशिक्षण देकर आपदा मित्र एवं मास्टर ट्रेनर के रूप में तैयार किया जाएगा जिनके द्वारा अपने-अपने क्षेत्र में आम जनों को आकस्मिक परिस्थितियों में सीपीआर एवं फर्स्ट एड देने हेतु प्रशिक्षण दिया जाएगा।

कार्यक्रम के दौरान लोगों को संबोधित करते हुए उप विकास आयुक्त आशीष अग्रवाल ने सर्वप्रथम उपायुक्त द्वारा की गई इस पहल की सराहना की। इस दौरान उन्होंने सभी को आकस्मिक परिस्थितियों में किए जाने वाले कार्य जो प्रशिक्षण के दौरान बताई जा रही है उन्हें अच्छी तरह सुनने व समझने की अपील की। साथ ही किसी भी प्रकार की दुविधा को प्रशिक्षण के दौरान नहीं दूर कर लेने की अपील की। प्रशिक्षण के दौरान चिकित्सकों एवं ऑडियो विजुअल कंटेंट के माध्यम से सभी को सीपीआर, चोकिंग, ब्लीडिंग, बर्न, फ्रैक्चर, वज्रपात, डूबना, शॉक, सांप का काटना एवं दुर्घटना जैसी आकस्मिक परिस्थितियों के दौरान किए जाने वाले कार्यों को लेकर विस्तार से जानकारी दी गई साथ ही आकस्मिक परिस्थितियों के दौरान किए जाने वाले कार्यों को लेकर प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे आपदा मित्र को प्रैक्टिकल भी कराया गया। कार्यक्रम के दौरान प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले आपदा मित्रों को प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया। गौरतलब होकि 15 जुलाई तक आयोजित प्रशिक्षण के दौरान तैयार 2500 आपदा मित्रों (मास्टर ट्रेनरों) द्वारा पूरे जिले में 2 लाख लोगों को आकस्मिक परिस्थितियों के दौरान सीपीआर एवं फर्स्ट एड देने हेतु प्रशिक्षण दी जाएगी।

## न्यूज बॉक्स

### समारोह आयोजित कर छात्रों को दी गई विदाई



**रामगढ़।** राधा गोविंद विश्वविद्यालय के भौतिकी विभाग के स्नातक (2022-25) एवं स्नाकोत्तर (2023-25) के छात्र-छात्राओं ने मंगलवार को विदाई समारोह आयोजित किया। छात्रों ने भौतिकी विभाग और अन्य विभागों के सभी शिक्षकों को भी आमंत्रित किया। इस अवसर पर 2025 में उत्तीर्ण छात्रों के स्वागत और उनसे बातचीत करने के लिए नव आगंतुक बहुत उत्साहित दिखे। विश्वविद्यालय के कुलाधिपति बी एन साह ने इस आयोजन पर अपनी प्रसन्नता व्यक्त की और उत्तीर्ण छात्रों को भविष्य में पूर्ण समर्थन का आश्वासन दिया। सचिव प्रियंका कुमारी ने छात्रों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। विज्ञान संकाय की डीन, डॉ प्रतिभा गुप्ता ने छात्रों को अपने अनुभव और मार्गदर्शन को जूनियर्स के साथ साझा करने के लिए प्रोत्साहित किया और भविष्य के प्रयास के लिए शुभकामनाएं दीं। भौतिक विज्ञान विभाग के विभागाध्यक्ष, डॉ. धीरज कुमार कुशवाहा ने उत्तीर्ण विद्यार्थियों को करियर की नई यात्रा के लिए शुभकामनाएं दीं तथा विभाग के संपर्क में बने रहने का अनुरोध किया। भौतिकी विभाग के सहायक व्याख्याता राहुल चंद्र मंडल ने कार्यक्रम के आयोजन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। मौके पर विश्वविद्यालय के कुलसचिव प्रो (डॉ) निर्मल कुमार मंडल, परीक्षा नियंत्रक प्रो (डॉ) अशोक कुमार, प्रबंध समिति के सदस्य अजय कुमार, विभाग के अन्य शिक्षकगण एवं छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।

### 10-11 जुलाई को वॉलीबॉल व शतरंज प्रतियोगिता, तीन जिले के विद्यार्थी होंगे शामिल



**बरही।** डीएवी स्पोर्ट्स मीट के तहत आगामी 10 और 11 जुलाई को डीएवी पब्लिक स्कूल के प्रांगण म वॉलीबॉल और शतरंज प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है. यह राज्यस्तरीय प्रतियोगिता है जो इसी माह प्रारम्भ हुआ है. जिसे पुरे राज्य में चार विभिन्न क्लस्टर मे आयोजित किया जा रहा है. बरही डीएवी स्कूल को क्लस्टर -4 के में रखा गया है. जिसके तहत हीं 10-11 जुलाई को डीएवी बरही के प्रांगण मे वॉलीबॉल व शतरंज प्रतियोगिता आयोजित किए जायेंगे. इस प्रतियोगिता में हज़ारीबाग, कोडरमा और रामगढ़ जिले के 10-15 डीएवी स्कूल के विद्यार्थी भाग लेंगे. प्राचार्य डॉ आशुतोष कुमार मैढ़ ने बताया कि वॉलीबॉल प्रतियोगिता अंडर-13, अंडर-17 और अंडर-19 तीन अलग श्रेणी मे आयोजित किए जायेंगे. प्रतियोगिता का शुभारम्भ 11 जुलाई और समापन 12 जुलाई को होगा. जिसमें क्षेत्रीय कार्यालय के अधिकारी भी शिरकत करेंगे.

### पांच बच्चा चोर गिरफ्तार एक बच्चा बरामद



**हजारीबाग।** जिले में बच्चा चोर सक्रिय है,इस बात का खुलासा उस वक्त हुआ जब हजारीबाग पुलिस ने पांच बच्चा चोर को गिरफ्तार किया है। उस बच्चे को भी सकुशल बरामद कर लिया गया, जिसे चोरी किया गया था। चोरों ने बच्चों का सौदा 1 लाख 80 हजार रुपए में किया था। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए 24 घंटे के अंदर बच्चा चोर को गिरफ्तार कर लिया। दरअसल, महेश सोनी चौक के समीप से एक जुलाई को डेढ़ वर्षीय बच्चा लापता हो गया था। परिजनों ने आसपास काफी बच्चे को ढूंढा, लेकिन कहीं कुछ नहीं पता चल सका। इसके बाद परिजनों द्वारा छह जुलाई को थाने में लापता बच्चे का शिकायत दर्ज कराया गया। एसडीपीओ सदर अमित आनंद ने बताया कि अपहरण महज 1.80 लाख रुपये में बच्चे को बेचने के लिए रचा गया था।

### मनरेगा के निर्माणाधीन कुएं की चाल धंसने से मजदूर घायल

**विष्णुगढ़।** प्रखंड के जोबर पंचायत अंतर्गत ऊंचाघाना में मनरेगा के तहत निर्माणाधीन कुएं में मिट्टी का चाल धंसने से कार्यरत एक मजदूर गंभीर रूप से घायल हो गया। फिलहाल मजदूर का इलाज हजारीबाग के एक निजी नर्सिंग होम में चल रहा है। जानकारी के अनुसार ऊंचाघाना में पूरन महतो की जमीन पर मनरेगा के तहत कुएं का निर्माण कराया जा रहा है। जिसमें फिलहाल ईंट बंधाई का काम चल रहा है। उसमें नरकी निवासी चोलो महतो (46) पिता स्व. किटी महतो राजमिस्त्री के रूप में कार्य कर रहे थे। काम के दौरान अचानक मिट्टी की चाल धंसने से राजमिस्त्री चोलो महतो गंभीर रूप से घायल हो गए। आनन-फानन में उन्हें इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र विष्णुगढ़ लाया गया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें बेहतर इलाज के लिए एसबीएमसीएच, हजारीबाग रेफर किया गया। परिजन उन्हें एसबीएमसीएच न ले जाकर हजारीबाग के एक प्राइवेट हॉस्पीटल में इलाज करा रहे हैं। फिलहाल उनकी हालत स्थिर बनी हुई है। पंचायत सचिव ने बताया कि 15 जून के बाद से मॉनसून को देखते हुए मनरेगा के तहत कुएं का निर्माण बंद हो जाता है। लाभुक को काम के लिए मना किया गया था। इसके बावजूद भी उन्होंने काम जारी रखा। स्थानीय लोगों ने बताया कि क्षेत्र में लगातार हो रही बारिश की वजह से कुएं की मिट्टी गीली हो गई थी। इसके बावजूद लाभुक ने कुएं में मजदूरों को काम पर लगा रखा था। इस संबंध में बीडीओ अखिलेश कुमार ने बताया कि घटना की जांच कराई जाएगी।

### एनजीटी के रोक के बावजूद भी बालू तस्करी जोरों पर

**बड़कागांव।** एनजीटी द्वारा रोक लगाये जाने के बावजूद भी बड़कागांव में बालू का अवैध कारोबार जारी है। बताया जाता है कि आठ बजे रात से लेकर रात भर हाईवा द्वारा बालू की ढुलाई होती है। जिन क्षेत्रों से हाईवा ,ट्रैक्टर गुजरते हैं ,उन क्षेत्रों के लोगों की नींद हराम हो जाती है। प्रशासनिक अधिकारियों भी इस मामले में चुप्पी साध लि या है। जिससे बालू माफिया की लाखों रुपये की कमाई हो रही है। वहीं सरकार को राजस्व की क्षति हो रही है। बालू की ढुलाई के कारण पर्यावरण पर भी बुरा असर पड़ रहा है। बालू माफिया बड़कागांव के नदी के पुल के नजदीक से बालू का उत्खनन कर रहे हैं। जिससे पुल पर भी खतरा मंडरा रहा है। लोगों का कहना है कि बालू के इस अवैध कारोबार में पुलिस की मिलीभगत से इंकार नहीं किया जा सकता है। दिखावा के लिए कभी कभी पुलिस कार्रवाई कर अपने आप को बचाने का प्रयास करती है। अवैध कारोबार को रोकने के लिए ईमानदार कोशिश नहीं की जाती है।

### मनोकामनेश्वर मंदिर कमिटी के कार्यकारी अध्यक्ष बने राजु

## जलयात्रा और रुद्राभिषेक पर बनी सहमति अधिकाधिक लोगों से शामिल होने की अपील



**बरही।** आगामी 11 जुलाई से पवित्र श्रावण मास की शुरुआत हो रही है. सोमवार की संध्या मंदिर प्रांगण में बलराम प्रसाद केसरी की अध्यक्षता व संजय कुमार दूबे के संचालन मे मनोकामनेश्वर मंदिर कमिटी की एक विशेष बैठक संपन्न हुई. उपस्थित शिव भक्तों ने श्रावण मास के दौरान शिवालाय के सजावट के साथ विशेष सोमवारी पूजा से सम्बन्धि व्यवस्था पर अपने विचार दिए. निर्णय लिया गया कि पहला श्रावण, पूर्णिमा और प्रत्येक सोमवार को बराकर नदी स्थित उत्तरवाहिनी नदी से जलयात्रा कर बाबा मनोकामनेश्वर पर जलार्पण किया जायेगा. श्रावण मास मे रुद्राभिषेक कार्यक्रम के आयोजन पर भी सहमति बानी. जिसकी तिथि बाद में घोषित की जाएगी. इस रुद्राभिषेक कार्यक्रम में मंदिर कमिटी से एक या दो जोड़ा हीं भाग ले सकते हैं. प्रत्येक पूर्णिमा की संध्या 7 बजे मासिक बैठक आयोजित करने का निर्णय लिया गया. साथ हीं कार्यक्रम सुचारु चलाने के लिए सर्वसम्मती से राजकुमार राणा उर्फ़ राजु को कार्यकारी अध्यक्ष मनोनीत किया गया. बैठक में राजेश कुमार सिंह, कालीचरण ठाकुर, अनुज कुमार केसरी, रणजीत कुमार सिंह, प्रहलाद कुमार, इंद्रदेव राम, अमित सोनी, पिन्टू कुमार, अकाश कुमार, निरंजन कुमार, अनुज पांडेय, दिलिप कुमार चौधरी, उमेश प्रसाद गुप्ता आदि कई शिव भक्त मौजूद थे.

### टोल प्लाजा कर्मियों ने एसीबी के डीएसपी के साथ की बदसलुकी

**गोला।** गोला थाना क्षेत्र के सो सोखुर्द स्थित टोल प्लाजा पर टोल कर्मियों की दादागिरी का मामला सामने आया है। पहचान पत्र दिखाने के बाद भी टोल कर्मियों ने एसीबी के डीएसपी के साथ बदसलूकी की। एसीबी रांची के डीएसपी सोमवार सुबह 4 बजे के करीब रांची जा रहे थे। टोल कर्मियों ने उनके वाहन को रोक दिया। डीएसपी ने पहचान पत्र दिखाते हुए बैरियर हटाने को कहा तो टोल दिए बिना बैरियर हटाने से मना कर दिया। जिससे बात बढ़ गई। टोल प्लाजा के कर्मियों ने डीएसपी के साथ मारपीट तक कर दी। घटना की जानकारी मिलते ही थाना प्रभारी तत्काल टोल प्लाजा पहुंचे और मामले को शांत कराया। घटना के बाद मुख्यालय डीएसपी गोला थाना पहुंच कर मामले की छानबीन की। थाना प्रभारी ने बताया कि टोल प्लाजा में विवाद हुआ है। मामले की जांच की जा रही है। उन्होंने कहा कि शिकायत मिलते ही कार्रवाई की जाएगी। - चालकों के साथ आए दिन होती है बकझक सोसोखुर्द टोल प्लाजा पर चालक व टोल कर्मियों के बीच आए दिन बकझक होते रहता है। स्थानीय लोगों का कहना है कि टोल कर्मी रोजाना ऐसी हरकतें करते हैं। लोकल गाड़ियों के गुजरने पर भी उन्हें काफी परेशान किया जाता है। वहीं बाहर से आने वाले ट्रक चालकों पर ओवरलोड का आरोप लगाकर अवैध वसूली करते हैं।

## पुरूषार्थ से व्यक्ति का चरित्र निर्माण होता है : महेंद्र कुमार सिंह

नवीन मेल संवाददाता



**रामगढ़।** डॉ. एस राधाकृष्णन् शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय, सुकरीगढ़ा, लारी रामगढ़ के बहुउद्देशीय सभागार में 8 जुलाई को डॉ. एस. राधाकृष्णन् शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय एवं शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास, झारखण्ड के संयुक्त तत्वाधान में शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास के स्थापना दिवस पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का विषय चरित्र निर्माण एवं व्यक्तित्व विकास था। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि महेन्द्र कुमार सिंह (प्रदेश संयोजक, शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास) मुख्य वक्ता डॉ। संजय प्रसाद सिंह (जिला संयोजक रामगढ़-सह-सहायक प्राध्यापक, महिला महाविद्यालय, रामगढ़) एवं महाविद्यालय प्रबन्धन समिति के सचिव संजय कुमार प्रभाकर (प्रदेश संयोजक, शिक्षक शिक्षा, शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास, झारखण्ड), डॉ. सुशील कुमार (पूर्व सचिव, भारत विकास परिषद), प्राचार्य डॉ. सुशील कुमार उपाध्याय, मनोज कुमार झा (सप्रा चितरपुर महाविद्यालय, चितरपुर), शिक्षकगण एवं प्रशिक्षु उपस्थित रहे। सर्वप्रथम डॉ. एस. राधाकृष्णन् के चित्र पर द्वीप-पुष्प अर्पित कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया गया । मुख्य अथिति महेन्द्र कुमार सिंह ने कहा कि पुरूषार्थ के द्वारा व्यक्ति का चरित्र निर्माण होता है। मंच का संचालन महाविद्यालय प्राचार्य सुशील कुमार उपाध्याय तथा धन्यवाद ज्ञापन सुलेखा कुमारी द्वारा किया गया। मौके पर सहायक प्राध्यापक मो. परवेज अखतर, नयन कुमार मिश्रा, डॉ. अशोक राम, इंदु कुमारी झा, व्याख्याता प्रभारी विभागाध्यक्ष सुप्रिया बर्मन, मुरारी कुमार दुबे, सुलेखा कुमारी, वरूण कुमार एवं शिक्षकेत्तर कर्मचारियों में नन्दलाल कुमार, श्रेया गुप्ता, बबलु कुमार, दिनेश कुमार, दीप्ति लकड़ा, पवन कुमार, पंकज करमाली, वायरलेस मुण्डा, उमेश कुमार, निर्मल महतो. कपिल कुमार आदि मौजूद रहे।

### गोला में मुखिया ने किया 50 किसानों के बीच मकई बीज का वितरण

**गोला।** गोला के सरगडीह पंचायत के मुखिया प्रभाष प्रकाश सिंह ने सोमवार को 50 किसानों के बीच शत प्रतिशत अनुदानित मक्का बीज का वितरण किया। उन्होंने कहा कि अत्यधिक बारिश के कारण किसानों के धान के बिचड़े व मकई फसल मर गए है। ऐसे में किसानों को अपनी परती ढलान जमीन पर मकई के साथ अरहर, उरद, मडुआ आदि फसलों को लगाना चाहिए। किसान भाई अपने परती जमीन पर इन फसलों को लगाकर नुकसान की भरपाई कर अधिकतम लाभ अर्जित कर सकते हैं। उन्होंने किसानों को बेहतर उपज के लिए फसल की सुरक्षा के उपायों से संबंधित विस्तारपूर्वक जानकारी दी।

### प्रभारी प्राचार्य ने नामांकन लेने से किया मना, छात्रों की बढ़ी परेशानी

**हजारीबाग।** अंगीभूत डिग्री कॉलेज में इंटरमीडिएट की पढ़ाई बंद होने का असर जमीन पर दिखने लगा है। ग्यारहवीं में नामांकन कराने के लिए छात्र-छात्राएं स्कूलों का चक्कर लगा रहे है। सरकारी स्कूलों के प्रभारी प्राचार्य की मनमानी से नामांकन लेने को इच्छुक छात्र-छात्राओं की परेशानी बढ़ गई है। जिला मुख्यालय में तीन सरकारी प्लस टू स्कूल है। इसमें जिला स्कूल और गर्वमेंट गर्ल्स स्कूल को सीएम स्कूल ऑफ एक्सिलेंस का दर्जा दे दिया गया है। इन दोनों स्कूलों में अंग्रेजी मीडियम से पढ़ाई होती है। इन दोनों स्कूल में महज 60 सीट है। वहां नामांकन पूरा हो गया है। अब महज हिन्दू प्लस टू स्कूल है जहां पर छात्र-छात्राएं नामांकन करा सकते है। इस स्कूल में सीट की कोई बाध्यता नहीं है। बावजूद इसके इस स्कूल के प्रभारी प्राचार्य लक्ष्मण मेहता छात्र-छात्राओं का नामांकन नहीं ले रहे है। इससे छात्र-छात्राओं में काफी आक्रोश है। उनका कहना है कि जब सीट की कोई बाध्यता नहीं है तो फिर छात्र-छात्राओं का नामांकन क्यों नहीं लिया जा रहा है। सक्षम पदाधिकारी प्रभारी प्राचार्य पर लगाम क्यों नहीं लगा रहे है। बरकठ्ठा प्रखंड से हिन्दू स्कूल में नामांकन के लिए आई एक छात्राा का नामांकन नहीं हो सका।

### आज के देशव्यापी हड़ताल के समर्थन में संयुक्त मोर्चा ने निकाली पदयात्रा

## चार लेबर कोड पूरी तरह मजदूरों के खिलाफ हैं : नरेश मंडल



**रामगढ़ ।** 9 जुलाई बुधवार को प्रस्तावित देशव्यापी मजदूर हड़ताल के समर्थन में संयुक्त मोर्चा द्वारा मंगलवार को भुरकुंडा बाजार में पदयात्रा का आयोजन किया गया। इस मौके पर मजदूरों और आम नागरिकों से आह्वान किया गया कि वे इस ऐतिहासिक हड़ताल में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और अपने अधिकारों की आवाज को बुलंद करें। एटक के केंद्रीय सचिव नरेश मंडल ने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा लाए जा रहे चार लेबर कोड पूरी तरह मजदूरों के खिलाफ है और यदि इन्हें लागू कर दिया गया तो मजदूर अपने अधिकारों के लिए हड़ताल तक नहीं कर सकेंगे। नए श्रम कानूनों में काम के घंटे को 8 से बढ़ाकर 12 या उससे अधिक किए जाने का प्रावधान है, जो श्रमिकों के स्वास्थ्य और जीवन दोनों के लिए खतरनाक है। नरेश मंडल ने यह भी कहा कि कोल इंडिया का योजनाबद्ध ढंग से निजीकरण किया जा रहा है। व्यावसायिक कोयला खनन, रेवेन्यू शेयरिंग, एमडीओ जैसे माध्यमों से कोयला निकाला और बेचा जा रहा है, जिससे न सिर्फ कोल इंडिया कमजोर होगा बल्कि यहां कार्यरत लाखों कर्मचारियों का भविष्य भी खतरे में पड़ जाएगा। सभी वक्ताओं ने 9 जुलाई की देशव्यापी हड़ताल को श्रमिक अधिकारों की रक्षा के लिए बेहद जरूरी बताया और भारी संख्या में मजदूरों से हड़ताल में शामिल होने की अपील की। पदयात्रा में नरेश मंडल, लखेंद्र राय, विकास कुमार, संजय वर्मा, संजय मिश्रा, अशोक गुप्ता, रमाकांत दुबे, शैलेन्द्र सिंह, रामाश्रृष्ठ, अजीत सिन्हा आदि शामिल हुए ।

### रजरप्पा में बहने से बुजुर्ग को दुकानदारों ने बचाया

# नदी में बहने से एक युवक की हो चुकी है मौत

नवीन मेल संवाददाता

- **10 दिनों में यह तीसरी घटना है, जिसमें दो बुजुर्गों को बचाया गया**



**रामगढ़।** सिद्धपीठ रजरप्पा के छिन्नमस्तिका मंदिर प्रक्षेत्र के भैरवी नदी में नहा रहा एक श्रद्धालु 8 जुलाई को नदी के तेज धार में बहाव में बहने लगा। जिसे दुकानदारों की मदद से नदी में बहने से बचा लिया गया। बताया जाता है कि श्रद्धालु अन्य साथियों के साथ छिलका पुल के समीप स्नान करने के लिए नदी में गया। अचानक वह नदी की तेज धार में बहने लगा। स्थानीय दुकानदारों ने तुरंत रेस्क्यू अभियान चलाया। एक दुकानदार को रस्सी एवं बांस की बल्ली के सहारे नदी में भेजा गया, जिसने बुजुर्ग को सुरक्षित किनारे तक पहुंचाया। स्थानीय लोगों ने बताया कि नदी में बहने से बचे वृद्ध व्यक्ति बिहार के हैं। वें अपने परिजनों के साथ पूजा अर्चना के लिए रजरप्पा आए थे । मालूम हो गत दिनों पटना के एक युवक की भैरवी नदी में डूबने से मौत हो गई थी। लगभग 10 दिनों के अंदर ये तीसरी घटना है जिसमें दो बुजुर्ग कों बचाया गया। जबकि एक युवक की मौत हो चुकी है ।

# केतुंगाधाम में सावन महीने में लगती है श्रद्धालुओं की भीड़

**नवीन मेल संवाददाता**

**बानो।** जिले के बानो प्रखंड अंतर्गत केतुंगाधाम का इतिहास ऐतिहासिक और पौराणिक है। पुरातत्व विभाग द्वारा मंदिर को पंजीकृत किया गया है। मंदिर की स्थापना श्रीगंकेतु राजा के कार्यकाल में किया गया था। पहाड़ों और जंगलों में बसा सिमडेगा जिले के बानो प्रखंड को प्रकृति ने भरपूर रमणीय स्थल से आच्छादित किया है। इन्हीं रमणीय स्थलों में से एक है केतुंगा धाम। बानो प्रखंड से महज 10 किलोमीटर की दूरी पर स्थित मालगो व देव नदी संगम स्थल में अवस्थित केतुंगा धाम में बूढ़ा गोरक्षा शिव मंदिर आस्था और आध्यात्म का प्रतीक है। यहां सालों भर श्रद्धालुओं की भीड़ पूजा अर्चना के लिए लगी रहती है। खासकर नए साल में लोग पिकनिक मनाने के लिए पहुंचते हैं। पूजा अर्चना के साथ लोग पिकनिक का आनंद भी उठाते हैं। जिला प्रशासन के प्रयास से मंदिर को पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने का प्रयास किया गया है। इसके तहत मंदिर से नदी तट तक शेड का निर्माण किया गया है। शौचालय सहित गेट का निर्माण कराया गया है।






### मंदिर तक कैसे जाएं

केतुंगा धाम शिव मंदिर तक पहुंचने के लिए कोलेबिरा प्रखंड के लचरागढ़ व बानो प्रखंड से सोय कोनसोदे होते हुए सड़क मार्ग है। मंदिर की दूरी लचरागढ़ से पांच किलोमीटर है। वहीं प्रखंड मुख्यालय से लगभग 10 किलोमीटर है। लसिया मार्ग व बरसलोया मार्ग से भी मंदिर तक पहुंच सकते हैं। मंदिर में दूर से आने वालों के लिए ठहरने का विशेष व्यवस्था है। यहां भक्तों के ठहरने के लिए भवन बनाया गया है। इसके लिए कोई शुल्क नहीं लिया जाता है।

### 100 साल पुराना है केतुंगा धाम का इतिहास...

पुरातत्व विभाग द्वारा मंदिर को पंजीकृत किया गया है। मंदिर की स्थापना श्रीगंकेतु राजा के कार्यकाल में किया गया था। इसलिए उक्त मंदिर का नाम केतुंगाधाम रखा गया। बाद में इसे स्थानीय ग्रामीणों के द्वारा बनवाया गया। बरसलोया, केतुंगा, बानो, जलडेगा और लचरागढ़ के लोगों के प्रयास से भव्य बनाया गया। बताया जाता है कि राजा अशोक कलिंग युद्ध के दौरान लौटने के क्रम में यहां कुछ देर के लिए विश्राम किये थे। विश्राम के दौरान उन्होंने बौध्द मंदिर की स्थापना की थी। जिसके जीर्ण-शीर्ण मूर्तियां आज भी रानी टांड़ स्थित खेत में हैं। जहां लोग पूजा अर्चना करने के लिए जाते हैं। खुले में होने के कारण बहुत मूर्तियां दिनोंदिन उचित रखरखाव के अभाव में खराब होने लगी है। प्रशासन पहल करे, तो ऐतिहासिक धरोहर को संभाल कर रखा जा सकता है।

### पंडरीपानी पुलिया की मरम्मत शुरू

## उपायुक्त के निर्देश पर प्रशासन ने की अस्थाई मरम्मत




● स्थाई समाधान की तैयारी में जुटा विभाग

**नवीन मेल संवाददाता**




**सिमडेगा।** राष्ट्रीय नवीन मेल द्वारा 5 जुलाई को प्रकाशित खबर "पंडरीपानी पुलिया की जर्जर स्थिति से लोगों की मुश्किलें बढ़ीं, प्रशासनिक आदेशों का नहीं हो रहा पालन" का असर अब स्पष्ट दिखने लगा है। खबर प्रकाशित होने के बाद उपायुक्त कंचन सिंह ने मामले पर तत्काल संज्ञान लेते हुए मरम्मत कार्य प्रारंभ करने का निर्देश दिया, जिसके बाद मंगलवार को पुलिया की मरम्मत का कार्य शुरू कर दिया गया।एनएच-143 पर स्थित पंडरीपानी पुलिया की हालत काफी खतरनाक हो चुकी थी। पुलिया में गहरे गड्ढे, बाहर निकले लोहे के सरिए और दुर्घटनाओं की बढ़ती घटनाएं आमजनों के लिए जानलेवा साबित हो रही थीं। राष्ट्रीय नवीन मेल द्वारा समस्या को प्रमुखता से प्रकाशित किए जाने के बाद जिला प्रशासन हरकत में आया और फिलहाल पुलिया पर अस्थायी मरम्मत कार्य प्रारंभ कर दिया गया है।मंगलवार को पुलिया के गड्ढों को गिट्टी और मोरम से भरा गया ताकि आवागमन फिलहाल कुछ हद तक सुरक्षित हो सके। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि यह एक अस्थायी समाधान है, जल्द ही पुलिया के स्थायी सुधार के लिए प्रस्ताव तैयार कर उसे मंजूरी के लिए भेजा जाएगा। स्थानीय लोगों ने राष्ट्रीय नवीन मेल को धन्यवाद देते हुए कहा कि समाचार पत्र की सक्रिय पत्रकारिता और समस्या को उजागर करने की वजह से आज प्रशासन हरकत में आया और पुलिया पर सुधार कार्य शुरू हुआ। अब लोगों को उम्मीद है कि जल्द ही इस पुलिया की स्थायी मरम्मत होगी और वे राहत की सांस ले सकेंगे।

# वनाधिकार कानून आदिवासियों के संवैधानिक अधिकारों की रक्षा करता है : विधायक



● ग्राम सभा मंच ने उपायुक्त से की मुलाकात

**नवीन मेल संवाददाता**

**सिमडेगा।** जिले में वनाधिकार कानून 2006 के तहत वर्षों से लंबित पड़े सामुदायिक और व्यक्तिगत वन अधिकार दावों के निष्पादन को लेकर मंगलवार को एक महत्वपूर्ण बैठक हुई। इस बैठक में कोलेबिरा विधायक नमन विक्सल कोंगाड़ी के नेतृत्व में ग्राम सभा मंच सिमडेगा के प्रतिनिधिमंडल ने जिला उपायुक्त से मुलाकात की और ज्ञापन सौंपा। प्रतिनिधिमंडल में ग्राम सभा मंच सिमडेगा से समर्पण सुरीन, अनुप लकड़ा, सुबरदानी लुगुन, सिप्रियन समद और सुनील मिंज शामिल थे। उन्होंने जिले के विभिन्न प्रखंडों के वनाधिकार आवेदनों की सूची जिला प्रशासन को सौंपी और उनके शीघ्र निष्पादन की मांग की। इस दौरान विधायक नमन विक्सल कोंगाड़ी ने कहा कि वनाधिकार कानून आदिवासी समुदाय के संवैधानिक अधिकारों की रक्षा करती है। इसका प्रभावी क्रियान्वयन ग्रामीण क्षेत्रों में स्थायी विकास का आधार बन सकता है। उन्होंने कहा कि जिले में लंबित दावों के निष्पादन के लिए जिला एवं प्रखंड स्तर पर विशेष कैंप आयोजित किए जाएंगे, जिससे अधिक से अधिक लाभुकों को समय पर वनाधिकार पट्टा प्राप्त हो सके। विधायक ने यह भी बताया कि लंबित मामलों की तकनीकी जांच एवं प्रक्रिया को तेज करने के लिए टीएसी की सक्रिय भूमिका सुनिश्चित की जा रही है। टीएसी के माध्यम से विवादित और अपूर्ण आवेदनों की शीघ्र जांच कर पात्र लाभुकों को अधिकार दिलाया जाएगा। ग्राम सभा मंच के प्रतिनिधियों ने बताया कि कई गांवों ने समय पर सभी प्रक्रियाएं पूर्ण कर दी हैं, फिर भी पट्टे नहीं मिले हैं। उन्होंने प्रशासन से मांग की कि ऐसे सभी आवेदनों की प्राथमिकता के आधार पर निष्पक्ष समीक्षा की जाए। जिला उपायुक्त ने प्रतिनिधिमंडल को आश्वस्त किया कि सभी लंबित दावों की निष्पक्ष समीक्षा की जाएगी और संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि प्रक्रिया को शीघ्र पूरा करें।

## किसानों के बीच नि:शुल्क उड़द बीज का वितरण



सिमडेगा। जिला कृषि कार्यालय परिसर में आत्मा विभाग की ओर से मंगलवार को किसानों के बीच उन्नत किस्म के उड़द बीज का निःशुल्क वितरण किया गया। कार्यक्रम में जिला कृषि पदाधिकारी मुनेंद्र दास की उपस्थिति रही। उन्होंने बताया कि कुल 1575 किलोग्राम उड़द बीज का वितरण किया जाना है, जिसके तहत 395 किसानों का चयन किया गया है। इनमें से अब तक 310 किसानों को बीज वितरित कर दिया गया है और शेष को जल्द ही उपलब्ध कराया जाएगा। उन्होंने बताया कि वितरण की प्रक्रिया पूरी तरह पारदर्शी है, जिसमें आधार कार्ड, जमीन का विवरण, राशन कार्ड तथा मोबाइल ओटीपी सत्यापन के माध्यम से किसानों को बीज दिए जा रहे हैं। प्रत्येक किसान को चार किलोग्राम का विशेष किट दिया गया है। मुनेंद्र दास ने किसानों से अपील की कि वे दिए गए बीज का उपयोग कर खेती करें ताकि उन्हें आर्थिक लाभ मिल सके। उन्होंने कहा कि कई किसान बीज लेने के बाद खेती नहीं करते, जिससे उनकी आय में वृद्धि नहीं हो पाती। कृषि पदाधिकारी ने जोर देते हुए कहा कि सरकार की ओर से किसानों के लिए कई कल्याणकारी योजनाएं चलाई जा रही हैं, जिनका लाभ लेने के लिए सक्रिय भागीदारी जरूरी है।इस कार्यक्रम के माध्यम से जिले में कृषि उत्पादन को प्रोत्साहित करने और किसानों की आय बढ़ाने का लक्ष्य रखा गया है।

### किसानों के बीच मुफ्त बीज वितरण, विधायक ने कहा

## सरकार किसानों के लिए संकल्पित




**ठेठईटांगर।** प्रखंड मुख्यालय परिसर में मंगलवार को झारखंड सरकार की ओर से किसानों के बीच मुफ्त उड़द, मड़वा और मकई बीज का वितरण किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में कोलेबिरा विधायक नमन बिक्सल कोंगाड़ी उपस्थित थे। विधायक ने कहा कि राज्य सरकार किसानों की समृद्धि के लिए लगातार योजनाएं चला रही है। खेती को प्रोत्साहन देने के साथ किसानों को आर्थिक सहायता, बीज, खाद और कृषि यंत्र उपलब्ध कराए जा रहे हैं। उन्होंने किसानों से अपील की है कि वे उन्नत तकनीक अपनाकर कम लागत में अधिक उत्पादन प्राप्त करें। विधायक ने कहा कि खेती के माध्यम से आत्मनिर्भरता संभव है और झारखंड के किसान भी महाराष्ट्र और केरल की तरह कृषि में सफल हो सकते हैं। किसानों को योजनाओं की जानकारी गांव-गांव तक पहुंचानी चाहिए। इस अवसर पर प्रखंड विकास पदाधिकारी नूतन मिंज, सांसद प्रतिनिधि अमित डुंगडुंग, विधायक प्रतिनिधि शमी आलम व रावेल लकड़ा, प्रमुख बिपिन पंकज मिंज, प्रखंड अध्यक्ष अशफाक आलम, मंडल अध्यक्ष जॉनसन डांग, कृषि पदाधिकारी संजय मुकुट बिलुंग सहित कई जनप्रतिनिधि और अधिकारी उपस्थित थे।

## न्यूज बॉक्स

### बाल संरक्षण गृह से फरार बाल बंदी मामले में पांच पुलिसकर्मी निलंबित



**सिमडेगा।** सिमडेगा स्थित बाल संरक्षण गृह से 6 बाल बंदियों के फरार होने मामले में कार्रवाई करते हुए पांच पुलिसकर्मियों को निलंबित कर दिया गया। जानकारी देते हुए एसपी एम अर्शी ने बताया कि सिमडेगा स्थित बाल संरक्षण गृह से 06 जून की देर रात छह बाल बंदी दीवार फांद कर फरार हो गए थे। इसके बाद पुलिस ने कांड संख्या 76/ 2025 के तहत मामला दर्ज करते हुए सीडीपीओ बैजू उरांव और डीएसपी हेड क्वार्टर रणवीर सिंह की अगुवाई में एक टीम का गठन किया।

### बाल विवाह, किशोर न्याय अधिनियम व पोक्सो एक्ट पर कार्यशाला

## कानून एक स्तंभ है जिससे पीड़ित को न्याय मिलता है : डीडीसी

**नवीन मेल संवाददाता**



**सिमडेगा।** एसएस प्लस टू विद्यालय के सभागार में मंगलवार को जिला विधिक सेवा प्राधिकार और महिला बाल विकास विभाग द्वारा कार्यशाला का आयोजन किया गया।

इसमें बाल विवाह निषेध अधिनियम,किशोर न्याय अधिनियम और पॉक्सो एक्ट के संदर्भ में कई जानकारियां दी गईं। कार्यक्रम में अतिथि के रूप में उपस्थित उप विकास आयुक्त दीपांकर चौधरी,प्रधान दंडाधिकारी जेजे बोर्ड सुभाष बाड़ा,चीफ एलएडीसीएस प्रभात कुमार श्रीवास्तव,डिप्टी एलएडीसीएस ब्रिखभान अग्रवाल,सहायक निदेशक सामाजिक सुरक्षा आशा मैक्सिमा आदि ने दीप प्रज्वलित कर किया।

### बीडीओ पर फर्जी भुगतान का आरोप

● बाप जिलाध्यक्ष ने की निष्पक्ष जांच की मांग

**सिमडेगा ।** भारत आदिवासी पार्टी के जिलाध्यक्ष अमृत चिराग तिर्की ने ठेठईटांगर प्रखंड विकास पदाधिकारी नूतन मिंज पर गंभीर आरोप लगाते हुए जांच के लिए उपायुक्त को ज्ञापन सौपा है। उन्होंने कहा कि टुकुपानी पंचायत की एक योजना में दो अलग-अलग पंचायत की लाभुक समितियों को फर्जी भुगतान किया गया है। उन्होंने बताया कि नवाटोली स्कूल पेयजल योजना (योजना कोड 107682818) में वर्ष 2023-24 के अंतर्गत एक वास्तविक समिति फरसापानी को 85,049 का भुगतान किया गया, जबकि एक अन्य फर्जी समिति लाभुक समिति ठेठईटांगर बी को 1,49,820 का फर्जी भुगतान कर सरकारी राशि की बंदरबांट की गई है। चिराग ने कहा कि भुगतान प्रक्रिया बीडीओ के डिजिटल हस्ताक्षर से होती है, ऐसे में यह कदाचार बिना उनके संरक्षण के संभव नहीं है। उन्होंने आरोप लगाया कि पहले भी कई मामलों की शिकायत के बावजूद कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई, जिससे दोषी कर्मियों का मनोबल बढ़ा है। उन्होंने मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों पर कार्रवाई की मांग की है।

### जिला जल एवं स्वच्छता समिति की हुई बैठक

## हर घर जल ग्राम घोषित गांवों का सत्यापन जल्द हो : डीसी



**नवीन मेल संवाददाता**

**सिमडेगा।** उपायुक्त कंचन सिंह की अध्यक्षता में मंगलवार को जिला जल एवं स्वच्छता समिति की बैठक हुई। बैठक में जल जीवन मिशन एवं स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) के विभिन्न बिंदुओं पर समीक्षा की गई तथा अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। उपायुक्त ने निर्देश दिया कि जल जीवन मिशन के तहत "हर घर जल ग्राम" घोषित किए गए गांवों का सत्यापन शीघ्र पूर्ण किया जाए। साथ ही पूर्ण हो चुके एसवीएस/एमवीएस योजनाओं को वीडब्ल्यूएससी को हस्तांतरित करने,एसवीएस योजनाओं का निरीक्षण कर आरएमएस पोर्टल पर अपलोड करने तथा बंद पड़ी योजनाओं को पुनः चालू करने हेतु सभी कनीय अभियंताओं को निर्देश दिए गए। स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) के अंतर्गत उपायुक्त ने सभी संबंधित अधिकारियों को सभी निर्धारित मानकों में अपेक्षित प्रगति सुनिश्चित करने को कहा। अबुआ आवास योजना के लाभुकों की शौचालय निर्माण हेतु ऑनलाइन एंट्री करने, ठोस व तरल कचरा प्रबंधन को सशक्त बनाने तथा प्लास्टिक वेस्ट मैनेजमेंट यूनिट की अद्यतन जानकारी साझा करने का निर्देश दिया गया।बैठक में पंचायत स्तर पर सेग्रेगेशन शेड के निर्माण कार्य, कचरा संग्रहण वाहन की उपलब्धता एवं उनके समुचित उपयोग की समीक्षा भी की गई। सभी प्रखंड विकास पदाधिकारियों को निर्देशित किया गया कि वे कनीय अभियंता, मुखिया, जल सहिया एवं पंचायत सचिव के साथ समन्वय स्थापित कर 'हर घर जल ग्राम' के सत्यापन को प्राथमिकता दें।बैठक में कार्यपालक अभियंता, जिला समन्वयक, सहायक अभियंता, कनीय अभियंता सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

### सिमडेगा में मंईयां सम्मान योजना के लाभुकों के बीच मई माह का भुगतान जारी

● 89,870 लाभार्थियों को मिला लाभ

**सिमडेगा।** जिला सामाजिक सुरक्षा कोषांग, सिमडेगा द्वारा झारखंड सरकार की मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना के अंतर्गत मई 2025 माह के लिए भुगतान की अद्यतन जानकारी जारी की गई है। सामाजिक सुरक्षा पदाधिकारी आशा मैक्सिमा लकड़ा ने बताया कि जिले में कुल 98,513 योजनाधारकों की स्वीकृति प्राप्त है, जिनमें से 89,895 लाभार्थियों के लिए भुगतान प्रक्रिया की गई। इनमें से 89,870 लाभार्थियों को सफलतापूर्वक भुगतान किया गया, जबकि 8,643 मामलों में तकनीकी कारणों से भुगतान असफल रहा।

### कोलेबिरा में टीबी मुक्त भारत अभियान को लेकर निकाली गई जागरूकता रैली



**कोलेबिरा।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कोलेबिरा के तत्वावधान में मंगलवार को टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। इस रैली का नेतृत्व सिविल सर्जन डॉ. रामदेव पासवान ने किया। रैली के माध्यम से लोगों को टीबी रोग सहित अन्य बीमारियों से बचाव व स्वास्थ्य योजनाओं की जानकारी दी गई। रैली की शुरुआत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र से हुई जो रणबहादुर सिंह चौक होते हुए थाना मोड़ तक गई और पुनः केंद्र पर आकर संपन्न हुई। रैली के पश्चात लोगों को टीबी के लक्षण, उपचार और सावधानियों की जानकारी दी गई।

### लचरागढ़ में पलाश दीदी कैफेटेरिया का उद्घाटन

## झारखंडी स्वादों के साथ महिलाओं को मिला स्वरोजगार



**कोलेबिरा।** प्रखंड क्षेत्र के लचरागढ़ में उज्ज्वल आजीविका स्वयं सहायता समूह द्वारा संचालित पलाश दीदी कैफेटेरिया का भव्य उद्घाटन किया गया। इस कैफे का उद्देश्य झारखंडी पारंपरिक व्यंजनों को बढ़ावा देना और ग्रामीण महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाना है।कैफे का उद्घाटन जेएसएलपीएस के पदाधिकारियों एवं सखी मंडल की दीदियों ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। इस अवसर पर डीएम ऋतुराज ने कहा कि यह पहल महिला सशक्तिकरण की दिशा में मील का पत्थर साबित होगीकोलेबिरा बीपीएम अगापित लुगुन ने बताया कि जेएसएलपीएस लगातार महिलाओं को स्वरोजगार से जोड़कर आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के लिए काम कर रही है। बानो बीपीएम कुंदन कुमार और बीपीओ शैलेश कुमार ने कहा कि इस पहल से न केवल रोजगार मिलेगा बल्कि पारंपरिक मोटे अनाज के उपयोग से स्वास्थ्य के प्रति भी जागरूकता आएगी

### प्रोन्नति नहीं तो 5 अगस्त से आमरण अनशन करेंगे शिक्षक: संघ



**सिमडेगा।** जिले में शिक्षकों की लंबित प्रोन्नति एवं अन्य मांगों को लेकर अखिल झारखंड प्राथमिक शिक्षक संघ ने जिला शिक्षा अधीक्षक दीपक राम से मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा। प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व जिला अध्यक्ष प्रेम कुमार शर्मा ने किया। ज्ञापन में ग्रेड-4 में लटकी प्रोन्नति प्रक्रिया को 30 जुलाई तक पूर्ण करने की मांग की गई है। संघ ने चेतावनी दी है कि यदि तय समय तक मांगें पूरी नहीं की जाती हैं तो 5 अगस्त को समाहरणालय के समक्ष एक दिवसीय भूख हड़ताल की जाएगी।

**छात्र सशक्तिकरण** बाल संसद के माध्यम से नेतृत्व, निर्णय और संवाद कौशल में निखार

# बाल संसद का हुआ गठन, हाउस कैप्टनों को दिलाई गई शपथ

**नवीन मेल संवाददाता**



**कोलेबिरा।** प्रखंड के लचरागढ़ स्थित मोंटफोर्ट स्कूल में बाल संसद का गठन समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य फादर जेवियर टेटे ने की। मुख्य अतिथि ब्रदर सुबोध कच्छप तथा विशिष्ट अतिथि ब्रदर कुलदीप कुजूर उपस्थित रहे। बाल संसद में सचिन लुगुन व संध्या बिलुंग को स्कूल हाउस कैप्टन, रोहित बुढ़ व प्रतिमा कुमारी को वाइस कैप्टन नियुक्त किया गया। विद्यार्थियों को रेड, येल्लो, ब्लू और ग्रीन हाउस में विभाजित कर हाउस कैप्टन, वाइस कैप्टन व जूनियर कैप्टन बनाए गए। सभी कैप्टनों को बैज व सर्टिफिकेट प्रदान कर शपथ दिलाई गई। मुख्य अतिथि ने बच्चों को मंत्रिमंडल की कार्यप्रणाली, नेतृत्व, अनुशासन व पर्यावरण संरक्षण के विषय में मार्गदर्शन दिया। प्राचार्य फादर जेवियर टेटे ने बच्चों से ईमानदारी से दायित्व निभाने, पढ़ाई में मन लगाने और अनुशासन बनाए रखने की अपील की। कार्यक्रम में स्कूल के शिक्षक-शिक्षिका, नन-टीचिंग स्टाफ सहित बड़ी संख्या में छात्र उपस्थित रहे। संचालन मनोज बड़ाइक व पवन कुमार ने किया जबकि धन्यवाद ज्ञापन सर फेलिक्स बिलुंग व सिस्टर सिंधु माध्वी ने किया।

## बच्चों ने 'हम हिंदुस्तानी' को चित्रकला से किया अभिव्यक्त



**कोलेबिरा।** प्रखंड संसाधन केंद्र में कलेक्टिव फॉर इंटीग्रेटेड लाइवलीहुड के प्रतिनिधियों द्वारा 'हम हिंदुस्तानी' नामक इवेंट आयोजित किया गया। इसमें बुनियादी विद्यालय कोलेबिरा और कन्या पाठशाला के कक्षा 6 एवं 7 के छात्र-छात्राएं शामिल हुए। कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों की क्रिटिकल थिंकिंग, क्रिएटिविटी और भावनात्मक अभिव्यक्ति को बढ़ावा देना था। शुरुआत चेतना गीत "इसलिए राह संघर्ष की हम चुने" से हुई। बच्चों के साथ 'कला क्या है और क्यों जरूरी है?' विषय पर चर्चा की गई। इसके बाद आजादी अपनापन और "मेरे लोग" विषयों पर स्लोगन लेखन व कोलाज पेंटिंग की गतिविधियां कराई गईं।

### वाहन चेकिंग में चालकों को किया गया जागरूक

● नियम उल्लंघन करने वालों से वसूला गया 32 हजार जुर्माना

**सिमडेगा।** मुफस्सिल थाना कोचेडेगा में जिला परिवहन पदाधिकारी संजय कुमार बखला और सड़क सुरक्षा टीम द्वारा मंगलवार को वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। इस दौरान मोटरसाइकिल चालकों को सड़क सुरक्षा के नियमों के प्रति जागरूक किया गया और नियमों का उल्लंघन करने वालों से कुल 32,000 रुपए जुर्माना वसूला गया। अभियान दोपहर 12:30 बजे से 2:30 बजे तक चला, जिसमें 20-25 चालकों को यातायात नियमों की जानकारी दी गई। रोड सेफ्टी काउंसलिंग के माध्यम से बताया गया।

## भारत बंद और धरना को लेकर माले की बैठक

# मजदूर विरोधी है नया श्रम कोड : राजकुमार

नवीन मेल संवाददाता




**गावां, गिरिडीह।** गावां प्रखंड के माल्डा पंचायत भवन के सभागार में भाकपा माले की बैठक का आयोजन किया गया। इसमें मुख्य रूप से पूर्व विधायक राजकुमार यादव उपस्थित थे। बैठक में भारत बंद और गदर पावर ग्रिड चालू कराने की मांग को लेकर अनिश्चित कालीन धरना को सफल बनाने पर चर्चा की गई। कार्यक्रम की सफलता को ले विभिन्न पंचायतों में प्रचार अभियान चलाने के लिए कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारी दी गई। पूर्व विधायक राजकुमार यादव ने कहा कि 9 जुलाई को मजदूरों पर लागू श्रम कोड को लेकर आहूत भारत बंद को सभी कार्यकर्ता सफल बनाने के लिए सड़क पर उतरेंगे। कहा कि यह कानून मजदूर विरोधी है जिसका भाकपा माले के द्वारा विरोध किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि अपने कार्यकाल में मैंने गदर में पावर ग्रिड की स्वीकृति दिलाकर निर्माण कार्य को प्रारंभ करवाया था। लगभग एक दशक बीत जाने के बाद भी पावर ग्रिड को चालू नहीं कराया जा सका है। जिससे यहां के लोग घोर बिजली संकट से जूझ रहे हैं। वन विभाग के द्वारा ट्रांसमिशन निर्माण के लिए एनओसी नहीं दिए जाने के कारण यह चालू नहीं हो पा रहा है। स्थानीय सांसद-विधायक मामले पर चुप्पी साधे हुए हैं। उन्होंने कहा कि 10 जुलाई से गदर पावर ग्रिड के सामने भाकपा माले के द्वारा अनिश्चित कालीन धरना व घेरा डालो डेरा डालो कार्यक्रम का शुभारंभ किया जाएगा। उन्होंने गावां और तिसरी प्रखंड के लोगों से बढ़चढ़ कर भाग लेने की अपील की।।कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रखंड सचिव सकलदेव यादव व संचालन तिसरी सचिव मुन्ना राणा ने किया। मौके पर नागेश्वर यादव, जयनारायण यादव, पवन चौधरी, अशोक मिस्त्री, अकलेश यादव, अशोक यादव, अभिमन्यु यादव, आनंदी यादव, सुनील दास आदि मौजूद थे।

# जनता दरबार के दौरान ही 10 मिनट में ही हो गया जमीन का म्यूटेशन

नवीन मेल संवाददाता

- दाखिल-खारिज होने के बाद उपायुक्त को धन्यवाद देने पहुंचे श्रीकांत तिवारी भावुक हो गए थे।

**रांची।** वरिष्ठ नागरिक श्रीकांत तिवारी का 13 वर्षों का इंतजार रांची के उपायुक्त-सह-जिला दंडाधिकारी मंजूनाथ भजंत्री के जनता दरबार में खत्म हो गया। दाखिल-खारिज होने के बाद उपायुक्त को धन्यवाद देने पहुंचे श्रीकांत तिवारी भावुक हो गए थे। रुंधे गले से उन्होंने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री का आभार प्रकट किया।

प्रदूषण नियंत्रण पर्षद से सेवानिवृत्त श्रीकांत तिवारी नामकुम अंचल के तुपुदाना मौजा में 07 डिसिमल जमीन के दाखिल-खारिज के लिए वर्ष 2012 से प्रयासरत थे। वे अपनी फरियाद लेकर रांची के उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री के जनता दरबार आए। सारे दस्तावेज को देखने के बाद उपायुक्त द्वारा फोन पर ही नामकुम अंचल अधिकारी को म्यूटेशन का निर्देश दिया गया और 10 मिनट में श्रीकांत तिवारी की जमीन का दाखिल-खारिज हो गया। उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री ने कहा कि आम जनता को बेवजह कार्यालय का चक्कर न लगाना पड़े, उन्हें परेशानी न हो, इसके लिए सभी पदाधिकारी एवं कर्मी पूरी जिम्मेदारी के साथ कार्य करें।



**झारखंड के वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर का चान्हो चौक में पूर्व प्रमुख जुल्फां अंसारी सहित प्रमुख कांग्रेसी नेताओं ने स्वागत किया।**

# छोटी सी मुस्कुराहट भी हजारों सकारात्मक शब्दों के बराबर होती है : चौहान



**ओरमांझी।** मंगलवार को ओरमांझी के किसान उवि कुचू में खुशी क्लास का आयोजन लाइफ केयर हॉस्पिटल, रांची व खुशी क्लास के संयुक्त तत्वावधान में हुआ। खुशी क्लास का संचालन स्कूल व्यवस्थापक अरुण कुमार ने किया। जबकि अध्यक्षता नेवालाल महतो ने किया। कार्यक्रम के पूर्व स्कूल परिसर में पौधरोपण भी हुआ। आम के पौध को लगाने के बाद उसे बचाने का सामूहिक संकल्प भी लिया गया। मौके पर खुशी क्लास के संस्थापक सह संचालक मुकेश सिंह चौहान ने कहा कि तनाव, डिप्रेशन, हाईपरटेंशन, आत्महत्या की प्रवृत्ति को समाज से खदेड़ ही देनी है। सकारात्मक माहौल में घर के आंगन और स्वयं दिल में खुशी के दीप को जलाए रखना है। जिंदगी हमें जिंदादिली से जीने को मिली है। इसे हम तनाव-डिप्रेशन के हवाले तो कदापि नहीं करेंगे। सकारात्मकता आपके आत्मबल और हौसले को जबरदस्त रूप से बढ़ाता है। खुशी का मतलब सिर्फ यह नहीं है कि हमेशा हंसते ही रहें। खुशी आपके आत्मशक्ति में छुपी है। किसी भी तरह के दर्द-पीड़ा, झंझवत का मुकाबला सकारात्मक भाव से करें। तनाव-निराशा खुद पर हावी न होने दें। खुशियों का स्वागत दिल खोल कर करें और मुश्किलों का सामना सकारात्मक भाव से करें। सही मायने में यही खुशी है। चौहान ने बच्चों से कहा कि छात्र अंक के कारण ही तनाव में आ जाते हैं। जबकि अंक आपके व्यक्तित्व, प्रतिभा की पहचान ही नहीं है। अंक एक सूचक मात्र है, वो बतलाता है कि अभी आप कहां खड़े हैं। अंक को चुनौती के रुप में जरुर लें, पर डर या तनाव के रूप में कभी भी नहीं। मौके पूरा स्कूल परिवार मौजूद था।

## जिला विकास समन्वय व निगरानी समिति की बैठक का हुआ समापन

# विकास सुनिश्चित कराने के लिए एक्शन प्लान जरूरी : अन्नपूर्णा देवी

- सभी विभाग आपसी समन्वय स्थापित कर विकास कार्यों को सफल रूप प्रदान करें : सुदिव्य सोनू
- जिला अंतर्गत संचालित विभिन्न विकास योजनाओं के क्रियान्वयन पर की गई विस्तृत चर्चा

नवीन मेल संवाददाता



**गिरिडीह।** नगर भवन गिरिडीह में केंदीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी की अध्यक्षता में जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति (‘दिशा’) की बैठक आयोजित हुई। बैठक के दौरान जिले में संचालित विभिन्न योजनाओं के क्रियान्वयन पर विस्तार से चर्चा की गयी। साथ ही बैठक में दिए गए निर्देशों के अनुपालन के सम्बंध में बिंदुवार समीक्षा कर विचार-विमर्श किया गया। मौके पर उपायुक्त द्वारा क्रियान्वित योजनाओं की प्रगति के सम्बंध में जानकारी दी गयी। बैठक में उपरोक्त के अलावा जिला परिषद अध्यक्ष, सांसद प्रतिनिधि, गिरिडीह, गांडेय के विधायक प्रतिनिधि, राज धनवार के विधायक प्रतिनिधि, सभी प्रखंडों के प्रमुख व अन्य संबंधित जनप्रतिनिधि तथा जिला प्रशासन की तरफ से उपायुक्त, पुलिस अधीक्षक, पूर्वी वन प्रमंडल पदाधिकारी, पश्चिमी वन प्रमंडल पदाधिकारी, उप विकास आयुक्त, अपर समाहर्ता, सभी अनुमण्डल पदाधिकारी, उप नगर आयुक्त, जिला परिवहन पदाधिकारी, सिविल सर्जन, जिला आपूर्ति पदाधिकारी, जिला शिक्षा पदाधिकारी, जिला कोषागार पदाधिकारी, जिला शिक्षा अधीक्षक, जिला भू अर्जन पदाधिकारी, जिला सहकारिता पदाधिकारी, जिला कृषि पदाधिकारी, सहायक निदेशक, सामाजिक सुरक्षा, डीपीएम, JSLPS, कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता विभाग, एलडीएम, जिला मत्स्य पदाधिकारी, कार्यपालक अभियंता, पथ प्रमंडल एवं अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित थे। इस दौरान योजनाओं के कार्यान्वयन की वर्तमान स्थिति व क्षेत्र में किये जाने वाले कार्यों पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक के दौरान विभागों द्वारा क्रियान्वित योजनाओं की समीक्षा की गई। केंद्रीय मंत्री द्वारा निर्देशित किया गया कि वर्तमान वित्तीय वर्ष की योजनाओं को ससमय पूर्ण करना सुनिश्चित करें। बैठक के दौरान उप विकास आयुक्त द्वारा मनरेगा अंतर्गत चालू योजनाओं व सभी अन्य योजनाओं की जानकारी विस्तार में दी गई। इस पर मंत्री ने निर्देश दिया कि सभी लंबित योजनाओं को निश्चित समय सीमा के अंदर पूर्ण करवाना सुनिश्चित किया जाए। बैठक में जलापूर्ति योजना की विस्तृत समीक्षा की गई। समीक्षा के दौरान मंत्री ने कहा कि उपायुक्त के द्वारा एक टीम गठित कर जलापूर्ति योजना के तहत जितनी भी योजनाएं संचालित है, उनका सतत् पर्यवेक्षण सुनिश्चित कराया जाएगा। उन्होंने बताया कि उपायुक्त द्वारा गठित कमेटी में पेयजल एवं स्वच्छता विभागों के पदाधिकारियों तथा स्थानीय जनप्रतिनिधियों को शामिल किया जाएगा। ताकि इसका सतत निगरानी सुनिश्चित की जा सके। इसके अलावा मंत्री ने पथ निर्माण विभाग से संबंधित सड़क, पुलिया व अन्य संरचनाओं के सफल क्रियान्वयन तथा योजनाओं के निर्माण में पारदर्शिता बरती जाए एवं इसका सफल क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जा सके।

## न्यूज बॉक्स

### रमेश सिंह मुंडा के शहीद दिवस पर हॉकी खेल का आयोजन



**अड़की ।** प्रखंड के बोहांडा पंचायत के बोहांडा मैदान में शहीद रमेश सिंह मुंडा के शहीद दिवस पर हॉकी खेल का आयोजन किया गया। इस अवसर पर 71 टीमों ने नामांकन कराया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक प्रतिनिधि मनोज मंडल और विशिष्ट अतिथि अड़की प्रखण्ड विकास पदाधिकारी गणेश महतो थे।कार्यक्रम में JMM अड़की प्रखण्ड के उपाध्यक्ष जावरा मुंडा, जगदीश मुंडा, बसंत मुंडा, अब्राहम सोय, रतन मुंडा और अजय नाग सहित सैकड़ों की संख्या में खिलाड़ी उपस्थित थे। सभी ने शहीद रमेश सिंह मुंडा

### नालसा योजना साथी, डॉन, जागृति एवं आशा पर डालसा का जागरूकता कार्यक्रम



**रांची।** नालसा द्वारा संचालित साथी, डॉन,जागृति व आशा योजना पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन कस्तुरबा गांधी आवासीय विद्यालय एवं कटचांचो गांव, मांडर में किया गया। इस अवसर पर एलएडीसी डिप्टी, राजेश कुमार सिन्हा, पीएलवी सुमन ठाकुर, शमीम अंसारी, बिनिता कुमारी, लखिंद्र गोप, तालिब अंसारी, राजा वर्मा एवं अन्य उपस्थित थे। राजेश कुमार सिन्हा ने नशा उन्मूलन ‘डॉन पर फोकस करते हुए एनडीपएस एक्ट पर चर्चा की। उन्होंने कहा कि नशामुक्त समाज का निर्माण करना ही डालसा का एकमात्र उद्देश्य है। इसके तहत डालसा समय-समय पर गली, मुहल्लों व कस्बो में कैंप लगाकर निरंतर लोगों को जागरूक कर रहें है। साथी अभियान पर फोकस करते हुए कहा कि निराश्रित व बेसहारा बच्चों को आश्रय दिलाने के लिए जिला विधिक सेवा प्राधिकार, रांची भरसक प्रयास करेगा। इसके लिए टॉल फ्री नम्बर - 15100 पर भी सम्पर्क किया जा सकता है।

## रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ की पहल

# रांची से दो श्रावण स्पेशल ट्रेनों की मिली सौगात



**रांची।** रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ की पहल पर रेल मंत्रालय ने रांची से दो श्रावण स्पेशल ट्रेनों की परिचालन की स्वीकृति प्रदान की है। यह दोनों ट्रेन रांची से खुलेंगी और बाबा बैद्यनाथ धाम, देवघर तक जाएगी। पहली ट्रेन का परिचालन मुरी, बोकारो होते भी होगा जबकि दूसरी ट्रेन का परिचालन हजारीबाग, कोडरमा होते हुए होगा। ट्रेनों के परिचालन से संबंधित सूचना दक्षिण पूर्व रेलवे के द्वारा जारी भी कर दी गई है। इस बाबत रक्षा राज्य मंत्री श्री संजय सेठ ने कहा कि यह प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के सरकार की संवेदनशीलता, रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव का अपने कार्यों के प्रति समर्पण का उत्कृष्ट उदाहरण है। मैंने दो दिन पहले रांची से श्रावण स्पेशल ट्रेन का अनुरोध रखा था और आज वह स्वीकृत भी हो गया। रांची लोकसभा क्षेत्र सहित झारखंड के कई जिलों से बाबा बैद्यनाथ की पूजा और जलार्पण के लिए देवघर और सुल्तानगंज जाने वाले श्रद्धालुओं की यात्रा अब और सुगम हो सकेगी। इस स्वीकृति के लिए संजय सेठ ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और रेल मंत्री अश्वनी वैष्णव के प्रति आभार प्रकट किया है। ट्रेनों का परिचालन 10 जुलाई से शुरू होगा और 13 अगस्त तक चलेगा। संजय सेठ ने कहा कि इन ट्रेनों के परिचालन से रांची, खूंटी, सिमडेगा, लोहरदगा, रामगढ़, हजारीबाग, कोडरमा, धनबाद, बोकारो, गिरिडीह, पुरुलिया, झालदा सहित कई क्षेत्रों के लोगों को बैद्यनाथ धाम की यात्रा शुभम हो सकेगी।

### क्लब का अधिष्ठापन समारोह में विनय लोधा बने नए अध्यक्ष

**पश्चिम सिंहभूम।** पश्चिम सिंहभूम जिला में रोट्रैक्ट क्लब ऑफ चाईबासा का अधिष्ठापन समारोह सोमवार देर शाम सामाजिक सौहार्द और प्रेरणा से परिपूर्ण माहौल में आयोजित किया गया। समारोह में विनय लोधा ने अध्यक्ष तथा केशव दोदराजका ने सचिव पद की शपथ ग्रहण की। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व रोटरी डिस्ट्रिक्ट गवर्नर डॉ. आर. भारत एवं टीएमएच अस्पताल की पूर्व विभागाध्यक्ष डॉ. विजया भारत थीं। क्लब चाईबासा के अध्यक्ष विकास दोदराजका भी उपस्थित रहे। समारोह में चाईबासा की कई प्रमुख सामाजिक संस्थाओं के प्रतिनिधियों ने भी शिरकत की। जायंट्स क्लब के अध्यक्ष दीपक शर्मा, मारवाड़ी महिला समिति की अध्यक्षा चंचल सर्राफ विशेष रूप से शामिल हुईं।

## श्रमिक संघ ने मुख्यमंत्री से की त्वरित हस्तक्षेप की मांग

# सिकिदिरी जल विद्युत परियोजना की उपेक्षा से प्रतिदिन करोड़ों का नुकसान : अजय राय

नवीनमेल संवाददाता



**रांची।** झारखंड ऊर्जा विकास श्रमिक संघ के अध्यक्ष अजय राय ने सिकिदिरी जल विद्युत परियोजना की उपेक्षा पर चिंता व्यक्त की है। उन्होंने मुख्यमंत्री एवं ऊर्जा मंत्री हेमंत सोरेन से इस मुद्दे पर त्वरित संज्ञान लेने की अपील की है। एक पत्र के माध्यम से उन्होंने बताया कि यह परियोजना भारी वर्षा के चलते जल से लबालब होने के बावजूद निष्क्रिय पड़ी है, जिसके चलते प्रतिदिन राज्य को करोड़ों रुपए की आर्थिक क्षति उठानी पड़ रही है। श्री राय ने स्पष्ट किया कि यह परियोजना झारखंड ऊर्जा उत्पादन निगम लिमिटेड के अधीन कार्यरत है और इसकी स्थापित उत्पादन क्षमता 130 मेगावाट है। इसके बावजूद, जब राज्य को सस्ती, स्वच्छ और हरित ऊर्जा की सबसे अधिक आवश्यकता है, यह संयंत्र ठप पड़ा हुआ है। उन्होंने आरोप लगाया कि यह स्थिति न सिर्फ प्रशासनिक लापरवाही को दर्शाती है, बल्कि भ्रष्टाचार और लालफीताशाही की पोल भी खोलती है। श्रमिक संघ के अनुसार, सिकिदिरी परियोजना में प्रति यूनिट बिजली उत्पादन की लागत 1 से भी कम आती है, जबकि राज्य इस समय बाहरी स्रोतों से 5 से 7 प्रति यूनिट की दर से बिजली खरीदने को मजबूर है। वर्ष 2018 में संयंत्र जब आंशिक रूप से चालू हुआ था, तब उत्पादन लागत 0.87 प्रति यूनिट आई थी।

### बोलेरो व बस के बीच टक्कर में बच्चे की मौत

बुंडू। बुंडू में बोलेरो और बस के बीच जोरदार टक्कर हुई। हादसे में एक 3 वर्षीय बच्चे की मौत हो गई। जबकि तीन अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। सभी घायलों को इलाज के लिए रिम्स में भर्ती कराया गया है।

## भाजपा राष्ट्रीय मुख्यालय में कार्यकर्ताओं और जनता से मिले रक्षा राज्य मंत्री



**रांची।** भारतीय जनता पार्टी राष्ट्रीय नेतृत्व के तयशुदा कार्यक्रम के अनुसार मंगलवार को रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने नई दिल्ली भाजपा मुख्यालय पूरे दिन उपस्थित रहे। इस दौरान रक्षा राज्य मंत्री से मिलने देश भर के भाजपा कार्यकर्ता और आम लोग पहुंचे थे। रक्षा राज्य मंत्री ने सबसे आत्मीय मुलाकात की। उनकी समस्याओं को सुना और उसके समाधान के लिए सकारात्मक पहल की बात कही। भाजपा कार्यकर्ताओं से मिलकर रक्षा राज्य मंत्री ने उनके क्षेत्र की सामाजिक और राजनीतिक स्थिति पर भी चर्चा की। आम जनता से मुलाकात में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में चल रही जनकल्याणकारी योजनाओं पर चर्चा की। इस दौरान ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर कार्यकर्ताओं और जनता ने इन्हें बधाई भी दी। इस मुलाकात और संवाद कार्यक्रम के बाद रक्षा राज्य मंत्री ने बताया कि भाजपा राष्ट्रीय मुख्यालय में देशभर के कार्यकर्ताओं और नागरिकों से मिलना एक अलग ही अनुभव देने वाला समय रहा।

## एक बच्चे को बचाने के क्रम में ऑटो हुआ दुर्घटनाग्रस्त

# आधा दर्जन हुए घायल दो गंभीर रूप से घायल रेफर

नवीन मेल संवाददाता




**तिसरी (गिरिडीह)।** गिरिडीह जिले के तिसरी थाना अंतर्गत खिजुरी - चतरो मुख्य मार्ग पर मंगलवार की शाम एक बच्चे को बचाने के क्रम में एक ऑटो उस बच्चे पर ही पलट गई। हादसे में वह तीन वर्षीय बच्चा बुरी तरह घायल हुआ साथ ही ऑटो में सवार दो अन्य बच्चे समेत आधा दर्जन तो घायल हो गए। सभी को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र तिसरी लाया गया। वहीं ऑटो पलटने के कारण दबी नीमाडीह निवासी राजू यादव की 3 वर्षीय पुत्री सृष्टि कुमारी को बेलाटांड अस्पताल ले जाया गया है। जहां बच्ची की हालत गंभीर बताई जा रही है। मिली जानकारी के अनुसार तिसरी के नईयाडीह के कुछ लोग ऑटो रिजर्व कर चतरो के झगरूडीह मज़ार गए थे। वापसी के क्रम में बेलाटांड़ अस्पताल के पास एक और शख्स को ऑटो में बिठा लिया। इसी दौरान खिजुरी के निमाड़ीह के पास सड़क पर एक बच्चे को बचाने के क्रम में ऑटो उसी बच्चे पर पलट गया। हादसे में 3 वर्षीय बच्ची सृष्टि कुमारी गंभीर रूप से घायल हो गई। वहीं ऑटो सवार नईयाडीह निवासी 70 वर्षीय शेहरूना खातून, हजूना खातून, मुनेजा खातून, 65 वर्षीय खुशियां खातून, 6 वर्षीय रानी प्रवीण और दूधपनिया निवासी शिबू किस्कू का इलाज डॉ पोखराज व स्वास्थ्यकर्मी अनूप ने तिसरी अस्पताल में किया। जिसके बाद शिबू किस्कू और अजूना खातून को बेहतर इलाज के लिए रेफर कर दिया गया। घटना की जानकारी मिलते ही तिसरी पुलिस मौके पर पहुंची और ऑटो को अपने कब्जे में लेकर आगे की कार्रवाई में जुट गई है।

# शराब बेचेंगे होमगार्ड, पूर्व मंत्री रहेंगे बिना बॉडीगार्ड : प्रवीण प्रभाकर



**रांची।** आजसू पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं झारखंड आंदोलनकारी प्रवीण प्रभाकर ने मंगलवार को कहा कि पार्टी के प्रधान महासचिव एवं पूर्व मंत्री रामचंद्र सहिस की सुरक्षा की अनदेखी की जा रही है। राज्य सरकार शराब बेचने के लिए होमगार्ड का उपयोग करेगी, लेकिन पूर्व मंत्री रामचंद्र सहिस को बॉडीगार्ड नहीं मिलेगा। उनके एकमात्र बॉडीगार्ड को क्लोज कर लिया गया है, जबकि सत्ता पक्ष का छोटा-मोटा नेता भी गार्ड लेकर घूम रहा है। प्रभाकर ने केंद्रीय कार्यालय में आयोजित आजसू मिलन समारोह के बाद मीडिया से बातचीत करते हुए कहा कि सहिस की सुरक्षा अविलंब बहाल की जाए। उन्होंने चेतावनी दी कि इसे बर्दाश्त नहीं किया जा सकता। आजसू नेताओं के प्रति राज्य सरकार और प्रशासन का रवैया भेदभावपूर्ण प्रतीत होता है। इसके पूर्व आजसू प्रमुख सुदेश महतो की सुरक्षा की अनदेखी करते हुए उनका आवास खाली करवा लिया गया था, जबकि पूर्व में राजग सरकार ने झामुमो प्रमुख शिबू सोरेन को आजीवन आवास आबंटित किया था। प्रवीण प्रभाकर ने कहा कि पूर्णिया में 5 आदिवासियों को जिंदा जलाने की घटना दुर्भाग्यपूर्ण है। दोषियों को कड़ी सजा मिलनी चाहिए। लेकिन, कांग्रेस पूर्णिया की घटना का राजनीतिक लाभ उठाने की कोशिश कर रही है। कांग्रेस के मंत्री और नेताओं को झारखंड की नहीं, बल्कि बिहार चुनाव की ज्यादा फिक्र है। कांग्रेस के पास बिहार में क्या कोई नेता नहीं है, जो झारखंड से नेताओं को पूर्णिया भेजा जा रहा है। प्रभाकर ने कहा कि राज्य सरकार ओबीसी को अधिकार देना नहीं चाहती। आजसू पार्टी के दबाव के बाद सरकार ने पिछड़ा आयोग का अध्यक्ष नियुक्त किया है और ट्रिपल टेस्ट शुरू किया है।


ऊर्जा विभाग

**झारखण्ड सरकार, विद्युत कार्यपालक अभियन्ता**

**विद्युत कार्य प्रमण्डल, इंजीनियरिंग हॉस्टल नं०-२, धुर्वा, रॉची**

**अति अल्पकालीन ई-प्रोक्योरमेंट सूचना**

ई–निविदा प्रसंग सं0– Energy/EWD/Ranchi/31/2025-26 दिनांक– 08/07/2025

| 1. | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (रूपये में) | परिमाण विपत्र का मूल्य | अग्रधन की राशि | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| I | रिनपास, कॉके रॉची 3 अदद् गौशाला में विद्युत अधिष्ठापन का कार्य एवं 2 अदद् हाई मास्ट लाईट के अधिष्ठापन एवं एग्रिक्लचर एवं पलांटेशन(बगीचा) सेक्शन के ओवर हेड नेकेड एल0 टी0 लाईन को बंच केबल से बदलीकरण का कार्य। | 28,83,282=00 | 5,000=00 | 58,000=00 | 42 दिन |
| II | रिनपास, कॉके रॉची स्थित एकेडमिक ब्लॉक के कन्वेशन लाईट को एल0ई0डी0 लाईट से बदलीकरण एवं पैच मरम्मति का कार्य एवं हाईमास्ट लाईट के अधिष्ठापन का कार्य। | 24,93,232=00 | 5,000=00 | 50,000=00 | 42 दिन |
| III | रिनपास, रॉची स्थित 2 अदद् गेस्ट हाउस में विद्यत अधिष्ठापन, सर्विस केबल के अधिष्ठापन एवं धर्मशाला में इलेक्ट्रिक पैनल के अधिष्ठापन का कार्य। | 22,05,846=00 | 5,000=00 | 45,000=00 | 42 दिन |
| 2. | वेबसाईट पर निविदा प्रकाशन की तिथि | 18.07.2025 | | | |
| 3. | निविदा जमा करने की तिथि | 19.07.2025 के 10.30 बजे पूर्वाह्न से 24.07.2025 के 2.00 बजे अपराह्न तक | | | |
| 4. | निविदा खोलने की तिथि | 25.07.2025 को 3.00 बजे अपराह्न में | | | |
| 5. | निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता | विद्युत कार्यपालक अभियन्ता, विद्युत कार्य प्रमण्डल, रॉची। | | | |
| 6. | निविदा खोलने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता | विद्युत कार्यपालक अभियन्ता, विद्युत कार्य प्रमण्डल, रॉची। | | | |
| 7. | ई प्रोक्युरमेन्ट प्रकोष्ट का फोन नं0/ई0 मेल | 0651–2490069/electricalexecutiveengineerewd@gmail.com | | | |

**Note :- Tender Fee and Earnest Money Deposit (EMD) are to be paid through online mode only as per instruction of IT Dept. Govt. of Jharkhand Letter no.-120 Dated- 03-10-2023.**

निविदा से संबंधित विस्तृत जानकारी हेतु वेबसाईट http://jharkhandtenders.gov.in मे देखा जा सकता है।

विद्युत कार्यपालक अभियन्ता
विद्युत कार्य प्रमण्डल, रॉची

PR 356801 Energy (25-26)_D

सुप्रभात

विचार प्रवाह

जिस तरह से विभिन्न स्रोतों से उत्पन्न धाराएं अपना जल समुद्र में मिला देती हैं, उसी प्रकार मनुष्य द्वारा चुना हर मार्ग चाहे वह अच्छा हो या बुरा, भगवान तक जाता है। - **स्वामी विवेकानंद जी**

## संपादकीय

# मतदाता सूची मामले में कोर्ट का दुरूपयोग न हो

बिहार विधानसभा चुनाव के पहले मतदाता सूची के सत्यापन और पुनरीक्षण पर मचे सियासी बवाल की धमक अब सुप्रीम कोर्ट तक पहुंच गई है। निर्वाचन आयोग के 24 जून के आदेश को मौलिक अधिकारों का हनन बताते हुए उसे रद्द करने के लिए याचिका दायर हुई है। ममता बनर्जी ने इसे राष्ट्रीय नागरिक रजिस्टर (एनआरसी) से भी ज्यादा खतरनाक बताते हुए आरोप लगाया है कि अगले साल पश्चिम बंगाल में होने वाले विधानसभा चुनाव इस अभियान का असली लक्ष्य है। चुनाव आयोग की यह कार्रवाई संविधान के अनुच्छेद-326, जनप्रतिनिधित्व अधिनियम और निर्वाचन पंजीकरण नियमावली, 1960 के नियमों के अनुरूप हो रही है। वित्तीय धोखाधड़ी रोकने के लिए बैंक खातों और लॉकर्स का नियमित केवाईसी, साइबर फ्रॉड रोकने के लिए मोबाइल नंबरों का सत्यापन, अपराध रोकने के लिए किरायेदारों की जांच और सार्वजनिक वितरण प्रणाली में घोटालों को रोकने के लिए डुप्लीकेट राशन कार्ड को रद्द करने की कार्रवाई का कोई विरोध नहीं होता। महाराष्ट्र में 40 लाख मतदाता बढ़ने पर चल रहे विवाद के बीच चुनाव आयोग ने बिहार के बाद सभी राज्यों में मतदाता सूची की गडबड़ियों को ठीक करने का फैसला लिया है। इसलिए संविधान की 75वीं वर्षगांठ पर मतदाता सूची शुद्धिकरण का विशेष अभियान सभी राज्यों में सफलतापूर्वक चले, तो 2029 के लोकसभा चुनावों के पहले पूरे देश में मतदाता सूची दुरुस्त हो जाएगी। आजादी के बाद मतदाता सूची का विशेष पुनरीक्षण अब तक नौ बार हो चुका है और आखिरी बार विशेष पुनरीक्षण 2003 में हुआ था। चुनाव आयोग के अनुसार, 22 साल पहले पुनरीक्षण की प्रक्रिया एक महीने में पूरी हुई थी। याचिका के अनुसार, करोड़ों लोगों के नाम मतदाता सूची से कट सकते हैं, लेकिन 7.89 करोड़ में से लगभग 4.96 करोड़ का नाम 2003 की मतदाता सूची में शामिल था, उन्हें गणना फॉर्म के साथ सिर्फ 2003 की मतदाता सूची में अपने नाम का विवरण बीएलओ को देना होगा। बकाया तीन करोड़ मतदाताओं में, जिनके माता-पिता का नाम 2003 के मतदाता सूची में है, उनके लिए भी आसान प्रकिया है।उसके बाद बचे मतदाताओं को गणना फॉर्म के साथ कोई दस्तावेज नहीं देना है, लेकिन 11 मान्य दस्तावेजों में से एक कागज देना होगा। इनमें सरकारी नौकरी या पेंशन, पासपोर्ट, मैट्रिक प्रमाण पत्र, निवास, वन अधिकार, जाति, पारिवारिक रजिस्टर, भूमि या मकान के स्वामित्व आदि के प्रमाण पत्र और दस्तावेज शामिल हैं। समस्या की असली जड़ को समझने के लिए साल-2022 में हुए जातीय सर्वे के साथ राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वे और भारत मानव विकास सर्वे की रिपोर्ट के नवीनतम आंकड़ों को समझना जरूरी है। उनके अनुसार जन्म प्रमाण पत्र 2.8 फीसदी, पासपोर्ट 2.4 फीसदी, मैट्रिक प्रमाण पत्र 45 फीसदी, जाति प्रमाण पत्र 16 फीसदी और सरकारी नौकरी के प्रमाण पत्र सिर्फ 1.57 फीसदी लोगों के पास हैं। जन्म-प्रमाण पत्र के पंजीकरण के लिए साल-1969 में संसद ने कानून बनाया था, लेकिन बिहार में सिर्फ एक-चौथाई बच्चों का ही जन्म के बाद पंजीकरण हो रहा है। 2011 के सामाजिक-आर्थिक सर्वे की रिपोर्ट के अनुसार, ग्रामीण इलाकों के 1.78 करोड़ परिवारों में से 65.58 फीसदी लोगों के पास भू-स्वामित्व नहीं है। इसलिए 11 दस्तावेजों के साथ आधार कार्ड, पैन कार्ड, राशन कार्ड, मनरेगा, जॉब कार्ड और ड्राइविंग लाइसेंस को मान्यता देने की मांग हो रही है।



*चुनाव आयोग की यह कार्रवाई संविधान के अनुच्छेद-326, जनप्रतिनिधित्व अधिनियम और निर्वाचन पंजीकरण नियमावली, 1960 के नियमों के अनुरूप हो रही है।*

## ब्रिक्स बनाम अमेरिका : टैरिफ युद्ध की नई दस्तक

# भारत की दोहरी चुनौती : ब्रिक्स की प्रतिबद्धता और अमेरिका की धमकी





वैश्विक मंच पर एक नया तूफान खड़ा हो चुका है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की ताजा चेतावनी ने ब्रिक्स देशों के साथ व्यापारिक और भू-राजनीतिक तनाव को नई ऊंचाइयों पर पहुंचा दिया है। 9 जुलाई 2025 को समाप्त होने वाली जवाबी टैरिफ की समयसीमा और ब्राजील में चल रहे 17वें ब्रिक्स शिखर सम्मेलन के बीच ट्रम्प का यह बयान कि ब्रिक्स की "अमेरिका विरोधी नीतियों" का समर्थन करने वाले देशों पर 10% अतिरिक्त टैरिफ लगेगा, वैश्विक अर्थव्यवस्था के लिए एक बड़े बदलाव का संकेत देता है। यह केवल व्यापार युद्ध की शुरुआत नहीं, बल्कि वैश्विक शक्ति संतुलन में एक गहरी दरार का प्रतीक है।

अमेरिका द्वारा लगाए गए जवाबी टैरिफ की कहानी अप्रैल 2025 से शुरू होती है, जब ट्रम्प प्रशासन ने विश्व भर के व्यापारिक साझेदारों पर 10% से 49% तक टैरिफ की घोषणा की थी। भारत जैसे देशों पर 26% टैरिफ लगाया गया, जबकि चीन पर 34% और दक्षिण अफ्रीका पर 30% टैरिफ निर्धारित किया गया। हालांकि, वैश्विक दबाव के चलते इन टैरिफ को 90 दिनों के लिए निलंबित कर दिया गया, जिसकी समयसीमा अब 9 जुलाई को समाप्त हो रही है। ट्रम्प ने 7 जुलाई को अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्रुथ सोशल पर ऐलान किया कि 12 देशों को टैरिफ पत्र भेजे जाएंगे, जिनमें कोई अपवाद नहीं होगा। यह कदम न केवल ब्रिक्स देशों को निशाना बनाता है, बल्कि वैश्विक व्यापार व्यवस्था को भी चुनौती देता है।

ब्रिक्स समूह, जिसमें ब्राजील, रूस, भारत, चीन, दक्षिण अफ्रीका के साथ-साथ मिस्र, इथियोपिया, इंडोनेशिया, ईरान और संयुक्त अरब अमीरात जैसे नए सदस्य शामिल हैं, वैश्विक अर्थव्यवस्था में एक प्रभावशाली शक्ति बन चुका है। 2024 में चार नए देशों और 2025 में इंडोनेशिया के शामिल होने से इस समूह का दायरा और बढ़ गया है। ब्रिक्स देशों की कुल जनसंख्या विश्व की लगभग आधी है, और यह समूह वैश्विक जीडीपी का 40% और व्यापार व निवेश प्रवाह का 25% हिस्सा नियंत्रित करता है। ऐसे में, ब्रिक्स का बढ़ता प्रभाव अमेरिका के लिए असहजता का कारण बन रहा है, खासकर जब यह समूह अमेरिकी डॉलर की वैश्विक प्रभुता को चुनौती देने की कोशिश कर रहा है।

17वें ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में रियो डी जेनेरियो में जारी संयुक्त घोषणापत्र में ब्रिक्स देशों ने अमेरिका की एकतरफा टैरिफ नीतियों की कड़ी आलोचना की। घोषणापत्र में कहा गया कि टैरिफ और गैर-टैरिफ उपाय वैश्विक व्यापार को विकृत करते हैं और विश्व व्यापार संगठन (डब्ल्यूटीओ) के नियमों का उल्लंघन करते हैं। ब्रिक्स ने एक खुले, निष्पक्ष, और नियम-आधारित बहुपक्षीय व्यापार प्रणाली की वकालत की, जो वैश्विक मंदी और धीमी वृद्धि को रोकने के लिए आवश्यक है। इस बयान ने ट्रम्प के गुस्से को और भड़का दिया, जिन्होंने इसे "अमेरिका विरोधी" करार देते हुए 10% अतिरिक्त टैरिफ की धमकी दी।

ट्रम्प का यह रुख नया नहीं है। जनवरी 2025 में भी उन्होंने ब्रिक्स देशों को चेतावनी दी थी कि अगर वे डॉलर के विकल्प के रूप में नई मुद्रा विकसित करते हैं, तो 100% टैरिफ का सामना करना पड़ेगा। यह धमकी ब्रिक्स की उस महत्वाकांक्षा से जुड़ी है, जिसमें वह अमेरिकी डॉलर और यूरो पर वैश्विक निर्भरता को कम करने के लिए एक वैकल्पिक भुगतान प्रणाली या नई मुद्रा की दिशा में काम कर रहा है। 2022 के 14वें ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में इस विचार की नींव रखी गई थी, और रूस-चीन जैसे देशों ने रूबल और युआन में 95% व्यापार शुरू कर इस दिशा में कदम बढ़ा दिए हैं। भारत के लिए यह स्थिति विशेष रूप से जटिल है। एक ओर, भारत ब्रिक्स का एक प्रमुख सदस्य है, जो वैश्विक दक्षिण की आवाज को मजबूत करने और आर्थिक सहयोग बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध है। दूसरी ओर, अमेरिका के साथ भारत की रणनीतिक साझेदारी और 8 अरब डॉलर का द्विपक्षीय व्यापार इसे टैरिफ युद्ध में नाजुक स्थिति में डालता है। भारत ने अप्रैल में लगाए गए 26% टैरिफ को पूरी तरह हटाने की मांग की है, और दोनों देशों के बीच सितंबर-अक्टूबर तक एक अंतरिम व्यापार समझौते की उम्मीद है। हालांकि, केंद्रीय वाणिज्य मंत्री ने स्पष्ट किया है कि भारत राष्ट्रीय हितों को प्राथमिकता देगा और किसी भी डेडलाइन के दबाव में समझौता नहीं करेगा। ट्रम्प की नीतियों का प्रभाव केवल व्यापार तक सीमित नहीं है। वैश्विक आपूर्ति श्रृंखलाएं, विशेष रूप से इलेक्ट्रॉनिक्स और रत्न-आभूषण जैसे क्षेत्र, जो भारत के लिए 14 अरब और 9 अरब डॉलर के निर्यात बाजार हैं, इस टैरिफ युद्ध से बुरी तरह प्रभावित हो सकते हैं। हालांकि, फार्मास्यूटिकल्स और ऊर्जा क्षेत्रों को फिलहाल छूट दी गई है, जो भारत के 12.2 अरब डॉलर के दवा निर्यात के लिए राहत की बात है। फिर भी, विशेषज्ञों का मानना है कि लंबे समय में टैरिफ में बदलाव इन क्षेत्रों को भी प्रभावित कर सकते हैं। ब्रिक्स देशों का जवाबी रुख भी कम आक्रामक नहीं है। चीनी विदेश मंत्रालय की प्रवक्ता माओ निंग ने कहा कि ब्रिक्स का उद्देश्य किसी देश के खिलाफ नहीं, बल्कि समावेशी और सहकारी विकास को बढ़ावा देना है। रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने पिछले साल अमेरिका पर डॉलर को हथियार बनाने का आरोप लगाया था, और ब्रिक्स की नई मुद्रा की योजना को वैश्विक वित्तीय प्रणाली में अमेरिकी प्रभुत्व के खिलाफ एक कदम माना जा रहा है। वैश्विक अर्थव्यवस्था पर इस टकराव का प्रभाव गहरा हो सकता है। अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) ने 2025-26 के लिए भारत की जीडीपी वृद्धि दर को 6.2% अनुमानित किया है, जो वैश्विक अनिश्चितताओं और व्यापार तनाव के कारण 0.3% कम है। ब्रिक्स देशों का आंतरिक व्यापार 2025 में 1 ट्रिलियन डॉलर तक पहुंच चुका है, जो उनकी आर्थिक ताकत को दर्शाता है। लेकिन ट्रम्प की टैरिफ नीति इस वृद्धि को बाधित कर सकती है, जिससे वैश्विक मंदी का खतरा बढ़ सकता है। इस तनाव का एक और आयाम ब्रिक्स की आतंकवाद के खिलाफ अटल एकजुटता है। 17वें शिखर सम्मेलन में, पहलगाम में हुए भीषण आतंकी हमले की कड़े शब्दों में निंदा करते हुए ब्रिक्स ने आतंकवाद के खात्मे के लिए निर्णायक और ठोस कार्रवाई का आह्वान किया। भारतीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस मंच का प्रभावी उपयोग कर पाकिस्तान को वैश्विक कटघरे में खड़ा किया, जिसने ब्रिक्स की भू-राजनीतिक प्रासंगिकता को और सशक्त किया। यह टकराव केवल व्यापारिक नीतियों तक सीमित नहीं, बल्कि वैश्विक शक्ति संतुलन का एक गहन प्रश्न है। ट्रम्प की "अमेरिका पहले" नीति और ब्रिक्स की बहुपक्षीय विश्व व्यवस्था की दमदार वकालत एक ऐसी वैचारिक जंग की शुरुआत कर रही है, जो वैश्विक अर्थव्यवस्था को अभूतपूर्व दिशाओं में ले जा सकती है। क्या यह संघर्ष एक नई विश्व व्यवस्था को आकार देगा, या यह वैश्विक मंदी का कारण बनेगा? यह सवाल भविष्य के गर्भ में छिपा है, मगर इतना निश्चित है कि आने वाले दिन वैश्विक मंच पर ऐतिहासिक बदलावों के साक्षी बनेंगे। **(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

आज की बात



**प्रो. आरके जैन**

# आओ अनियोजित निर्णय पर ध्यान दें

मानव के व्यावहारिक जीवन में अनेक बार ऐसी परिस्थितियां उत्पन्न होती है जहां उस विशेष अनियोजित परिस्थितियों में अचानक ही निर्णय लेने की ज़रूरत होती है बस !यही वह समय होता है जब अपनी बुद्धि कौशलता के साथ हमें बड़े बुजुर्गों द्वारा कही गई कहावतों, मुहावरों, विचारों को रेखांकित करने की अत्यंत तात्कालिक ज़रूरत होती है।मैं एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानीं गोंदिया महाराष्ट्र से, मेरा मानना है कि उससे हमें अति उच्च गुणवत्ता का सकारात्मक निर्णय लेने में आसानी होती है,जिसके दूरगामी सकारात्मक परिणाम होते हैं और उन परिस्थितियों में पढ़ने वाले विपरीत नुकसान, दुष्परिणामों से बचा जा सकता है जिसके दूरगामी सकारात्मक परिणाम निकलते हैं और हम उसका श्रेय बड़े बुजुर्गों के आशीर्वाद के रूप में ले सकते हैं। साथियों बात अगर हम व्यवहारिक जीवन में निर्णय लेने की करें तो यह दो प्रकार का हो सकता है नियोजित और अनियोजित निर्णय, ऐसे निर्णय जो किसी परिस्थिति विशेष पर अकस्मात लेने पड़ते हैं जिसके लिए कोई पूर्व योजना नहीं होती है अनियोजित निर्णय कहलाते हैं। इसके विपरीत ऐसे निर्णय जो किसी पूर्व योजना पर आधारित होते हैं, नियोजित निर्णय कहलाते हैं। नियोजित निर्णय ठोस तथ्यों पर आधारित होते हैं क्योंकि यह पूर्व निर्धारित योजना पर आधारित होते हैं। साथियों बात अगर हम बड़े बुजुर्गों की कहावतों की करें तो, कहावत उस छोटे से वाक्य या लाइन को कहा जाता है जिसके माध्यम से बड़ी-बड़ी बातें कह दी जाती है। गाँव, घर में अक्सर बड़े-बुजुर्गों के द्वारा बहुत सारी कहावतें सुनने को मिलती है। इन कहावतों को स्कूल में नही पढाया जाता है, इसे ज्यादातर ग्रामीण क्षेत्रों के लोग बोलने में प्रयोग करते है। बहुत सारी ऐसी कहावतें होती है जो घर की महिलाओं के द्वारा प्रयोग की जाती है, कई बार गाँव में बड़े बुजुर्गों की कहावत का अर्थ तो पढ़े लिखे लोग भी नहीं निकाल पाते है, और शर्म में हाँ में हाँ मिलाकर आगे बढ़ जाते है। साथियों बात अगर हम तुरंत निर्णय लेने वाली परिस्थितियों की करें तो, मानव जीवन में अनेक बार ऐसी परिस्थितियां आती है जब मनुष्य समझ नहीं पाता कि उसे किस तरह उस परिस्थिति का सामना करना है । परिस्थितिवश उत्पन्न स्थिति स्वयं में इतनी उलझी होती है की अगर सूझ बूझ और दूर दृष्टि का सहारा न लिया जाये तो निर्णय गलत होने की पूरी सम्भावना रहती है ।अनेको बार छोटी छोटी बातें हमें नकारात्मक गहराई तक प्रभावित करती हैं। ऐसी स्थिति उत्पन्न होने पर बेहतर तो यह है की हम शांति और धैर्य से उस परिस्थिति का विश्लेषण करें तथा उस स्थिति के पक्ष विपक्ष दोनों के बारे में सोंचे क्योंकि प्रत्येक स्थिति के दो पहलू होते है , एक अगर सकारात्मक है तो दूसरा नकारात्मक अवश्य होगा।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

व्यंग्य की बात



**किशन सनमुखदास भावनानीं**

# इमोशनल इंटेलिजेंस : वह शक्ति जो इंसान को इंसान बनाती है

मनुष्य केवल अपनी बुद्धि से नहीं, अपनी भावनाओं की समझ से महान बनता है। आज का युग टेक्नोलॉजी, प्रतिस्पर्धा और परिणामों का युग है। लोग सफल होने के लिए डिग्रियाँ जमा कर रहे हैं, कोचिंग ले रहे हैं, तकनीकी ज्ञान बढ़ा रहे हैं। लेकिन इन सबके बीच हम एक अदृश्य, मगर बेहद महत्वपूर्ण शक्ति को नजरअंदाज कर रहे हैं — इमोशनल इंटेलिजेंस यानी भावनात्मक बुद्धिमत्ता। यह कोई मनोवैज्ञानिक शब्द मात्र नहीं है। यह हमारे जीवन के हर मोड़, हर रिश्ते, हर फैसले की बनियाद है। जो इंसान अपनी भावनाओं को समझता है और दूसरों की भावनाओं को महसूस कर पाता है, वही वास्तव में "समझदार" कहलाता है।

### क्या है इमोशनल इंटेलिजेंस?

इमोशनल इंटेलिजेंस का अर्थ है – अपनी और दूसरों की भावनाओं को पहचानना, समझना, उन्हें नियंत्रित करना और सही ढंग से प्रकट करना। यह केवल गुस्से को रोकना नहीं है,यह जानना है कि गुस्सा क्यों आया और क्या उस पल में चुप रहना ज़रूरी है या बोलना। यह केवल रोने को छुपाना नहीं है, बल्कि यह समझना है कि दिल क्यों दुखा है और कैसे खुद को संभालना है।

### भावनात्मक बुद्धिमत्ता के 5 स्तंभ

1. **आत्म-जागरूकता :** अपनी भावनाओं को पहचानना और उनके कारणों को समझना।
आत्म-नियंत्रण : आवेगों को नियंत्रित करना, गुस्से और निराशा को सही दिशा में मोड़ना।
2. **प्रेरणा :** भीतर से प्रेरित रहना, असफलताओं के बाद भी खुद को उठाना।
3. **सहानुभूति :** दूसरों की भावनाओं को समझना, उनके दर्द को महसूस करना।
4. **सामाजिक कौशल :** रिश्ते निभाने, संवाद करने और सहयोग करने की कला।

### भावनात्मक बुद्धिमत्ता क्यों है ज़रूरी?

1. सही निर्णय लेने की शक्ति मिलती है भावनाओं से परे होकर, लेकिन भावनाओं को समझते हुए लिया गया निर्णय ही संतुलित होता है।
2. रिश्तों को मजबूती मिलती है जब आप सामने वाले के दिल को समझते हैं, तो संवाद मजबूत होता है और गलतफहमियाँ कम होती हैं।
3. गुस्से और तनाव पर नियंत्रण आता है प्रतिक्रिया देने से पहले सोचने की क्षमता जीवन के कई बड़े झगड़े रोक सकती है।
4. आपका व्यक्तित्व परिपक्व बनता है ऐसे लोग न सिर्फ अपने लिए, बल्कि समाज और परिवार के लिए प्रेरणा बनते हैं।

अगर यह नहीं सीखा तो क्या होगा? आप होशियार होंगे, लेकिन संवेदनशील नहीं। आप फैसले लेंगे, पर ज़िम्मेदारी से नहीं। आप सब कुछ बोलेंगे, पर कोई सुनना नहीं चाहेगा। आप ऊँचाई पर तो होंगे, लेकिन अकेले। और तब जीवन का सबसे बड़ा अफसोस यही होगा कि "काश मैंने अपने दिल को भी थोड़ा सुना होता..." क्या यह सिर्फ बड़ों के लिए है? नहीं! बच्चों के लिए सबसे ज़रूरी है। आज के बच्चे तकनीकी रूप से बहुत तेज़ हैं, लेकिन भावनात्मक रूप से कमजोर। वे सोशल मीडिया पर सब कुछ "पोस्ट" करते हैं, लेकिन किसी को "महसूस" नहीं करते। वे शब्दों के अर्थ जानते हैं, पर भावनाओं की भाषा नहीं। इसलिए जरूरी है कि स्कूलों और घरों में बच्चों को गणित, विज्ञान के साथ-साथ भावनात्मक शिक्षा भी दी जाए।

### उन्हें सिखाया जाए

हारने पर कैसे खुद को संभालें, दूसरों के दुःख को कैसे महसूस करें, गुस्से को कैसे शब्दों में नहीं, समझदारी में बदलें।

कुछ आत्मचिंतन के सवाल जो हर किसी को पूछने चाहिएः क्या मैं अपनी भावनाओं को पहचान पाता हूँ? क्या मैंने किसी को दुखी देखकर नजरें फेर लीं? क्या मैं गुस्से में कुछ ऐसा बोल देता हूँ, जिसका पछतावा होता है?

क्या मैं सिर्फ सफल बनना चाहता हूँ या बेहतर इंसान भी? "दिमाग आपको ऊँचाई तक ले जाएगा, लेकिन दिल तय करेगा कि वहाँ आप कितनी देर तक टिके रहेंगे।" आज जरूरत है कि हम समाज को इमोशनल रूप से शिक्षित करें। अगर हम चाहते हैं कि हमारा समाज सहनशील, संवेदनशील और समझदार बने, तो हमें इमोशनल इंटेलिजेंस को अपने जीवन का हिस्सा बनाना ही होगा।

(veenavlogs@gmail.com)

आपकी बात



**वीणा देवांगन**

## फेसबुक वॉल से





## एक्स से





## आज का दोहा

वानर दल आकर खड़ा, राम तुम्हारे साथ।
इंतज़ार किस बात का, करो वार अब नाथ।।

**सोमदत्त शर्मा, गाजियाबाद (उ.प्र.)**

## रचना भेजिए

समाचारों के संबंध में शिकायत या इस पेज के लिए आर्टिकल कृपया भेजें artical.rnmail@gmail.com
कॉल/व्हाट्सएप 8292553444

**संपादक**

# चिराग 'जलिहें' तो...नीतीश के मन मा कसक होइबे करी...

चिराग पासवान फुल फॉर्म में हैं और आरा हिले, छपरा हिले करते हुए पटना हिलाने के लिए बेताब हैं। दिल्ली में मंत्री की कुर्सी पर रहते हुए पटना में मुख्यमंत्री कुर्सी पर टकटकी लगाए हुए हैं और नीतीश बाबू की नाक में दम किए हुए हैं। कानून-व्यस्था की अव्यस्था से सवालों के घेरे में आए नीतीश बाबू पर क्या अपने और क्या पराए सब पिल पड़े हैं। चिराग तो यहां तक कह रहे हैं कि उन्हें पटना आने से रोका जा रहा है। उनका इशारा नीतीश बाबू पर ही है भले ही वो उनका नाम न ले रहे हों। नीतीश बाबू नरेंद्र मोदी के हनुमान चिराग से 2020 में भी हल्कान रहे हैं और इस बार भी चिराग कह रहे हैं हमको किसी का डर नहीं, कोई जोर हमारे पर नहीं...। बात और इरादे दोनों साफ हैं। 243 सीटों पर चुनाव लड़ने को तैयार चिराग पासवान का कहना है कि हर सीट पर उम्मीदवार जरूर होगा लेकिन दांव पर खुद वही होंगे। चिराग ने खुद चुनाव लड़ने का भी ऐलान किया है, जबकि वो हाजीपुर से सांसद और केंद्र में मंत्री भी हैं। यह अलग बात है कि रामविलास पासवान की विरासत को लेकर आगे बढ़ रहे उनके दत्तक पुत्र चिराग को अपने कुछ रिश्तेदार भी पासवान नहीं मानते लेकिन इस बात से चिराग को कोई फर्क नहीं पड़ता। चिराग को बिहार में रोशन होने से कोई नहीं रोक सकता। चिराग की चुनावी सभाओं में भीड़ और उत्साह देखकर यह साफ पता चलता है कि एनडीए में नीतीश के बाद अगर कोई सबसे ज्यादा लोकप्रिय चेहरा है तो वह है चिराग पासवान। दिल्ली से पटना तक यह बात सब समझते हैं लेकिन कोई स्वीकार करता है और कोई नहीं करता है। चिराग के वजूद को खारिज करने वालों में हम पार्टी के अध्यक्ष जीतन राम मांझी हैं जो दिल्ली में उनके वरिष्ठ सहयोगी हैं लेकिन पटना में उनकी मौजूदगी को खारिज करते हुए कहते हैं कि एनडीए का चेहरा नीतीश ही हैं कोई और नहीं। जीतन राम मांझी खुद अस्सी पार होने की वजह से खुद को दावेदार नहीं बताते लेकिन नीतीश के अलावा किसी की दावेदारी को स्वीकार करने के लिए वह तैयार नहीं है चाहे चिराग ही क्यों न हों। 2020 में नीतीश को सिमटाने वाले चिराग इस बार नीतीश को निपटाने में लगे हैं। नीतीश को 2020 का वह मंजर याद है चिराग को भले ही विधानसभा चुनाव में कामयाबी नहीं मिली हो लेकिन नीतीश को कमज़ोर करने में पूरी भूमिका उन्होंने निभाई थी। नीतीश यह भी जानते हैं कि भले ही शिष्टाचार वश एक दो बार चिराग उनका अभिवादन कर लेते हों, लेकिन वह न तो उनको पसंद करते हैं और न ही उनका सम्मान करते हैं । नीतीश बतौर मुख्यमंत्री राज्य में बीस साल पूरा कर चुके हैं अब किसी और को मौका दिया जाना चाहिए। ऐसा एनडीए के ज्यादातर नेता मानते हैं लेकिन एनडीए क्या नीतीश को चेहरा बनाए बगैर चुनाव मैदान में उतरेगी, यह एक बड़ा सवाल है। सवाल यह भी है कि क्या चिराग नरेंद्र मोदी की सहमति के बगैर ताल ठोंक रहे हैं और क्या वह बिहार में एऩडीए से अलग हटकर चुनाव लड़ेंगे? अभी एऩडीए में सीटों का बंटवारा नही हुआ है लेकिन चिराग के तेवर यह बता रहे हैं कि उनके तरकश के सारे तीर नीतीश के खिलाफ ही इस्तेमाल किए जाने वाले हैं। ऐसे में वह कम से कम एऩडीए का हिस्सा रहकर तो चुनाव नहीं ही लड़ सकते हैं। चिराग एक जोशीले युवा नेता हैं और खुद को रामविलास पासवान की राजनीतिक विरासत के असली हकदार साबित करने के लिए एड़ी-चोटी को जोर लगाए हुए हैं। 2024 में चाचा पशुपति पारस और उनकी पार्टी से तकरार से बने विपरीत हालात के बावजूद बीजेपी से मिलकर पार्टी के पांच सांसद जिताकर दिल्ली भेजने वाले चिराग की लडाई नाउम्मीदी के अंधेरों के खिलाफ रही है और वह लगातार अपनी पार्टी के लिए नई उम्मीदों को रोशन करते रहे हैं। राजनीतिक विरासत के बावजूद रील लाइफ से निकले हुए चिराग में रियल लाइफ के लिए भी काफी संभावनाएं हैं इससे इंकार नही किया जा सकता लेकिन चिराग के तेवर से एऩडीए और आखिरकार बीजेपी को ही नुकसान हो सकता है इस आशंका से भी इंकार नहीं किया जा सकता। चिराग को पटना की कुर्सी मिले न मिले वह नीतीश को इससे दूर तो कर ही देंगे। यह भी हो सकता है कि वोट बंटने की वजह से तेजस्वी के लिए सत्ता तक पहुंचने का रास्ता आसान हो जाए।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**



अलग बात



**अमर आनंद**

स्वामी, पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. के लिए प्रकाशक एंव मुद्रक हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा 502, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची से प्रकाशित एवं एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में शिवासाइं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड), नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित। रजिस्ट्रेशन नंः BIHHIN/1999/155, प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल'*, समाचार संपादक : त्रिभुवन कुमार सिन्हा, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नंबर : 06562-796018, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान हरमू रोड, रांची-834001, फोन नंबर : 0651-3553943, ई-मेल : news.rnmail@gmail.com, article.rnmail@gmail.com
(*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

# कांवड़ यात्रा को लेकर सीएम धामी ने की सुरक्षा की समीक्षा



**एजेंसी। उत्तराखंड**

सीएम पुष्कर सिंह धामी ने 10 जुलाई से होने वाली कांवड़ यात्रा को लेकर पुलिस अधिकारियों के साथ बैठक की। पुष्कर सिंह धामी ने कानून व्यवस्था, कांवड़ यात्रा एवं आपदा प्रबंधन के सम्बन्ध में बैठक में उत्तराखण्ड पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों को निर्देश दिये कि सभी जनपदों में सत्यापन अभियान सख्ती से चलाया जाये, सीमाओं पर सतर्कता बरती जाये तथा अतिक्रमण के विरूद्ध कार्यवाही निरन्तर जारी रखी जाये। उन्होंने निर्देश दिये कि कांवड़ यात्रा मार्ग पर सीसीटीवी एवं ड्रोन के माध्यम से निगरानी सुनिश्चित की जाये तथा यातायात नियंत्रण व्यवस्था को प्रभावी बनाया जाये। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को आपातकालीन स्थितियों से निपटने के लिए हेली एम्बुलेंस सेवा की उपलब्धता सुनिश्चित करने, महिला सुरक्षा व्यवस्था को और सुदृढ़ करने तथा आम जनता की शिकायतों के निस्तारण की प्रगति एवं ट्रैकिंग की निरन्तर निगरानी सुनिश्चित करने के भी निर्देश दिये। उन्होंने नशाखोरी एवं नशे के विरूद्ध जीरो टॉलरेंस की नीति पर भी प्रभावी ढंग से कार्य करने के निर्देश दिये। इससे पहले पुष्कर सिंह धामी ने शनिवार को चंपावत जिले के टनकपुर पर्यटक विश्राम गृह से 11 राज्यों के तीर्थ यात्रियों के पहले जत्थे को लेकर जा रही बस को हरी झंडी दिखाकर कैलाश-मानसरोवर की यात्रा पर रवाना किया। धामी ने तीर्थयात्रियों का स्वागत करते हुए उन्हें उत्तराखंड की सांस्कृतिक विरासत को दर्शाते स्मृति चिन्ह भेंट किए। उन्होंने कहा कि तीर्थयात्रियों का सौभाग्य है कि वे इस पावन यात्रा में शामिल हो रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा, ''हर किसी को कैलाश-मानसरोवर की यात्रा का सौभाग्य नहीं मिलता। यह सिर्फ धार्मिक यात्रा नहीं है, बल्कि आध्यात्मिक जागृति का मार्ग है।'' उत्तराखंड के लिपुलेख दर्रे से होकर गुजरने वाली कैलाश-मानसरोवर यात्रा पांच साल के अंतराल के बाद इस वर्ष फिर से शुरू हुई है।

**तमिलनाडु में एक दिन में दो दर्दनाक हादसे!**

# स्कूल वैन को ट्रेन ने मारी टक्कर, कार और ट्रक की टक्कर में चार की मौत

**एजेंसी। तमिलनाडु**

तमिलनाडु के लिए सुबह दर्दनाक थी। सुबह उठते ही जहां सुबह करीब 7.45 बजे तमिलनाडु के कुड्डालोर जिले के सेम्मनकुप्पम में एक मानवयुक्त गेट पर चार छात्रों को ले जा रही एक स्कूल वैन को एक यात्री ट्रेन ने टक्कर मार दी, जिसमें कम से कम तीन स्कूली बच्चों की मौत हो गई और ड्राइवर सहित दो अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। निजी सीबीएसई स्कूल कृष्णास्वामी विद्यानिकेतन की वैन कुड्डालोर और अलप्पक्कम के बीच रेलवे लेवल क्रॉसिंग गेट नंबर 170 (एक गैर-इंटरलॉक मानवयुक्त गेट) को पार करने की कोशिश कर रही थी, तभी उसे ट्रेन नंबर 56813 विल्लुपुरम-मइलादुथुराई पैसेंजर ने टक्कर मार दी। वहीं दूसरी तरह तमिलनाडु तंजावुर-कुंभकोणम मोटरमार्ग पर मंगलवार की सुबह एक कार और 'मिनी ट्रक' के आपस में टकरा जाने के कारण एक ही परिवार के चार लोगों की मौत हो गई, जबकि तीन अन्य घायल हो गए। पुलिस ने बताया कि चेन्नई के पेरुंगलथुर निवासी एस. कुमार (57) अपने परिवार के साथ कार से बृहदेश्वर मंदिर जा रहे थे और सुबह करीब साढ़े 10 बजे यह हादसा हो गया। विक्रवंडी-तंजावुर राजमार्ग पर कार के कुरुंगलूर से गुजरते समय धान की बोरियां लेकर विपरीत दिशा से आ रही एक मिनीवैन गलत लेन में आ गई। पुलिस ने बताया कि तेज गति से आ रही कार ट्रक से टकरा गई, जिससे चालक को संभलने का समय ही नहीं मिला। कुमार की मौके पर ही मौत हो गई जबकि कार में सवार उनकी पत्नी जया (55), उनकी बेटी दुर्गा (32) और नवासी नीलावेणी सूर्या (3) ने भी बाद में दम तोड़ दिया। पुलिस ने बताया कि मिनीवैन के चालक समेत तीन अन्य लोग घायल हो गए, जिनका तंजावुर स्थित एक निजी अस्पताल में इलाज किया जा रहा है।



- **कुड्डालोर में स्कूल वैन हादसा :** सुबह करीब 7:45 बजे सेम्मनकुप्पम में मानवयुक्त रेलवे क्रॉसिंग पर एक स्कूल वैन को पैसेंजर ट्रेन ने टक्कर मार दी।
- **तीन बच्चों की मौत :** हादसे में निजी सीबीएसई स्कूल की वैन में सवार तीन स्कूली बच्चों की मौत हो गई, जबकि ड्राइवर सहित दो अन्य गंभीर रूप से घायल हुए।
- **मानवयुक्त गेट की चूक :** वैन गैर-इंटरलॉक मानवयुक्त गेट संख्या 170 को पार कर रही थी, जब उसे विल्लुपुरम-मइलादुथुराई पैसेंजर ट्रेन ने टक्कर मारी।
- **तंजावुर में सड़क हादसा :** सुबह करीब 10:30 बजे तंजावुर-कुंभकोणम हाईवे पर कार और मिनी ट्रक की टक्कर में चार लोगों की मौत हो गई।

# खड़गे के बयान पर भाजपा के आरोप को कांग्रेस नेता पवन खेड़ा ने घटिया मानसिकता बताया

**एजेंसी। नई दिल्ली**



भारतीय जनता पार्टी ने कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद का अपमान करने का आरोप लगाया है। भाजपा ने खड़गे के बयान को आपत्तिजनक बताते हुए इसे दलित और आदिवासी समुदाय का अपमान बताया है। भाजपा नेताओं की ओर से माफी मांगने की मांग तेज हो गई है। दूसरी ओर कांग्रेस नेता पवन खेड़ा ने इसे भाजपा की घटिया मानसिकता करार दिया है। मंगलवार को समाचार एजेंसी आईएएनएस से बातचीत करते हुए कांग्रेस नेता पवन खेड़ा ने कहा कि भाजपा का दोहरा चरित्र है। वे आदिवासी के तौर पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को एक प्रतीक के रूप में पेश करते हैं, जबकि जमीन पर वे आदिवासी समुदायों का शोषण करते हैं। छत्तीसगढ़ में आदिवासियों पर अत्याचार कर रहे हैं। हजारों पेड़ों को काटा जा रहा है उनकी जमीन, जंगल और पानी छीना जा रहा है। यह लगातार अल्पसंख्यक, दलित और कमजोर वर्गों को परेशान कर रहे हैं। यह भाजपा की मानसिकता है। बिहार में मतदाता सत्यापन पर कांग्रेस नेता पवन खेड़ा ने कहा कि हम इस बात को बार-बार दोहराते रहे हैं और हमें बेहद खुशी है कि सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को इस मामले की सुनवाई स्वीकार कर ली। हमें उम्मीद है कि उन करोड़ों लोगों को न्याय मिलेगा, जिनके वोटों को चुनावी चोरी की इस साजिश का निशाना बनाया जा रहा है। बिहार की कानून व्यवस्था पर उन्होंने कहा कि बिहार में गुंडाराज चल रहा है। इसके पीछे भाजपा का हाथ है। सरकार की कमान भाजपा के पास है। मणिपुर संकट सुलझाने में संघ की भूमिका पर कांग्रेस नेता ने पलटवार करते हुए कहा कि संघ अगर आदिवासी इलाकों से दूर हो जाए तो इनकी आधी से ज्यादा समस्या खत्म हो जाएगी।

- **दलित-आदिवासी अपमान का मुद्दा :** भाजपा ने खड़गे के बयान को दलित और आदिवासी समुदाय का अपमान बताते हुए माफी की मांग तेज कर दी है
- **कांग्रेस का पलटवार :** कांग्रेस नेता पवन खेड़ा ने भाजपा पर "घटिया मानसिकता" और दोहरे चरित्र का आरोप लगाया

## राष्ट्रपति पर खड़गे का बयान शर्मनाक, देश की जनता से माफी मांगें : मनन मिश्रा



**नई दिल्ली।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद और वर्तमान राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू पर दिए गए बयान को लेकर सियासत तेज हो गई है। बार काउंसिल ऑफ इंडिया (बीसीआई) के चेयरमैन और राज्यसभा सांसद मनन मिश्रा ने खड़गे के बयान को बेहद दुखद और शर्मनाक बताया है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रपति जैसे गरिमामय पद पर बैठे व्यक्तियों का इस तरह से मजाक उड़ाना देश की गरिमा का अपमान है। समाचार एजेंसी आईएएनएस से खास बातचीत में मंगलवार को मनन मिश्रा ने कहा कि मल्लिकार्जुन खड़गे एक राष्ट्रीय पार्टी के अध्यक्ष हैं। वह एक उम्रदराज और अनुभवी नेता हैं। उनके मुंह से इस तरह की बातें शोभा नहीं देतीं। द्रौपदी मुर्मू एक आदिवासी समाज से आने वाली संभ्रांत महिला हैं और देश की राष्ट्रपति हैं। वहीं, रामनाथ कोविंद एक विद्वान व्यक्ति हैं, जिन्होंने बेहद गरिमा के साथ राष्ट्रपति पद की जिम्मेदारी को निभाया। भाजपा और भारत की जनता ने बिना किसी जाति-धर्म का भेद किए इन लोगों को देश के सर्वोच्च पद तक पहुंचाया है, उसकी इस तरह खिल्ली उड़ाना शर्म की बात है। मनन मिश्रा ने खड़गे से जनता के सामने माफी मांगने की मांग की। उन्होंने कहा कि यदि खड़गे ऐसा नहीं करते तो जनता कांग्रेस को सबक जरूर सिखाएगी। बिहार में हाल ही में हो रही आपराधिक घटनाओं को लेकर विपक्ष के हमलों का जवाब देते हुए मनन मिश्रा ने आरजेडी नेता तेजस्वी यादव और कांग्रेस पर भी निशाना साधा। उन्होंने कहा कि तेजस्वी यादव और कांग्रेस जिनके राज में 2005 से पहले बिहार की हालत यह थी कि कोई महिला, लड़की, बच्चा या आम नागरिक स्कूल जाने या बाहर निकलने की हिम्मत नहीं करता था। अब वही लोग बिहार की कानून व्यवस्था पर सवाल उठा रहे हैं।

## जासूस ज्योति मल्होत्रा का केरल सरकार से क्या कनेक्शन

**केरल।** केरल के पर्यटन मंत्री मोहम्मद रियास ने मंगलवार को स्पष्ट किया कि सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर और यूट्यूबर ज्योति मल्होत्रा के चयन में राज्य सरकार की कोई भूमिका नहीं थी, जिन्हें मई में पाकिस्तान के लिए जासूसी करने के संदेह में गिरफ्तार किया गया था। मोहम्मद रियास ने संवाददाताओं को बताया ज्योति मल्होत्रा को उनके खिलाफ कोई मामला सामने आने से पहले ही नामित एजेंसी द्वारा आमंत्रित किया गया था, और प्र भा वशाली व्यक्तियों के चयन में केरल सरकार की कोई भूमिका नहीं थी। मोहम्मद रियास ने यह बयान उन आरोपों के जवाब में दिया है, जिनमें कहा गया है कि जासूसी के आरोप में गिरफ्तार ज्योति मल्होत्रा को राज्य में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए आमंत्रित किया गया था। प्रवक्ता शहजाद पूनावाला सहित भारतीय जनता पार्टी के कुछ नेताओं ने आरटीआई के जवाब का हवाला देते हुए दावा किया था कि ज्योति मल्होत्रा राज्य सरकार के निमंत्रण पर केरल आई थीं। पूनावाला ने कहा कि इसलिए भारत माता को रोका गया और पाकिस्तानी जासूसों को वामपंथियों द्वारा लाल कालीन पहनाया गया। भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (सीपीआई) ने आरोपों की कड़ी निंदा की।

# हिप्र के सात जिलों में बाढ़ का खतरा प्रशासन ने बंद कराई 225 सड़कें

**एजेंसी। हिमाचल प्रदेश**



भारत के पहाड़ी राज्य हिमाचल प्रदेश में भारी बारिश, बाढ़ और भूस्खलन की वजह से कई लोग लापता बताए जा रहे हैं। सप्ताहांत में असामान्य रूप से भारी बारिश के कारण 23 बाढ़ और 16 भूस्खलन की घटनाओं के बाद उत्तर भारतीय राज्य में सैकड़ों घर, पुल, सड़कें और बिजली के खंभे बह गए। हिमाचल प्रदेश राज्य सरकार की एक रिपोर्ट के अनुसार, 19 बादल फटने की घटनाएं भी हुईं, जिसमें अचानक भारी मात्रा में बारिश हुई। इस सप्ताह और अधिक बारिश की चेतावनी के साथ कई जिले भूस्खलन के लिए हाई अलर्ट पर हैं। हिमालय के पहाड़ी इलाकों में फैला हिमाचल प्रदेश हाल के वर्षों में बार-बार प्रभावित हुआ है क्योंकि जलवायु आपातकाल के कारण मानसून की बारिश अनियमित हो गई है और अधिक तीव्र, अनियंत्रित रूप से गिर रही है।

हिमाचल प्रदेश के कई हिस्सों में भारी बारिश होने के बीच स्थानीय मौसम विभाग ने मंगलवार को अगले 24 घंटों में सात जिलों के कुछ हिस्सों में अचानक हल्की से मध्यम बाढ़ आने की चेतावनी दी। ये जिले चंबा, कांगड़ा, मंडी, कुल्लू, शिमला, सोलन और सिरमौर हैं। मौसम विभाग ने अगले सोमवार तक अलग-अलग स्थानों पर भारी बारिश होने की चेतावनी देते हुए येलो अलर्ट भी जारी किया है।

राज्य आपातकालीन परिचालन केंद्र (एसईओसी) के अनुसार, सबसे अधिक प्रभावित मंडी जिले में 153 मार्गों समेत कुल 225 सड़कें बंद कर दी गई हैं, जबकि राज्य में 163 ट्रांसफॉर्मर एवं 174 जलापूर्ति योजनाओं पर असर पड़ा है। हिमाचल प्रदेश में एक जून से आठ जुलाई तक 203.2 मिलीमीटर (मिमी) बारिश हुई है, जबकि इस अवधि में सामान्यतः 152.6 मिमी वर्षा होती है। इस दौरान मंडी जिले में 110 फीसदी अधिक बारिश दर्ज की गई, शिमला में 89 फीसदी और ऊना में 86 फीसदी वर्षा हुई।

मानसून ने 20 जून को हिमाचल प्रदेश में दस्तक दी थी। सोमवार शाम से राज्य के कई हिस्सों में मध्यम से भारी बारिश हो रही है। मौसम विभाग के अनुसार, गोहर में 85 मिमी, सराहन में 84.5 मिमी, बैजनाथ में 60 मिमी, नाहन में 54.2 मिमी, पावंटा साहिब में 48 मिमी, नैना देवी में 46.2 मिमी, कसौली में 37 मिमी, जोगिंदरनगर में 28 मिमी, पालमपुर में 27.2 मिमी और शिमला में 19 मिमी बारिश दर्ज की गई। अधिकारियों ने बताया कि 20 जून को मानसून के आगमन के बाद से हिमाचल प्रदेश में आकस्मिक बाढ़ की 23, बादल फटने की 19 और भूस्खलन की 16 घटनाएं हुई हैं तथा राज्य में बारिश से संबंधित घटनाओं में अब तक 52 लोगों की मौत हो चुकी है। मंडी जिले में लापता हुए लोगों की खोज और बचाव के लिये अभियान को तेज कर दिया गया है। अधिकारियों का कहना है कि पिछले सप्ताह थुनाग, गोहर और करसोग उपसंभागों में 28 लोग लापता हो गये।

# आज का राशिफल

**मेष :** मन प्रसन्न बना रहेगा। अचल संपति की खरीद अथवा कृषि उद्यम में रुचि पैदा होगी। परिवार के साथ मनोरांजनिक स्थल की यात्रा होगी। आपसी प्रेम-भाव में बढ़ोतरी होगी। भविष्य की योजनाओं पर विचार विमर्श होगा। अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। सभी का सहयोग मिलेगा।

**वृष :** दिन-भर का माहौल आडंबरपूर्ण और व्ययकारी होगा। वरिष्ठ लोगों से कहासुनी के कारण तनाव पैदा हो सकता है। संयमित भाषा का इस्तेमाल करें। कुछ कार्यक्रम बदलने होंगे। आवेग में आकर किये गए कार्यों का म्लान, अवसाद रहेगा। उतावलेपन से बचें। प्रेमभाव बढ़ेगा।

**मिथुन :** घर के सदस्य मदद करेंगे और साथ ही आर्थिक बदहाली से भी मुक्ति मिलने लगेगी। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। मनोरथ सिद्धि का योग है। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। सभा-सोसायटी में सम्मान मिलेगा। पद-प्रतिष्ठा बढ़ाने के लिए कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे।

**कर्क :** सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। प्रेमभाव बढ़ेगा। आमोद-प्रमोद का दिन होगा और व्यावसायिक प्रगति भी होगी। स्वास्थ्य और जीवन स्तर में सुधार की अपेक्षा रहेगी। ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा। स्त्री-संतान पक्ष का सहयोग मिलेगा।

**सिंह :** कुछ कार्य भी सिद्ध होंगे। व्यर्थ की भाग-दौड़ से यदि बचा ही जाए तो अच्छा है। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। भाई-बहनों का प्रेम बढ़ेगा। स्वविवेक से कार्य करें। दुर्लभ स्वप्न साकार होंग।

**कन्या :** आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध हो रहे हैं। कुछ आर्थिक संकोच पैदा हो सकते हैं। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। सभा-गोष्ठियों में मान-सम्मान बढ़ेगा। धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। स्त्री पक्ष का सहयोग मिलेगा।

**तुला :** आय-व्यय समान रहेगा। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। शत्रुभय, ड़क्षचता, संतान को कष्ट, अपव्यय के कारण बनेंगे। भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए। मेल-मिलाप से कोशिश सफल होगी।

**वृश्चिक :** कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। अपने हित के काम सुबह-सवेरे ही निपटा लें क्योंकि आगे कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे। स्वास्थ्य का पाया भी कमजोर बना रहेगा।

**धनु :** यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार रहेंगे। अपने काम को प्राथमिकता से करें चिंतनीय वातावरण से मुक्ति मिलेगी।

**मकर :** मेहमानों का आगमन होगा। राजकीय कार्यों से लाभ। पैतृक सम्पत्ति से लाभ। नैतिक दायरे में रहें। मेहमानों का आगमन होगा। पुरानी गलती का पश्चाताप होगा। विद्यार्थियों को लाभ। दाम्पत्य जीवन सुखद रहेगा। वाहन चालन में सावधानी बरतें। आय के अच्छे योग बनेंगे। सफलता मिलेगी।

**कुंभ :** परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। ज्ञानार्जन का वातावरण बनेगा। सफलता मिलेगी।

**मीन :** अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। शिक्षा में आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। नौकरी में पदोन्नति की संभावना है। मित्रों से सावधान रहें तो ज्यादा उत्तम है। शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। इच्छित कार्य सफल होंगें। सुख-आनंद कारक समय है।

**शैव और वैष्णववाद पर की थी आपत्तिजनक टिप्पणी**

# राजनेता राजाओं की तरह व्यवहार करते हैं : हाईकोर्ट

**एजेंसी। मुंबई**



मद्रास उच्च न्यायालय ने वैष्णवों, शैवों और सामान्य वर्ग की महिलाओं के खिलाफ अपमानजनक टिप्पणी करने के लिए पूर्व डीएमके मंत्री के पोनमुडी को कड़ी फटकार लगाई और चेतावनी दी कि अगर तमिलनाडु पुलिस उनके खिलाफ कार्रवाई करने में विफल रहती है तो सीबीआई जांच का आदेश दिया जा सकता है। अप्रैल में एक कार्यक्रम में पोनमुडी ने हिंदू धार्मिक पहचान को यौन स्थितियों से जोड़ने वाली टिप्पणी की थी। न्यायालय द्वारा शुरू की गई एक स्वप्रेरणा रिट याचिका पर सुनवाई करते हुए न्यायमूर्ति वेलमुरुगन ने कहा, आजकल इन राजनेताओं को लगता है कि अनुच्छेद 19 के तहत आकाश की सीमा है। हम केवल दर्शक बनकर नहीं रह सकते। हम कई समुदायों वाले लोकतंत्र में रहते हैं। न्यायाधीश ने आगे जोर देकर कहा कि राजनेताओं को जनता को संबोधित करते समय यह याद रखना चाहिए कि वे ऐसे देश में रहते हैं जो सभी के लिए है, किसी विशेष व्यक्ति के लिए नहीं, अकेले राजनेता के लिए नहीं, । हर किसी को यह एहसास होना चाहिए कि वे लोगों के बीच रह रहे हैं। अदालत ने कहा कि हर कोई माइक ले रहा है और इतनी सारी बातें कह रहा है जैसे कि वे राजा हैं। जैसे कि कोई भी राजा के खिलाफ कुछ नहीं कर सकता। अदालत यह सब सिर्फ़ देख और बर्दाश्त नहीं कर सकती है। न्यायमूर्ति वेलमुरुगन ने यह भी कहा कि दुर्भाग्य से या सौभाग्य से यह पहला ऐसा मामला है।

# अहमदाबाद विमान हादसे की आई प्रारंभिक रिपोर्ट

**एजेंसी। अहमदाबाद**

अहमदाबाद एयर इंडिया विमान दुर्घटना की जांच कर रही टीम ने नागरिक उड्डयन मंत्रालय को अपनी प्रारंभिक रिपोर्ट सौंप दी है। अभी तक यह पता नहीं चल पाया है कि विमान दुर्घटना जांच ब्यूरो के जांचकर्ता इस दुर्घटना के बारे में किस निष्कर्ष पर पहुंचे हैं, जिसके परिणामस्वरूप 260 लोगों की मौत हो गई। 12 जून को अहमदाबाद के सरदार वल्लभभाई पटेल अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे से उड़ान भरने के कुछ ही देर बाद लंदन जाने वाला एयर इंडिया का विमान मेघानीनगर इलाके में एक छात्रावास परिसर में दुर्घटनाग्रस्त हो गया, जिसमें विमान में सवार 241 लोगों की मौत हो गई और कई अन्य जमीन पर थे। एक यात्री चमत्कारिक रूप से बच गया। नागरिक उड्डयन मंत्रालय के अनुसार, फ्रंट ब्लैक बॉक्स से क्रैश प्रोटेक्शन मॉड्यूल (सीपीएम) सुरक्षित रूप से बरामद किया गया था, और 25 जून, 2025 को मेमोरी मॉड्यूल को सफलतापूर्वक एक्सेस किया गया और इसका डेटा एएआईबी लैब में डाउनलोड किया गया। सूत्रों ने एएनआई को बताया कि डेटा की सफल रिकवरी को सत्यापित करने के लिए एक डुप्लिकेट ब्लैक बॉक्स- जिसे "गोल्डन चेसिस" के रूप में जाना जाता है- का उपयोग किया गया था। एक ब्लैक बॉक्स 13 जून को दुर्घटना स्थल पर एक इमारत की छत पर पाया गया था और दूसरा 16 जून को मलबे से बरामद किया गया था। जांच का नेतृत्व AAIB के अधिकारी कर रहे हैं और इसमें भारतीय वायु सेना, हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड और यूएस नेशनल ट्रांसपोर्टेशन सेफ्टी बोर्ड के तकनीकी विशेषज्ञ शामिल हैं, जो उस देश का प्रतिनिधित्व करता है जहां विमान को डिजाइन और निर्मित किया गया था।

# तेजस्वी यादव को अपने माता-पिता के शासनकाल को देखना चाहिए : ललन सिंह

**एजेंसी। पटना**



आरजेडी नेता तेजस्वी यादव के बयान पर केंद्रीय मंत्री राजीव रंजन उर्फ ललन सिंह ने पलटवार किया है। ललन सिंह ने साफ तौर पर कहा कि तेजस्वी यादव के बयानों को गंभीरता से नहीं लिया जाना चाहिए। उन्होंने सवाल किया कि क्या सीएम को किसी घटना पर कार्रवाई करनी चाहिए या उस पर बोलना चाहिए? उन्हें अपने माता-पिता के शासनकाल को देखना चाहिए, जब संगठित अपराध, अपहरण और नरसंहार होता था। हर जगह घटनाएं होती हैं, लेकिन आज उसके बाद तुरंत कार्रवाई होती है और आरोपियों को गिरफ्तार किया जाता है। ललन सिंह ने दावा किया कि गोपाल खेमका हत्याकांड के सभी आरोपी गिरफ्तार हैं। लालू यादव के कार्यकाल में क्या कार्रवाई हुई? आज बिहार की सड़कों पर आधी रात को भी लोग निकल सकते हैं। 20 साल के कार्यकाल में नीतीश कुमार ने एसपी को फोन तक नहीं किया, वो सिर्फ डीजीपी को निर्देश देते हैं, जबकि लालू यादव सिपाही और इंस्पेक्टर से भी बात करते थे। उनके शासन में राज्य प्रायोजित अपराध होता था। तेजस्वी यादव ने बिहार में व्यवसायी गोपाल खेमका की हत्या के मामले पर प्रतिक्रिया देते हुएरविवार को आरोप लगाया कि राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के शासन में राज्य में कानून-व्यवस्था ध्वस्त हो गई है औरपिछले कुछ दशकों में राज्य में 65,000 हत्याएं हुई हैं। कथित तौर पर भाजपा से जुड़े खेमका की शुक्रवार रात 11:40 बजे गांधी मैदान इलाके में अपने घर के बाहर कार से उतरते समय एक अज्ञात हथियारबंद हमलावर ने गोली मारकर हत्या कर दी।

**कैबिनेट बैठक** | बिहार में सरकारी नौकरियों में महिलाओं को 35% आरक्षण

# बिहार युवा आयोग के गठन को मिली मंजूरी

- **राज्य सरकार ने "बिहार युवा आयोग" के गठन को मंजूरी दी**

**एजेंसी। पटना**



मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व वाली बिहार सरकार ने घोषणा की कि राज्य में सभी सरकारी सेवाओं और पदों में 35 प्रतिशत महिला उम्मीदवारों के लिए आरक्षित होंगे। चुनावी वर्ष में लिया गया यह महत्वपूर्ण निर्णय मुख्यमंत्री कुमार की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट बैठक में लिया गया। बिहार में इस साल के अंत में विधानसभा चुनाव होने हैं। निर्णय के अनुसार, बिहार की मूल निवासी सभी महिला उम्मीदवारों को सरकारी सेवाओं और नौकरियों के लिए सभी सीधी भर्ती में 35 प्रतिशत आरक्षण दिया जाएगा।

घुसपैठिए, लोकतंत्र की सुरक्षा के लिए जरूरी है। इसके अलावा नीतीश कुमार ने घोषणा की कि राज्य सरकार की मंजूरी के बाद राज्य मंत्रिमंडल ने मंगलवार को बिहार युवा आयोग के गठन को मंजूरी दे दी है। इस कदम का उद्देश्य बिहार के युवाओं को रोजगार के अधिक अवसर प्रदान करना और युवा प्रशिक्षण में निवेश को बढ़ावा देना है, ताकि उन्हें सशक्त और सक्षम बनाया जा सके। नीतीश ने एक्स पर लिखा कि मुझे यह बताते हुए प्रसन्नता हो रही है कि बिहार के युवाओं को अधिक से अधिक रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने, उन्हें प्रशिक्षित करने तथा सशक्त और सक्षम बनाने के उद्देश्य से राज्य सरकार ने बिहार युवा आयोग के गठन का निर्णय लिया है और आज कैबिनेट द्वारा बिहार युवा आयोग के गठन की मंजूरी भी दे दी गई है। सामाजिक बुराइयों को बढ़ावा देने वाले शराब एवं अन्य मादक पदार्थों की रोकथाम के लिए कार्यक्रम तैयार कर और ऐसे मामलों में सरकार को अनुशंसा भेजना भी इसका महत्वपूर्ण कार्य होगा। राज्य सरकार की इस दूरदर्शी पहल का उद्देश्य है कि इस आयोग के माध्यम से युवा आत्मनिर्भर, दक्ष और रोजगारोन्मुखी बनें ताकि उनका भविष्य सुरक्षित हो।

**एक अध्यक्ष, दो उपाध्यक्ष और सात सदस्य होंगे**

मुख्यमंत्री ने कहा कि समाज में युवाओं की स्थिति में सुधार और उत्थान से संबंधित सभी मामलों पर सरकार को सलाह देने में इस आयोग की महत्वपूर्ण भूमिका होगी। युवाओं को बेहतर शिक्षा और रोजगार सुनिश्चित करने के लिए सरकारी विभागों के साथ यह आयोग समन्वय भी करेगा। बिहार युवा आयोग में एक अध्यक्ष, दो उपाध्यक्ष और सात सदस्य होंगे, जिनकी अधिकतम उम्र सीमा 45 वर्ष होगी। यह आयोग इस बात की निगरानी करेगा कि राज्य के स्थानीय युवाओं को राज्य के भीतर निजी क्षेत्र के रोजगारों में प्राथमिकता मिले, साथ ही राज्य के बाहर अध्ययन करने वाले और काम करने वाले युवाओं के हितों की भी रक्षा हो।

# तीन बल्लेबाजों ने अभी तक इस सीरीज में बना चुके हैं 300 प्लस रन




चार पारियों में 585 रन



356 रन जेमी स्मिथ



342 रन ऋषभ पंत

**एजेंसी। नई दिल्ली**

भारत और इंग्लैंड के बीच पांच मुकाबलों की टेस्ट सीरीज खेली जा रही है, जिसके शुरुआती दो मुकाबलों ने फैंस का जमकर मनोरंजन किया है। इस दौरान रनों की बरसात देखने को मिली है। आइए, उन तीन खिलाड़ियों के बारे में जानते हैं, जो इस सीरीज में 300 से ज्यादा रन जोड़ चुके हैं। **शुभमन गिल (585 रन):** गिल ने चार पारियों में अब तक 146.25 की औसत के साथ कुल 585 रन बनाए हैं। इस दौरान गिल के बल्ले से 12 छक्के और 63 चौके निकले हैं। गिल ने लीड्स में खेले गए टेस्ट की पहली पारी में 147 रन बनाए थे। अगली इनिंग में उनके बल्ले से महज आठ रन निकले। इसके बाद एजबेस्टन टेस्ट में गिल ने 269 रन जड़े। अगली पारी में उन्होंने 161 रन बना दिए। इसी मैच में उन्होंने बतौर कप्तान भारत को एजबेस्टन में पहली जीत दिलाई। **जेमी स्मिथ:** इंग्लैंड के इस विकेटकीपर-बल्लेबाज ने सीरीज के शुरुआती दो मुकाबलों में 356 रन बना लिए हैं। इस दौरान उनका औसत 178 रहा। स्मिथ सीरीज में 11 छक्के और 39 चौके जड़ चुके हैं। जेमी ने लीड्स टेस्ट की पहली पारी में 40 रन बनाए। इसके बाद अगली पारी में वह 44 रन बनाकर नाबाद रहे। दूसरे टेस्ट में उन्होंने शानदार बल्लेबाजी की। स्मिथ ने पहली पारी में नाबाद 184 रन जड़ते हुए हैरी ब्रूक (158) के साथ छठे विकेट के लिए 303 रन जोड़े। दोनों बल्लेबाजों ने टीम को उस वक्त संभाला, जब इंग्लैंड 84 रन तक अपने पांच विकेट गंवा चुकी थी। अगली पारी में स्मिथ ने 88 रन जड़े, लेकिन टीम को हार से नहीं बचा सके। **ऋषभ पंत:** भारत के इस विकेटकीपर-बल्लेबाज ने चार पारियों में 85.50 की औसत के साथ 342 रन बना लिए हैं, जिसमें 13 छक्के और 36 चौके शामिल हैं। पंत ने लीड्स टेस्ट की दोनों पारियों में शतक लगाए। उन्होंने पहली पारी में 134, जबकि दूसरी पारी में 118 रन जड़े। पंत इंग्लैंड में टेस्ट की दोनों पारियों में शतक जड़ने वाले पहले भारतीय भी बन गए। इसके बाद एजबेस्टन टेस्ट की पहली पारी में पंत महज 25 रन पर आउट हो गए थे, जिसके बाद अगली पारी में उन्होंने अर्धशतक लगाते हुए 65 रन बनाए।

## जिम्बाब्वे के तेज गेंदबाज कुंदाई माटिगिमु पर आईसीसी की कार्रवाई



**बुलावायो।** जिम्बाब्वे के तेज गेंदबाज कुंदाई माटिगिमु को दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ जारी दूसरे टेस्ट के दौरान आईसीसी आचार संहिता के लेवल-1 के उल्लंघन का दोषी पाया गया है। इसके चलते माटिगिमु पर मैच फीस का 15 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया है। दोनों टीमों के बीच क्वींस स्पोर्ट्स क्लब में यह मुकाबला खेला जा रहा है। यह घटना दक्षिण अफ्रीकी पारी के 72वें ओवर की है। मुकाबले के पहले दिन माटिगिमु ने अपने फॉलो-थ्रू में गेंद को फील्ड किया और बल्लेबाज लुआन-डी प्रीटोरियस की ओर फेंका, जो करीब से उनकी कलाई पर लगी। इस घटना के बाद, माटिगिमु को आईसीसी आचार संहिता के अनुच्छेद 2.9 का उल्लंघन करते हुए पाया गया, जो 'अंतरराष्ट्रीय मैच के दौरान अनुचित/खतरनाक तरीके से किसी खिलाड़ी पर या उसके पास गेंद (या क्रिकेट उपकरण का कोई अन्य सामान) फेंकने' से संबंधित है। यह आरोप मैदानी अंपायर्स के साथ थर्ड और फोर्थ अंपायर ने लगाया।

## डिमित्रोव के रिटायर होने से क्वार्टरफाइनल में पहुंचे जैनिक सिनर

**लंदन।** विंबलडन टेनिस टूर्नामेंट में सोमवार को खेले गए मुकाबले में विश्व नंबर एक जैनिक सिनर क्वार्टरफाइनल में पहुंच गए, जब बुल्गारिया के अनुभवी खिलाड़ी ग्रिगोर डिमित्रोव चोट के चलते मैच से रिटायर हो गए। डिमित्रोव ने शुरुआती दो सेटों में शानदार प्रदर्शन करते हुए मुकाबले में 6-3, 7-5, 2-2 की बढ़त बना ली थी, लेकिन फिर उन्हें पेक्टोरल (सीने की मांसपेशियों) में चोट के कारण खेल बीच में ही छोड़ना पड़ा। सिनर, जिन्होंने सेंटर कोर्ट पर खेले गए इस मैच से पहले लगातार 36 गेम्स में अपनी सर्व नहीं गंवाई थी, उन्हें डिमित्रोव ने पहले ही गेम में ब्रेक करते हुए 2-0 की बढ़त बना ली। 34 वर्षीय डिमित्रोव ने पहला सेट आसानी से जीतकर दर्शकों को चौंका दिया। दूसरे सेट के दौरान एक गिरावट में सिनर की दाहिनी कोहनी में चोट लग गई, जिसके चलते उन्होंने मेडिकल टाइमआउट लिया। हालांकि, डिमित्रोव ने भी इस दौरान अपना एक सर्व गंवाया लेकिन फिर भी उन्होंने दूसरा सेट जीत लिया और मुकाबले में बढ़त बरकरार रखी। तीसरे सेट में स्कोर जब 2-2 पर था, तभी डिमित्रोव सर्व करने के बाद अचानक गिर पड़े और दर्द में कराहते हुए कोर्ट पर लेट गए। वे अपने आंसू रोक नहीं पाए और अंततः उन्हें मैच छोड़ने का फैसला करना पड़ा। इस अप्रत्याशित मोड़ से सिनर को राहत मिली और वह विंबलडन 2025 के क्वार्टरफाइनल में प्रवेश कर गए।

## मैक्सवेल-स्टोइनिस के संन्यास के बावजूद वनडे में वापसी को तैयार नहीं टिम डेविड




**पर्थ।** ऑस्ट्रेलियाई ऑलराउंडर टिम डेविड ने वनडे क्रिकेट से ग्लेन मैक्सवेल और मार्कस स्टोइनिस के संन्यास के बाद इस प्रारूप में वापसी की संभावना से इनकार किया है। ऑस्ट्रेलिया ने वनडे विश्व कप-2027 के लिए अपनी टीम में बदलाव किया है, ऐसे में ऑस्ट्रेलिया के चयनकर्ताओं को लगता है कि टी20 में अपने आक्रामक खेल के लिए मशहूर डेविड के पास टीम में वापसी का मौका है। टिम डेविड ने 'बीबीएल' में होबार्ट हरिकेंस के साथ अपना करार दो सीजन के लिए बढ़ा दिया है, लेकिन ऑस्ट्रेलिया में उनके पास कोई डोमेस्टिक कॉन्ट्रैक्ट नहीं है। टिम डेविड ने नवंबर 2021 में तस्मानिया के लिए डोमेस्टिक वनडे-कप के सिर्फ एक मैच में हिस्सा लिया और सिंगापुर का प्रतिनिधित्व करने से पहले 2017-18 में वेस्टर्न ऑस्ट्रेलिया के साथ अपने 'रूकी कॉन्ट्रैक्ट' के बाद से कोई डोमेस्टिक डील नहीं की है। साल 2023 में अपने आखिरी वनडे के बाद से उन्होंने कोई भी 50 ओवर का लिस्ट-ए मैच नहीं खेला है।

## तीसरे टेस्ट में जोफ्रा आर्चर को शामिल करने का चांस लेना होगा : जेम्स एंडरसन



**लंदन।** इंग्लैंड क्रिकेट टीम भारत के खिलाफ पांच मैचों की टेस्ट सीरीज का पहला मैच जीतने के बाद दूसरा मुकाबला 336 रनों के बड़े अंतर से हार गई है। सीरीज के तीसरे मैच से पहले इंग्लैंड के पूर्व तेज गेंदबाज जेम्स एंडरसन ने मेजबान टीम को अपने पेस अटैक में जोफ्रा आर्चर को शामिल करने की सलाह दी है। एंडरसन के अनुसार, मेजबान टीम को तेज गेंदबाज जोफ्रा आर्चर को शामिल करके एक चांस लेना चाहिए। बेन स्टोक्स की अगुआई में इंग्लैंड की टीम भारत के खिलाफ लॉर्ड्स में यह मुकाबला खेलेगी। भारत ने सीरीज का पहला मैच पांच विकेट से गंवाया था, जिसके बाद उसने एजबेस्टन में 336 रन से जीत दर्ज की। यह टेस्ट इतिहास में भारत की इस मैदान पर पहली जीत रही। फिलहाल पांच मुकाबलों की सीरीज 1-1 से बराबरी पर है।

## एंजेल दी मारिया की घर वापसी, दो दशक बाद रोसारियो सेंट्रल से जुड़े

**ब्यूनस आयर्स।** अर्जेंटीना के दिग्गज फुटबॉलर एंजेल दी मारिया ने लगभग दो दशकों बाद अपने घरेलू क्लब रोसारियो सेंट्रल में वापसी कर अपने सपने को साकार किया है। 37 वर्षीय दी मारिया को सोमवार को रोसारियो शहर के एक होटल में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान आधिकारिक रूप से क्लब के नए खिलाड़ी के रूप में पेश किया गया। भावुक दी मारिया ने कहा, "यह मेरे लिए बेहद खूबसूरत पल है। यह वो सपना है जो मैं लंबे समय से देख रहा था। मैं पहले आना चाहता था, लेकिन संभव नहीं हो पाया। आज मैं यहां हूं, अपने परिवार के साथ, खुश हूं।" दी मारिया ने पुर्तगाली क्लब बेनफिका के साथ अपना अनुबंध समाप्त होने के बाद फ्री ट्रांसफर के तहत रोसारियो सेंट्रल से एक साल के अनुबंध पर हस्ताक्षर किए हैं, जिसमें विस्तार का विकल्प भी शामिल है। गौरतलब है कि दी मारिया ने अपने पेशेवर करियर की शुरुआत 2005 में रोसारियो सेंट्रल से की थी। इसके बाद उन्होंने बेनफिका, रियल मैड्रिड, मैनचेस्टर यूनाइटेड, पेरिस सेंट जर्मेन और जुवेंटस जैसे दिग्गज यूरोपीय क्लबों के लिए खेला।

## बांग्लादेश के खिलाफ टी20 सीरीज के लिए पाकिस्तानी टीम का ऐलान




**एजेंसी। लाहौर**

पाकिस्तानी ऑलराउंडर शादाब खान और तेज गेंदबाज हारिस रऊफ को चोटिल होने के चलते बांग्लादेश के खिलाफ टी20 दौरे के लिए 15 सदस्यीय टीम से बाहर कर दिया गया है। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने मंगलवार को टीम का ऐलान किया, जिसमें सलमान अली आगा को टीम की कमान सौंपी गई। पाकिस्तान और बांग्लादेश के बीच तीन मुकाबलों की टी20 सीरीज 20-24 जुलाई के बीच खेली जाएगी। सभी मैच ढाका के शेर-ए-बांग्ला नेशनल क्रिकेट स्टेडियम में खेल जाएंगे। उप कप्तान शादाब ने हाल ही में यूके में अपने दाएं कंधे की सफल सर्जरी करवाई थी। वह इससे रिकवरी कर रहे हैं। ।रिस रऊफ सैन फ्रांसिस्को यूनिकॉर्न्स की ओर से मेजर क्रिकेट लीग खेल रहे थे।

# व्यापार/लाइफ व साइंस

## सोने की कीमत में उछाल, चांदी के दाम भी 900 रुपए से ज्यादा बढ़े

**एजेंसी। नई दिल्ली**



सोने और चांदी की कीमतों में मंगलवार को तेजी देखने को मिली। 24 कैरेट के सोने की कीमत बढ़कर फिर से 97,000 रुपए प्रति 10 ग्राम के करीब आ गई है और चांदी की कीमत में भी 900 रुपए से ज्यादा का उछाल दर्ज किया गया।

इंडिया बुलियन ज्वेलर्स एसोसिएशन (आईबीजेए) द्वारा शाम को जारी की गई कीमतों के अनुसार, 24 कैरेट के सोने की कीमत 96,972 रुपए प्रति 10 ग्राम हो गई है, जो कि सोमवार शाम को जारी कीमत, 96,596 रुपए प्रति 10 ग्राम से 376 रुपए अधिक है।

22 कैरेट के 10 ग्राम सोने की कीमत बढ़कर 88,871 रुपए हो गई है, जो कि पहले 88,482 रुपए प्रति 10 ग्राम थी। वहीं, 18 कैरेट के 10 ग्राम सोने का दाम बढ़कर 72,766 रुपए हो गया है, जो कि पहले 72,447 रुपए प्रति 10 ग्राम था।

आईबीजेए की ऑफिशियल वेबसाइट पर सोने और चांदी की कीमतों को दिन में सुबह और शाम दो बार अपडेट किया जाता है।

सोने के साथ चांदी की कीमत में भी बढ़ोतरी देखने को मिली है। चांदी की कीमत 969 रुपए बढ़कर 1,07,500 रुपए प्रति किलो हो गई है, जो कि इससे पहले के कारोबारी दिन शाम को 1,06,531 रुपए प्रति किलोग्राम थी।

## भारत की जीडीपी लंबे समय तक अच्छा प्रदर्शन करेगी : कुलकर्णी

**एजेंसी। नई दिल्ली**

"लोग समझ गए हैं कि अगर लंबी अवधि के नजरिए से छोटी राशि से अनुशासन के साथ निवेश किया जाए, तो वह आगे बढ़ सकते हैं।"



भारत की अर्थव्यवस्था का आधार मजबूत है और लंबे समय तक अन्य अर्थव्यवस्थाओं की तुलना में अच्छा प्रदर्शन करेगी। यह बयान एचएसबीसी म्यूचुअल फंड के सीईओ कैलाश कुलकर्णी की ओर से मंगलवार को दिया गया।

समाचार एजेंसी आईएएनएस से एक्सक्लूसिव बातचीत करते हुए कैलाश कुलकर्णी ने कहा, "हमारा मानना है कि लंबी अवधि में भारत की अर्थव्यवस्था काफी अच्छा प्रदर्शन करेगी। मौजूदा समय में भी भारत लगातार अन्य अर्थव्यवस्थाओं से अच्छा प्रदर्शन कर रहा है और यह ट्रेंड लंबे समय तक जारी रहेगा।"

उन्होंने आगे कहा कि सरकार की ओर से कई सारी चीजों विशेषकर मैन्युफैक्चरिंग और डिजिटाइजेशन को समर्थन दिया जा रहा है, जिससे देश की विकास दर को बढ़ने में मदद मिल रही है।

एचएसबीसी म्यूचुअल फंड के सीईओ ने आगे कहा, "देश में प्रति व्यक्ति आय तेजी से ऊपर जा रही है। वहीं, सरकार द्वारा इन्फ्रास्ट्रक्चर पर जोर दिया जा रहा है। इस कारण आने वाले वर्षों में कंज्यूमर, फाइनेंशियल, कैपिटल गुड्स और इन्फ्रास्ट्रक्चर सेक्टर तेज वृद्धि दिखा सकते हैं।" म्यूचुअल फंड एसआईपी के ऑल-टाइम हाई होने पर कुलकर्णी ने कहा, "आठ से दस साल पहले एसआईपी लोगों को बेचनी पड़ती थी, लेकिन अब समय बदल गया है लोग एसआईपी (सिस्टमैटिक इंवेस्टमेंट प्लान) के जरिए स्वयं निवेश करना चाहते हैं।" उन्होंने आगे कहा, "लोग समझ गए हैं कि अगर लंबी अवधि के नजरिए से छोटी राशि से अनुशासन के साथ निवेश किया जाए, तो वह आगे बढ़ सकते हैं।"

कुलकर्णी के अनुसार, एसआईपी का ट्रेंड आने वाले समय में और बढ़ेगा, क्योंकि टियर 3 और टियर 4 शहरों में एसआईपी की ग्रोथ रेट टियर 1 और 2 शहरों की अपेक्षा काफी अधिक है।

एम्फी के डेटा के मुताबिक,एसआईपी इनफ्लो मई में 26,688 करोड़ रुपए पर था, जो अब तक का सबसे बड़ा आंकड़ा है।

वैश्विक अस्थिरता के लेकर पूछे गए सवाल के जवाब में कुलकर्णी ने कहा, "यह पहली बार नहीं है जब हमने अस्थिरता देखी है। हमारे पास पहले भी भू-राजनीतिक मुद्दे रहे हैं। 2008 में हमें वैश्विक वित्तीय संकट का सामना करना पड़ा था। उससे पहले, 2000 में आईटी संकट आया था। इस सभी संकटों के दौरान भी बाजार में तनाव देखा गया।"

आगे कहा, "लेकिन जो व्यक्ति इस पूरी अस्थिरता के दौर में बाजार में टिका रहा और निवेशित रहा है, उसे वास्तव में बाजार से लाभ हुआ है।

## निष्क्रिय जनधन खातों को बंद करने की रिपोर्ट्स का सरकार ने खंडन किया

**एजेंसी। नई दिल्ली**




वित्तीय सेवा विभाग (डीएफएस) और वित्त मंत्रालय ने मंगलवार को निष्क्रिय पीएम जन धन योजना खातों को बंद करने की रिपोर्ट्स का खंडन किया।

वित्तीय सेवा विभाग ने बयान जारी कर कहा, "उसने बैंकों से निष्क्रिय प्रधानमंत्री जन धन योजना खातों को बंद करने के लिए नहीं कहा है।" कुछ मीडिया रिपोर्ट्स में दावा किया गया था कि सरकार ने प्रधानमंत्री जन धन योजना (पीएमजेडीवाई) के तहत आने वाले ऐसे खातों को बंद करने का निर्देश दिया है, जिसमें पिछले 24 महीनों में कोई लेनदेन नहीं हुआ है।

रिपोर्ट्स में बताया गया कि सरकार की ओर से यह कदम इन खातों के गलत इस्तेमाल को रोकने के लिए किया जा रहा है।

इसके अलावा सरकार ने बताया कि डीएफएस द्वारा 1 जुलाई से पूरे देश में जन धन योजना, जीवन ज्योति बीमा योजना और अटल पेंशन योजना को अपनाने के लिए तीन महीने का एक अभियान शुरू किया गया है। बैंक इस अभियान के दौरान सभी देय खातों का पुनः केवाईसी भी करेंगे।

## यूएई अधिकारियों ने किया स्पष्ट, सरकारी नियमों और जांच प्रक्रिया के अधीन है गोल्डन वीजा

**एजेंसी। नई दिल्ली**



संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के अधिकारियों ने साफ कर दिया है कि गोल्डन वीजा एक सरकारी योजना है, जिसे तय नियमों और जांच प्रक्रिया के तहत ही मंजूरी दी जाती है। एक आधिकारिक बयान में कहा गया कि चाहे आवेदन सीधे किया गया हो या किसी अधिकृत एजेंट के जरिए, अंतिम फैसला यूएई सरकार ही लेती है।

बयान के अनुसार, "यूएई सरकार कई आधारों पर गोल्डन वीजा दे सकती है, जिसमें 2 मिलियन दिरहम तक के रियल एस्टेट निवेश, व्यवसाय स्वामित्व और विज्ञान, चिकित्सा, कला, संस्कृति, मीडिया और खेल जैसे क्षेत्रों में विशिष्ट योगदान शामिल हैं। हालांकि यह सिर्फ लेकिन इन्हीं तक सीमित नहीं हैं।"हाल ही में कुछ रियल एस्टेट कंपनियों ने यह भ्रम फैला दिया था कि कोई भी भारतीय नागरिक सिर्फ एक बार की फीस देकर प्रॉपर्टी खरीदने पर गोल्डन वीजा पा सकता है। सरकार ने अब यह स्पष्ट कर दिया है कि यह पात्रता स्वचालित नहीं है। इसके लिए सरकारी जांच और मंजूरी जरूरी है। इंडिया सोथबी इंटरनेशनल रियल्टी के अंतरराष्ट्रीय निदेशक आकाश पुरी के अनुसार, इस बदलाव का भारतीय रियल एस्टेट निवेशकों पर दोहरा असर होगा। पहले लोग केवल लंबी अवधि की रेजीडेंसी के लिए प्रॉपर्टी में निवेश करते थे।

## शेयर बाजार हरे निशान में बंद, सेंसेक्स 270 अंक उछला

**नई दिल्ली।** भारतीय शेयर बाजार मंगलवार के कारोबारी सत्र में हरे निशान में बंद हुआ। दिन के अंत में सेंसेक्स 270.01 अंक या 0.32 प्रतिशत की तेजी के साथ 83,712.51 और निफ्टी 61.20 अंक या 0.24 प्रतिशत की बढ़त के साथ 25,522.50 पर बंद हुआ। लार्जकैप की अपेक्षा मिडकैप और स्मॉलकैप लाल निशान में बंद हुए। निफ्टी मिडकैप इंडेक्स 100.30 अंक या 0.17 प्रतिशत की गिरावट के साथ 59,415.45 और निफ्टी स्मॉलकैप 100 इंडेक्स 54.95 अंक या 0.29 प्रतिशत की गिरावट के साथ 18,895.20 पर बंद हुआ। सेक्टोरल आधार पर आईटी, फाइनेंशियल सर्विसेज, रियल्टी, एनर्जी, प्राइवेट बैंक, इन्फ्रा और कमोडिटी हरे निशान में बंद हुए, जबकि ऑटो, पीएसयू बैंक, फार्मा, एफएमसीजी और मेटल इंडेक्स पर दबाव देखा गया। सेंसेक्स पैक में कोटक महिंद्रा बैंक, इटरनल, एशियन पेंट्स, एनटीपीसी, बीईएल, अदाणी पोर्ट्स, पावर ग्रिड, इन्फोसिस और टेक महिंद्रा टॉप गेनर्स थे।

# भारी बारिश में टूटी पुलिया की मरम्मत नहीं, दर्जनभर पठारी गांवों का आवागमन ठप्प

● श्रमदान से बनी थी पुलिया और कच्ची सड़क

नवीन मेल संवाददाता

**मोहम्मदगंज।** भारी बारिश के कारण राजबारा नदी में बनी पुलिया के टूट जाने से प्रखंड मुख्यालय के उत्तर-पूरब दिशा के कई पठारी गांवों में वाहनों से आवागमन बंद हो गया है। इनमें इस प्रखंड के खासकर मोहम्मदगंज-महुडंड पथ से जुड़े रामनगर, राजनडीह, झरीवा, नदीपर, गोलापत्थर, माहुर,भरूही के अलावा हुसैनाबाद प्रखंड के लोहबंधा, फटहा, जीतामाटी व अन्य कई गांव शामिल बताए जाते हैं। जहां वाहनों से पहुंचने के लिए राजनडीह से महुडंड तक पीएमजीएसवाई के तहत सड़क मार्ग की सुविधा उपलब्ध कराई गई। मगर उसकी स्थिति काफी दयनीय हो गई है। इसमें झरीवा मोड़ से नदीपर मोड़ तक का आरंभ में ही पक्कीकरण नहीं हुआ था। जिस पर बारिश की वजह से पैदल आवागमन करना भी आसान नहीं होता है। जबकि मुख्य नहर के दायीं किनारे से पदारथडीह होकर काशीस्रोत रेलवे पुल के नीचे से राजनडीह गांव तक भी पहुंच पाना मुश्किल हो गया है। वहीं, रामनगर के ग्रामीणों के श्रमदान से बनी कच्ची सड़क में राजबारा नदी पर बनी पुलिया पहली ही भारी बारिश में टूट गई थी। ऐसी स्थिति में वाहनों की सुविधा से उक्त गांवों से प्रखंड व अनुमंडल कार्यालय, बाजार, हॉस्पिटल, रेलवे स्टेशन और कादलकर्मी-दंगवार वाया जपला मुख्य पथ तक आवागमन बंद हो गया है।

ऐसे में आजादी के 77 वर्षों बाद भी उक्त गांव के ग्रामीण बरसात में वाहनों से आवागमन के लिए सुगम मार्ग को तरस रहे हैं। ग्रामीण रामजन्म राम, सुशील कुमार मेहता, विनोद यादव, सत्येंद्र यादव, विजय, अंगद, अभिषेक, दीपक, अंशु, रितिक, और आकाश सहित अन्य कई ग्रामीणों ने उक्त गांवों में आवागमन को सुगम बनाने के लिए पुलिया की यथाशीघ्र मरम्मत कराने की दिशा में सकारात्मक व ठोस कदम उठाने की मांग की है।



## मुख्य नहर में जलप्रवाह में उतार-चढ़ाव से खरीफ फसल को लेकर पर्याप्त पाना मिलने के प्रति अनिश्चिता, ईई ने लिया जाएजा



**मोहम्मदगंज।** उत्तर कोयल दायीं मुख्य नहर में भीमबराज से पानी छोड़े जाने के मामले में जलप्रवाह में उतार-चढ़ाव से खरीफ फसल को लेकर पर्याप्त पानी मिलने के प्रति अनिश्चितता कायम हो गई है। इससे किसान निराश हो गए हैं। मंगलवार को अद्यतन स्थिति का जाएजा लेने के बाद इस संबंध में जानकारी देते हुए कार्यपालक अभियंता विनीत प्रकाश ने बताया कि दिन में 1000 क्यूसेक जलप्रवाह दिया गया था। मगर 44 आरडी पर समस्या के चलते इसे घटाकर 500 क्यूसेक करना पड़ा। जबकि नबीनगर में समस्या के चलते सिमरसोत के पास स्केप चैनल से जलस्राव के कारण जलप्रवाह को कम करना पड़ा। इस वजह से जपला के आगे वितरणी कैनाल में पानी नहीं जा पा रहा है। स्थिति पर लगातार नजर रखी जा रही है। खेतों तक पानी पहुंचाने की दिशा कोशिश लगातार जारी है।

## मुख्य नहर के जलप्रवाह का दायरा अभी भी सीमित

**मोहम्मदगंज।** उत्तर कोयल दायीं मुख्य नहर में भीमबराज से मंगलवार को जलप्रवाह बढाकर 350 से 740 क्यूसेक कर दिया गया है। मगर अभी भी इसका दायरा सीमित रखते हुए झारखंड सीमांतर्गत 95 आरडी तक ही जलप्रवाहित किया जा रहा है। इससे पंचपोखरी गेट नंबर 30, केवालपर नंबर 44 और सिमरसोत 64 के बाद 95 से पहले तक के खेतों में पानी पहुंचाने का प्रयास किया जा रहा है। बिहार के औरंगाबाद जिलांतर्गत नबीनगर क्षेत्र को पानी छोड़े जाने को लेकर अभी संशय बरकरार है। इसकी वजह दो लघु वितरणियों में गेट लगाने के काम का पूरा नहीं होना और कमजोर लाइनिंग वर्क बताया गया है। इस कारण आगे तक के लिए जलप्रवाह बंद रखा गया है।

# 16 जुलाई तक छूटे हुए कार्डधारकों का ई-केवाईसी जल्द पूरा कराने का निर्देश



नवीन मेल संवाददाता

**हुसैनाबाद।** प्रखंड सभागार में मंगलवार को प्रभारी एमओ मनोज कुमार ने हुसैनाबाद प्रखंड के सभी पीडीएस दुकानदारों के साथ समीक्षा बैठक की। इस बैठक में सभी डीलरों से ई-केवाईसी की समीक्षा करते हुए आगामी 16 जुलाई तक हर हाल में छूटे हुए कार्डधारकों को ई-केवाईसी शीघ्र पूरा करने का निर्देश दिया हैं। अन्यथा डीलरों की अनुज्ञप्ति रद्द की कार्रवाई की चेतावनी दी गई हैं। वैसे कार्डधारी जो राशन कार्ड के लाभुक जो 6 महीना से अधिक समय से राशन उठाव नहीं कर रहे हैं,या सरकारी नौकरी में रहते हुए कार्ड सरेंडर नहीं किए हैं, वे शीघ्र राशन कार्ड सरेंडर करा लें, अन्यथा जांच के बाद कानूनी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि जिसका अभी तक ई- केवाईसी पूरा नहीं हुआ है, वे शीघ्र करा लें,अन्यथा बाद में मौका नहीं मिलेगा। उन्होंने बताया कि वैसे लोग जो बाहर में रहते हैं, उसके मोबाइल पर संपर्क कर सत्यापन के लिए प्रेरित करें। ताकि वें भविष्य में कभी यह नहीं कह दे की मेरा नाम कैसे कट गया, इसलिए सत्यापन आवश्यक है। साथ ही ई-केवाईसी का सूची बनाकर आपूर्ति विभाग में जल्द जमा करने का निर्देश दिया। बैठक में मुख्य रूप से पीडीएस दुकानदार अभिमन्यु सिंह, उमेश पासी, लल्लू कश्यप, अजीत गुप्ता, विजय पासवान, मिथिलेश राम, रमेश, उदय यादव, विजय प्रसाद कुशवाहा, जमील अहमद, प्रवीण कुमार, अजीत कुमार चौधरी, अरबिंद सिंह, ललन पासवान, राजेन्द्र प्रसाद, आशा कुंवर,भोला राम,सूरज पासवान के अलावा प्रखंड के सभी डीलर मौजूद थे।

# पति ने पत्नी पर किया टांगी से हमला, जांच में जुटी पुलिस



नवीन मेल संवाददाता

**पलामू।** जिले के रामगढ़ थाना क्षेत्र के निमसी टोला में मंगलवार को पति ने पत्नी को शौच के बहाने घर से बाहर ले जाकर टांगी से वार कर दिया। गर्दन और पीठ पर चार बार वार किया। सुबह 9 बजे महिला को गंभीर स्थिति में इलाज के लिए मेदिनी राय मेडिकल कॉलेज अस्पताल मेदिनीनगर ले जाया गया है। घटना के बाद से पति फरार है। पुलिस आरोपित की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी कर रही है। उल्लेखनीय है कि महिला ने 20 दिन पहले दसवें बच्चों को जन्म दिया है। महिला की पहचान निमसी टोला के ही मिलू देवी पति राजेंद्र भुइयां के रूप में हुई है। राजेंद्र ने पत्नी पर अचानक क्यों हमला बोला, यह स्पष्ट नहीं हो पाया है। परिजनों ने घटना से पहले किसी तरह का विवाद से इनकार किया है। कारण जानने के लिए पुलिस कई स्तरों पर छानबीन कर रही है। जानकारी के अनुसार राजेंद्र भुइयां ने मंगलवार सुबह 4 बजे पत्नी को बताया कि उसे शौच करने के लिए घर से बाहर जाना है, वह भी साथ में चले। दोनों पति-पत्नी घर से बाहर निकले। जाते समय राजेंद्र घर से टांगी भी साथ लेकर निकला। घर से कुछ दूर आगे जाने के बाद राजेंद्र ने अचानक पत्नी पर टांगी से हमला किया। पहले गर्दन पर मारा। महिला जब खुद को बचाकर भागने लगी तो पीठ पर वार किया। शोर सुनकर महिला का पुत्र अखिलेश भुइयां दौड़कर मौके पर पहुंचा और मां को संभाला। बेटे को देखकर पिता मौके से फरार हो गया। जानकारी मिलने पर परिवार के अन्य सदस्य भी जग गए और बाहर निकले। महिला को गंभीर हालत में खून से लथपथ चारपाई पर लेटा कर थाना लेकर पहुंचे। थाना प्रभारी ओमप्रकाश शाह ने प्रभावित परिवार को आर्थिक सहयोग देकर टेंपो से बेहतर इलाज के लिए मेदिनी राय मेडिकल कॉलेज अस्पताल भेजा।

# कंपाउंडर कर रहे सीरियस मरीजों का इलाज, हुई मौत

## सिविल सर्जन बोले- मामले की जांच कर अविलंब कार्रवाई किया जाएगा

नवीन मेल संवाददाता

**डंडई।** डंडई के एक निजी अस्पताल में सीरियस मरीजों को कंपाउंडर के द्वारा इलाज किया जा रहा है। जिससे मरीजों की जान खतरे में है। मंगलवार को डंडई स्थित सिद्धिविनायक हॉस्पिटल में देखा गया कि एक सीरियस मरीज को उक्त अस्पताल के कंपाउंडर अजीज अंसारी और शोएब अंसारी के द्वारा घंटो देर तक इलाज किया गया जब मरीज की स्थिति काफी बिगड़ गई और ऑक्सीजन लेवल कम हो गया तो उसे रेफर कर दिया गया। मेराल अस्पताल ले जाने के बाद वहां के डॉक्टरों ने उसे मृत बताया। प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम डंडई निवासी स्वर्गीय बुधन राम की पत्नी बिफनी कुँवर उम्र करीब 55 वर्ष आपसी विवाद में अपने घर पर जहर खा ली थी। आनन् फानन में परिजनों और पड़ोसियों ने डंडई में संचालित सिद्धिविनायक हॉस्पिटल में भर्ती कराया। उस वक्त अस्पताल में कोई चिकित्सक नहीं थे।

अस्पताल की कंपाउंडर अजीज अंसारी शोएब अंसारी के द्वारा इलाज शुरू किया गया । करीब डेढ़ घंटे इलाज किया गया इलाज के दौरान महिला की स्थिति और गंभीर हो गई जिसके बाद इलाज कर रहा कंपाउंडर मरीज को बाहर ले जाने के लिए परिजनों से कहा। तत्काल परिजन निजी वाहन मंगा कर मरीज को मेराल अस्पताल ले गए। जहां पर डॉक्टरों ने मृत बताया है।

सिद्धिविनायक हॉस्पिटल में सीरियस मरीज के साथ आया मरीज के पड़ोसी अंकित कुमार सहित स्वजनों ने बताया कि अस्पताल में अजीज अंसारी और शोएब अंसारी नामक स्वास्थ्य कर्मी थे डॉक्टर अस्पताल में नहीं थे। उनके द्वारा मरीज का इलाज करें डेढ़ से 2 घंटे तक किया गया स्थिति नाजुक और गंभीर होने पर बाहर ले जाने के लिए परामर्श दिया गया। हम लोग मेराल अस्पताल ले गए तो वहां के डॉक्टर बोले कि यह तो मृत है।

बताया गया कि घरेलू आपसी विवाद को लेकर उक्त महिला जहर खाई थी। इसके बाद महिला की स्थिति खराब हो गयी। मामले को लेकर उक्त अस्पताल के संचालक डॉ अखिलेश कुमार ने बताया कि जहर खाई हुई महिला को लेकर उसके परिजन मेरे अस्पताल में आये थे। कंपाउंडर के द्वारा सिर्फ ऑक्सीजन चेक किया गया है। वैसे हम उस वक्त अपने अस्पताल में नहीं थे। मैं सरकारी आयुर्वेदिक चिकित्सक हूं और मैं ड्यूटी पर हूँ।



### सिविल सर्जन ने कहा कि यह मामले में चल रही है जांच

मामले को लेकर गढ़वा सिविल सर्जन अशोक कुमार ने कहा कि यह मामला प्वाइजन केसेस है। जानकारी मिली है पोस्टमार्टम हो रहा है। यदि महिला का इलाज निजी अस्पताल में झोलाछाप चिकित्सक के द्वारा किया गया है तो उसकी जांच कर अविलंब कानूनी कार्रवाई किया जाएगा।

# पेट्रोल पंप पर खड़ी ट्रक से 300 लीटर डीजल की चोरी, सीसीटीवी में हुई कैद

नवीन मेल संवाददाता

**बालूमाथ।** क्षेत्र में डीजल चोरों के हौसले इस कदर बुलंद हो चुके हैं कि अब उन्हें सीसीटीवी कैमरों का भी कोई खौफ नहीं रह गया है। ताजा मामला मुरपा का है जहां अज्ञात चोरों ने दिनदहाड़े चौदह चक्का ट्रक से लगभग 300 लीटर डीजल चोरी कर फरार हो गए। प्राप्त जानकारी के अनुसार ट्रक संख्या डब्बलूबी 65सी 6956 में कानपुर से चीनी लोड कर रांची ले जाया जा रहा था। ट्रक मालिक मो० सैफी आलम ने बताया कि ट्रक चालक तोहिद अंसारी, जो मुरपा का निवासी है, बालूमाथ पेट्रोल पंप से डीजल भरवाकर अपने घर मुरपा पहुंचा था। ट्रक को मुरपा पेट्रोल पंप पर खड़ा कर चालक मुहर्रम त्योहार मनाने के लिए घर चला गया था। अगले दिन जब चालक ट्रक लेकर रांची के लिए निकला तो ट्रक स्टार्ट ही नहीं हुआ। शक होने पर डीजल टैंक चेक किया गया तो उसमें डीजल पूरी तरह गायब मिला। करीब 300 लीटर डीजल गायब होने से चालक व मालिक के होश उड़ गए। स्थानीय लोगों का कहना है कि इलाके में ट्रकों से डीजल चोरी की घटनाएं लगातार बढ़ती जा रही हैं। हैरानी की बात यह है कि जिस जगह यह ट्रक खड़ा था, थोड़ा दूर में मुरपा पुलिस पिकेट है और वहां पेट्रोल पंप में सीसीटीवी कैमरे भी लगे हुए हैं, फिर भी चोर बेखौफ होकर वारदात को अंजाम देने में सफल रहे। पीड़ित ट्रक मालिक ने पुलिस प्रशासन से जल्द कार्रवाई कर चोरों की गिरफ्तारी की मांग की है। वहीं स्थानीय लोगों ने इलाके में चोरी की घटनाओं पर रोक लगाने के लिए और भी पेट्रोलिंग ग़स्ती बढ़ाने की मांग की है।

## आईजी-डीआईजी ने कोल साइडिंग पर गोलीबारी व आगजनी घटना का किया निरीक्षण

# अपराधियों को अविलंब पकड़ने का निर्देश

नवीन मेल संवाददाता



**बालूमाथ।** पलामू रेंज के आईजी सुनील भास्कर एवं डीआईजी नौशाद आलम दलबल के साथ मंगलवार को बालूमाथ पुलिस अनुमंडल क्षेत्र के फूलबसिया रेलवे कोल साईडिंग पहुंचे एवं बीते दिन शुक्रवार को घटित गोलीबारी एवं वाहन आगजनिक की घटना का जायजा लिया एवं इस तरह की घटना का पुनरावृत्ति ना हो जिसको लेकर मौके पर मौजूद थाना पुलिस पदाधिकारियों को दिशा निर्देश दिया एवं घटित घटना पर कई बिंदुओ पर अनुसंधान कर अभिलंब अपराधी ग्रुप को गिरफ्तार करने का पुलिस पदाधिकारी को दिशा निर्देश दिया गया है। ज्ञात हो कि बीते दिनों शुक्रवार के मध्य रात्रि को कुछ अज्ञात अपराधियों द्वारा फूलबसिया रेलवे कोल साइडिंग के पास खड़ी एक हाईवा को डीजल छिड़ककर आग के हवाले कर गोलीबारी जैसी घटना का अंजाम दिया गया था और राहुल दुबे गैंग द्वारा घटनास्थल पर चर्चा फेक एवं सोशल मीडिया में पोस्ट कर लेवी के उद्देश्य से कोयला कार्यबारियों को धमकी दिया गया था। बता दें कि बालूमाथ पुलिस अनुमंडल क्षेत्र अंतर्गत बालूमाथ एसडीपीओ बीनोद रवानी के नेतृत्व में अपराध नियंत्रण एवं अपराध के रोकथाम के लिए निरंतर वाहन जांच अभियान एवं गस्ति दल रात भर सक्रिय देखे जाते हैं। इसके बाद भी अपराधी घटना को अंजाम देकर आसानी से निकल जाते हैं. मौके पर उपरोक्त लोगों के अलावे पुलिस इंस्पेक्टर परमानंद बीरूआ, बारियातू थाना प्रभारी देवेंद्र कुमार, बालूमाथ थाना प्रभारी अमरेंद्र कुमार अमरवाडीह पीकेट प्रभारी अनुभव सिन्हा मोहम्मद मुख्तार के अलावे पुलिस बल के जवान मौजूद रहे।

# तीन दिनों से लापता ताबिश का शव उत्तर कोयल नहर में मिला



**हुसैनाबाद।** पलामू जिले के हुसैनाबाद जपला धरहरा निवासी अकील अहमद के 24 वर्षीय पुत्र ताबिश अनवर 06 जुलाई 2025 की रात्रि करीब 10:30 बजे से लापता युवक का शव 8 जुलाई मंगलवार को नहर मोड़ के समीप उत्तर कोयल मुख्य नहर से बरामद हुआ है। सूचना मिलते ही हुसैनाबाद थाना पुलिस ने शव को बरामद कर उसे पोस्टमार्टम के लिए अनुमंडलीय अस्पताल हुसैनाबाद भेज दिया है। शव के शरीर पर चोट के निशान मिले हैं। इसके अलावा पॉकेट से नशीली दवा भी मिली है। परिजनों ने समाचार लिखे जाने तक थाना को आवेदन नहीं दिया है। परिजनों ने ताबिश अनवर की हत्या की आशंका जताई है। थाना प्रभारी सोनू कुमार चौधरी ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही स्पष्ट हो पाएगा।

## नकली शराब फैक्ट्री का भंडाफोड़

# बोतल, रैपर व शराब बरामद

नवीन मेल संवाददाता

**पलामू।** पलामू जिले के हरिहरगंज थाना से महज डेढ किलोमीटर की दूरी पर वैद्यविगहा में चल रही शराब फैक्ट्री का मंगलवार को भंडाफोड़ किया गया। मौके से दो हजार पीस खाली बोतल, चार हजार पीस रैपर, भारी संख्या में ढक्कन और शराब बरामद की गयी है। हालांकि शराब फैक्ट्री का संचालन कर रहा राजा साव मौके से फरार हो गया। इस संबंध में प्राथमिकी दर्ज की गयी। राजा की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है। इंस्पेक्टर सह थाना प्रभारी चंदन कुमार को गुप्त सूचना मिली थी कि वैद्यविगहा में राजा साव के घर पर नकली शराब फैक्ट्री चल रही है। सूचना के आलोक में एसआई धन्नजय गोप के नेतृत्व में पुलिसकर्मियों ने छापेमारी की।



पुलिस के आने की भनक लगते ही राजा मौके से फरार हो गया। छानबीन करने पर मौके से दो हजार पीस खाली बोतल, चार हजार पीस रैपर, भारी संख्या में ढक्कन और 375 एमएल में 18 बोतल बलंडर शराब बरामद की गयी। इंस्पेक्टर सह थाना प्रभारी ने बताया कि राजा साव के खिलाफ पहले भी नकली शराब बनाने के आरोप में एफआइआर दर्ज की गयी थी। जेल भी भेजा गया था। बावजूद शराब फैक्ट्री चला रहा था।

# चंदवा पुलिस ने अवैध लोहा लदे पिकअप वाहन को किया जब्त



नवीन मेल संवाददाता

**चंदवा।** थाना क्षेत्र अंतर्गत बंद पड़े अभिजीत प्लांट के बाद अब चतरो अनगड़ा स्थित एस्सार पावर प्लांट से भी स्क्रैप की चोरी शुरू हो गई है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार संगठित चोर गिरोह के द्वारा विगत कुछ दिनों से स्क्रैप की चोरी की जा रही है। मिली जानकारी के अनुसार सोमवार की रात्रि भी चोर गिरोह प्लांट में चोरी के नीयत से धावा बोल दिया, सूचना मिलने के बाद पुलिस की टीम मौके पर पहुंची व चोरो को खदेड़ा। इस दौरान चोरों द्वारा चोरी किए हुए लोहे को बाइक व पिकअप वाहन में भरकर भागने का प्रयास किया गया। पुलिस के द्वारा पीछा किए जाने के बाद चोरी का लोहा लेकर वाहन ग्रामीण रास्तों की ओर भाग गए। इसी दौरान भागने के क्रम में एक पिकअप कामता सेरक पथ पर स्थित जंगल में फंस गया। चंदवा पुलिस की टीम मौके पर पहुंची व पिकअप वाहन को जब्त करते हुए अग्रतर कार्रवाई में जुट गई हैं। मामले पर पुनि सह थाना प्रभारी ने बताया कि पिकअप वाहन को जब्त किया गया है। मामले में अग्रतर कार्रवाई की जा रही है।

# पांकी और सदर सीओ पर राइट टू सर्विस एक्ट के तहत लगेगा जुर्माना

नवीन मेल संवाददाता

**पलामू।** उपायुक्त समीरा एस ने मंगलवार को राजस्व से जुड़े सभी विभागों को राजस्व संग्रहण में तेजी लाने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि इसमें कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिया कि राजस्व उगाही में सभी रुकावटों को दूर करते हुए लक्ष्य के प्रति केंद्रित रहें। उपायुक्त समाहरणालय में राजस्व संग्रहण की वर्तमान स्थिति पर विभागीय प्रमुखों के साथ समीक्षा बैठक कर रही थी।

उपायुक्त ने खनन विभाग की समीक्षा करते हुए कहा कि इस वित्तिय वर्ष में अबतक वार्षिक लक्ष्य प्राप्त नहीं किया जा सका है। बैठक में पाया गया कि पिछले साल प्राप्त लक्ष्य के आधार पर अबतक 13 प्रतिशत की ही वसूली हुई है। उल्लेखनीय है वित्तिय वर्ष 2024-25 में खनन विभाग का वार्षिक लक्ष्य 41357 लाख रुपये का था। डीसी ने खान निरीक्षक को खनन के क्षेत्र में राजस्व वसूली में तेजी लाने को कहा। परिवहन विभाग की समीक्षा में उपायुक्त ने पाया कि विभाग को वर्तमान वित्तीय वर्ष में 7608.30 लाख रुपये की वसूली का लक्ष्य दिया गया था, इसके विरुद्ध परिहवन विभाग ने अबतक 2230.59 लाख रुपये की राजस्व वसूली कर ली है। इस दौरान उपायुक्त ने डीटीओ से कहा कि अगली माह होने वाली सड़क सुरक्षा की मीटिंग में यह आंकड़ा बढ़ा मिले यह सुनिश्चित करें। उत्पाद विभाग की समीक्षा के दौरान उत्पाद अधीक्षक ने उपायुक्त को बताया कि उत्पाद विभाग को 14000 लाख रुपए वसूली का वार्षिक लक्ष्य दिया गया था, इसके विरुद्ध जून माह तक 3117.01 लाख रुपये के राजस्व वसूली कर ली गयी है, जो 22 प्रतिशत है। इसी तरह अवर निबंधन, राष्ट्रीय बचत विभाग, नगर निगम, विद्युत आपूर्ति विभाग की भी समीक्षा की गयी। उपायुक्त ने सरकार के विभिन्न विभागों को भूमि हस्तांतरण के लिए लंबित भूमि के विवरणी का अंचलवार समीक्षा की। बैठक में पर्याप्त जानकारी नहीं होने पर पर डीसी ने हुसैनाबाद सीओ के प्रति नाराजगी व्यक्त करते हुए सभी से स्पष्ट रूप से कहा कि किसी भी बैठक में उचित जानकारी व मीटिंग से जुड़े सभी प्रतिवेदन के साथ भाग लेना सुनिश्चित करें। बैठक में भू-लगान, निबंधन, दाखिल-खारिज, सकसेशन म्यूटेशन, पार्टीशन म्यूटेशन और भूमि सीमांकन की भी समीक्षा की गयी। डीसी ने म्यूटेशन के आवेदनों को समय पर निष्पादन नहीं करने और निर्धारित अवधि से ज्यादा दिनों तक म्यूटेशन के आवेदनों को लंबित रखने को लेकर पांकी और सदर सीओ पर राइट टू सर्विस एक्ट के तहत जुर्माना लगाने के निर्देश दिया।



## पेज एक के शेष

### जेजेएमपी का एरिया...

दोनों से हथियारों के वैध कागजात मांगे गए, लेकिन वे कुछ भी प्रस्तुत नहीं कर सके। जिसके बाद दोनों को विधिसम्मत गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। पुलिस ने बताया कि प्रवीण एक्का के खिलाफ विशुनपुर थाना में कांड संख्या 23/25 के तहत आर्म्स एक्ट एवं सीएलए एक्ट के तहत मामला पहले से दर्ज है। एसपी हरीश बिन जमा ने इस कार्रवाई को बड़ी उपलब्धि बताते हुए कहा कि गुमला पुलिस लगातार नक्सल और उग्रवादी गतिविधियों के खिलाफ अभियान चला रही है। यह गिरफ्तारी उग्रवादी संगठन को कमजोर करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। हम ऐसे तत्वों को बख्शेंगे नहीं जो समाज और कानून के खिलाफ काम कर रहे हैं। साथ ही मैं झारखंड सरकार की आत्मसमर्पण नीति के तहत उग्रवादियों से अपील करता हूं कि वे हथियार छोड़कर समाज की मुख्यधारा में लौटें, वरना पुलिस की कार्रवाई जारी रहेगी। इस अभियान में एसडीपीओ ललित मीणा के अलावा डुमरी थाना प्रभारी अनुज कुमार, नक्सल शाखा के पु.अ.नि. मो. जहांगीर, पु.अ.नि. मनोज कुमार, स.अ.नि. रविन्द्र भारती, आरक्षी नीरज तिवारी एवं डुमरी थाना रिजर्व गार्ड शामिल रहे।

### प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को....

को अपने सर्वोच्च नागरिक सम्मान 'ऑर्डर ऑफ द रिपब्लिक ऑफ त्रिनिदाद एंड टोबैगो' से सम्मानित किया। पीएम मोदी त्रिनिदाद और टोबैगो के 'ऑर्डर ऑफ द रिपब्लिक ऑफ त्रिनिदाद एंड टोबैगो' से सम्मानित होने वाले पहले विदेशी नेता बन गए। घाना में उन्हें 'ऑफिसर ऑफ द ऑर्डर ऑफ द स्टार ऑफ घाना' सम्मान से सम्मानित किया गया था। वहीं, अर्जेंटीना की राजधानी ब्यूनस आयर्स में भी प्रधानमंत्री मोदी को एक विशेष सम्मान से नवाजा गया था। उन्हें शहर की 'की टू द सिटी' भेंट की गई, जो भारत और अर्जेंटीना के बीच गहरी दोस्ती और विश्वास का प्रतीक है। ज्ञात हो कि प्रधानमंत्री मोदी ने पर्यावरण और वैश्विक स्वास्थ्य सुरक्षा पर पूरी दुनिया को एक खास संदेश दिया था। उन्होंने ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में पर्यावरण और स्वास्थ्य सुरक्षा जैसे अहम विषयों को प्राथमिकता देने पर खुशी जताई। उन्होंने कहा कि पृथ्वी और मनुष्य का स्वास्थ्य एक दूसरे से जुड़े हुए हैं। साझा चुनौतियों का हल सिर्फ साझे प्रयासों से ही संभव है। इस दौरान पीएम मोदी ने कोविड महामारी का उदाहरण दिया। पीएम मोदी ने कहा, ब्रिक्स में पर्यावरण पर चर्चा प्रासंगिक और समयानुकूल है। भारत के लिए क्लाइमेट चेंज और पर्यावरण सुरक्षा हमेशा से प्राथमिकता का विषय रहे हैं। क्लाइमेट चेंज सिर्फ ऊर्जा का विषय नहीं है। ये जीवन और प्रकृति के बीच संतुलन का विषय है। उन्होंने कहा, जहां कुछ लोग इसे आंकड़ों में मापते हैं, भारत इसे संस्कारों में जीता है। भारतीय सभ्यता और संस्कृति में पृथ्वी को मां का दर्जा दिया गया है। इसीलिए जब पृथ्वी मां पुकारती है तो हम चुप नहीं रहते। हम अपनी सोच, अपने व्यवहार और अपनी जीवनशैली में बदलाव करते हैं।

### नेतन्याहू ने ट्रंप को नोबेल...

इस साल व्हाइट हाउस में दोनों नेताओं की यह तीसरी मुलाकात है। नेतन्याहू ने व्हाइट हाउस में ईरान के खिलाफ हमलों के बारे में कहा, यह एक ऐतिहासिक जीत है। इसने मध्य पूर्व का चेहरा बदल दिया है। ट्रंप ने स्पष्ट कर दिया है कि अब वह गाजा संघर्ष को जल्द ही समाप्त होते देखना चाहते हैं। वाशिंगटन में इजरायल के पूर्व राजदूत माइकल ओरेन ने कहा कि आने वाला समय बहुत सकारात्मक होगा। रविवार को वाशिंगटन के लिए रवाना होने से पहले नेतन्याहू ने तेल अवीव में कहा था, यह मौका साझा दुश्मन (ईरान) पर बड़ी जीत का जश्न मनाने का है। अब गाजा में लड़ाई में 60 दिनों का विराम लगेगा। गाजा में सहायता पहुंचाई जाएगी और क्षेत्र में बंधक बनाए गए शेष 50 लोगों मुक्त कराने की कोशिश की जाएगी।

### देश के लिए समर्पित वीर...

अनजान व्यक्ति या अनजानी वस्तु की खबर मिलते ही यथोचित व्यक्ति तक सूचना पहुंचाकर देश की सुरक्षा में अपनी भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएं। आज हजारों लोग हमारे आसपास बिना किसी पहचान के घूम रहे हैं, क्योंकि हम बेखबर हैं। पुलिस सहायता नंबर जगह-जगह लिखा हुआ मिलता है, लेकिन हम अनभिज्ञ हैं क्योंकि हम सचेत नहीं हैं। अतः सचेत रहें और देश हित में भी अपना योगदान दें, ताकि हम सभी भारत माता का पुत्र-पुत्री कहलाने के गर्व से स्वयं भी गौरवान्वित हों। यही भारत माता की उत्तम सेवा होगी।

# 14 देशों को टैरिफ पर, ट्रंप को भारत को रखना पड़ा बाहर

## जापान-साउथ कोरिया पर 25%, म्यांमार पर 40% टैरिफ, 1 अगस्त से लागू होगा

**न्यूयॉर्क । एजेंसी**

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने सोमवार को बांग्लादेश-जापान समेत 14 देशों पर टैरिफ बढ़ाने का ऐलान किया है। ट्रंप प्रशासन ने सोमवार को सभी प्रभावित देशों को औपचारिक रूप से लेटर भेजकर इस निर्णय की जानकारी दी। इस फैसले के तहत कुछ देशों पर 25% टैक्स लगाया गया है, जबकि कुछ पर 30% से 40% तक का भारी शुल्क लगाया गया है। दक्षिण कोरिया और जापान के नेताओं को ट्रंप ने सबसे पहले लेटर भेजा और कहा कि उनके देश से आने वाले सामान पर अब 25% शुल्क लगेगा। उन्होंने लिखा कि ये टैक्स इसलिए जरूरी हैं, ताकि अमेरिका और इन देशों के बीच व्यापार में जो असंतुलन है, उसे सुधारा जा सके। ये टैरिफ 1 अगस्त से लागू होंगे। इसके साथ ही ट्रंप ने 1 अगस्त से ग्लोबल टैरिफ लगाने की घोषणा की। पहले ट्रंप 9 जुलाई को इसका ऐलान करने वाले थे। ट्रंप ने अप्रैल में पहली बार सभी अमेरिकी आयात पर 10% बेसलाइन टैक्स और 60 देशों पर अलग-अलग टैक्स लगाने की बात की थी। उस घोषणा के बाद दुनियाभर के शेयर और बॉन्ड बाजारों में उथल-पुथल मच गई थी, इसलिए उन्होंने टैरिफ को कुछ समय के लिए टाल दिया था और देशों को अमेरिका के साथ नई डील करने का मौका दिया था। पहले उन्हें 8 जुलाई तक का वक्त दिया गया था, ताकि 9 जुलाई से नए टैरिफ लागू हो सकें। अब ये डेडलाइन बढ़ाकर 1 अगस्त कर दी गई है।



**14** देशों पर अमेरिका ने टैरिफ बढ़ाने का ऐलान किया

**25% से 40%** तक का शुल्क कुछ देशों पर लगाया गया

**10%** बेसलाइन टैक्स की घोषणा ट्रंप ने अप्रैल में की थी

**60** देशों पर अलग-अलग टैक्स लगाने की योजना बनाई गई थी

**08** जुलाई तक देशों को अमेरिका से नई डील का मौका दिया गया था

### भारत, यूरोपीय यूनियन के साथ ट्रेड डील जल्द

*न्यूयॉर्क टाइम्स ने अमेरिकी अधिकारियों के हवाले से कहा है कि ट्रंप इस हफ्ते कई देशों के साथ ट्रेड डील का ऐलान कर सकते हैं। भारत और अमेरिका के बीच ट्रेड डील बहुत करीब पहुंच चुकी है। यूरोपीय यूनियन भी अमेरिका के साथ समझौता करने के काफी नजदीक है। इसके साथ ही पाकिस्तान, ताइवान और स्विटजरलैंड जैसे दूसरे देश में अमेरिका के साथ ट्रेड डील करने का रास्ता तलाश रहे हैं।*

# एक्स ने कहा, भारत सरकार ने रॉयटर्स सहित 2,355 अकाउंट ब्लॉक करने का आदेश दिया

**ब्यूरो**

● **सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ने कहा, सार्वजनिक आक्रोश के बाद सरकार ने इसे अनब्लॉक करने को कहा**

**नई दिल्ली।** मंगलवार को अपने ग्लोबल गवर्नमेंट अफेयर्स हैंडल के मार्फत एक पोस्ट में मस्क की सोशल मीडिया कंपनी एक्स ने कहा कि 3 जुलाई को भारत सरकार ने सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम की धारा 69ए के तहत रॉयटर्स जैसे अंतरराष्ट्रीय समाचार आउटलेट सहित भारत में 2,355 अकाउंट ब्लॉक करने का आदेश दिया। एलन मस्क के स्वामित्व वाले सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स ने रॉयटर्स के अकाउंट ब्लॉक करने के सरकारी दावे का खंडन करते हुए कहा कि उसे 3 जुलाई को भारत में 2,000 से ज़्यादा अकाउंट ब्लॉक करने के आदेश मिले थे, जिनमें न्यूज़ एजेंसी से जुड़े अकाउंट भी शामिल थे। इंडियन एक्सप्रेस में छपी रिपोर्ट के मुताबिक़ यह सीधे तौर पर आईटी मंत्रालय के आधिकारिक प्रवक्ता द्वारा रविवार को जारी किए गए बयान का खंडन करता है, जिसमें कहा गया था: "भारत सरकार की ओर से रॉयटर्स हैंडल को ब्लॉक करने की कोई आवश्यकता नहीं है। हम समस्या को हल करने के लिए एक्स के साथ लगातार काम कर रहे हैं।" शनिवार की रात को, एक्स ने रॉयटर्स और रॉयटर्स वर्ल्ड के हैंडल ब्लॉक कर दिए, उनके अकाउंट पर एक संदेश प्रदर्शित किया गया जिसमें कहा गया था कि उन्हें "कानूनी मांग के जवाब में" भारत में ब्लॉक किया गया था। मंगलवार को अपने ग्लोबल गवर्नमेंट अफेयर्स हैंडल के ज़रिए एक पोस्ट में एक्स ने कहा कि 3 जुलाई को भारत सरकार ने सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम की धारा 69ए के तहत रॉयटर्स जैसे अंतरराष्ट्रीय समाचार आउटलेट सहित भारत में 2,355 अकाउंट ब्लॉक करने का आदेश दिया। "अनुपालन न करने पर आपराधिक दायित्व का जोखिम था। इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय ने बिना कोई कारण बताए तत्काल कार्रवाई की मांग की – एक घंटे के भीतर – और खातों को अगली सूचना तक अवरुद्ध रखने को कहा," एक्स ने कहा। "सार्वजनिक आक्रोश के बाद, सरकार ने एक्स से @Reuters और @ReutersWorld को अनब्लॉक करने का अनुरोध किया।

# चीन का नया खेल 4000 लोग बॉर्डर कूदकर आए

**बीजिंग । एजेंसी**



भारत से 1643 किलोमीटर लंबा बार्डर शेयर करने वाले एक देश में भयंकर जंग छिड़ गई है। इस देश में चीन ने ही जंग भड़काई है, लेकिन अब चीन पर भी इसका असर देखने को मिल रहा है। इस देश में चल रही जंग में चीन के दो लड़ाकू विमान तबाह हो गए हैं। चीन की मक्कारी के चलते इस देश की आम जनता भी मारी जा रही है। अपनी जान बचाने के लिए ये लोग अब भारत में भी घुस गए हैं। कई मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक पड़ोसी देश के चिन राज्य में फिर से लड़ाई शुरू होने के बाद पिछले कुछ दिनों में म्यांमार से करीब 4,000 नए शरणार्थी मिजोरम में दाखिल हुए हैं। म्यांमार के चिन राज्य में 2 जुलाई से दो सैन्य-विरोधी जुंटा बलों चिन नेशनल डिफेंस फोर्स और चिनलैंड डिफेंस फोर्स हुआलनोग्राम के बीच टकराव चल रहा है। नतीजतन, हजारों निवासी मिजोरम के चम्फाई जिले में आ गए हैं।

मिजोरम में एक सुरक्षा अधिकारी ने बताया कि ताजा हिंसा शुरू होने के बाद से अब तक वहां पहुंचने वाले लोगों की संख्या लगभग 4,000 है। रिपोर्ट्स के मुताबिक मिजोरम पुलिस के अधिकारियों ने बताया है कि सीमा के आसपास स्थिति काफी ज्यादा तनावपूर्ण है। ऐसे में फिलहाल इन लोगों को वापस जाने के लिए नहीं कहा जा रहा। लोग बड़े पैमाने पर ज़ोकवथर और सैकुम्फई के गांवों में आ गए हैं। वे सीमा के इस तरफ अपने रिश्तेदारों के साथ या स्थानीय संगठनों द्वारा स्थापित शिविरों में रह रहे हैं। भारत और म्यांमार के बीच एक द्विपक्षीय समझौता है, जिसे फ्री मूवमेंट रिजीम कहा जाता है। इसके तहत सीमावर्ती क्षेत्रों में रहने वाले लोगों को बिना वीजा या पासपोर्ट के 16 किलोमीटर तक दोनों तरफ आवाजाही करने की अनुमति होती है। हालांकि म्यांमार के हालात को देखते हुए भारत ने साल 2024 में म्यांमार को लेकर फ्री मूवमेंट रिजीम को सस्पेंड कर दिया था। लेकिन ताजा मामले में जब हजारों लोग जान की भीख मांगने के लिए बॉर्डर पर पहुंचे तो मानवीय ग्रांउड पर उन्हें शरण दी गई। बहरहाल, म्यांमार में चल रहे गृह युद्ध में चीन भी अपनी खतरनाक चाल चल रहा है। वो जुंटा शासन को हथियार और समर्थन दे रहा है ताकी वो विद्रोही गुटों से भिड़ सके। जुंटा गुट ने ही साल 2021 में म्यांमार की सत्ता पर कब्जा कर लिया, जिसके बाद से म्यांमार में गृह युद्ध जैसे हालात हैं। मिजोरम 2021 के सैन्य तख्तापलट के बाद से हजारों चिन शरणार्थियों को शरण दे रहा है, जो मिज़ो के साथ एक समान जातीयता साझा करते हैं। मिजोरम गृह विभाग के अनुमानों के अनुसार, इस नए आगमन से पहले, मिजोरम से लगभग 33,000 चिन शरणार्थी और बांग्लादेश से अतिरिक्त 2,000 शरणार्थी थे।

# पेशावर में लगी भीषण आग 5 लोगों की मौत, कई घायल

**पेशावर ।** पाकिस्तान के पेशावर शहर में आग लगने की एक भीषण घटना में कम से कम पांच लोगों की मौत हो गई है। आग की चपेट में आने से दो दमकल कर्मियों समेत कई अन्य लोग घायल भी हुए हैं। पुलिस ने घटना के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि सोमवार रात को खैबर पख्तूख्वा प्रांत में भीड़भाड़ वाले जन इमाम बाड़गाह इलाके में स्थित एक मकान में आग लग गई। आपात कालीन सेवा ने बताया कि उन्होंने घर से छह लोगों को बाहर निकाला, जिनमें से पांच की मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि जान बचाने की कोशिश में दो दमकल कर्मी भी घायल हो गए हैं। घायल दमकल कर्मियों और घटना में घायल हुए कई अन्य लोगों को नजदीकी अस्पताल ले जाया गया है। खैबर पख्तूनख्वा के मुख्यमंत्री अली अमीन गंडापुर ने शोक संतप्त परिवारों के प्रति संवेदना व्यक्त की है।

# युद्ध विराम की ओर बढ़ता गाजा? नेतन्याहू-ट्रंप बैठक बनी अहम कड़ी

**नई दिल्ली । एजेंसी**




अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने सोमवार को व्हाइट हाउस में इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू की मेज़बानी करते हुए कहा कि अमेरिका ने ईरान के साथ वार्ता की योजना बनाई है और गाजा से फिलिस्तीनियों को बाहर निकालने के विवादास्पद प्रयास पर प्रगति का संकेत दिया है। अमेरिका और इजरायल के अधिकारियों के बीच रात्रिभोज की शुरुआत में पत्रकारों से बात करते हुए नेतन्याहू ने कहा कि अमेरिका और इजरायल अन्य देशों के साथ काम कर रहे हैं जो फिलिस्तीनियों को बेहतर भविष्य देंगे, उन्होंने सुझाव दिया कि गाजा के निवासी पड़ोसी देशों में जा सकते हैं। नेतन्याहू ने कहा कि अगर लोग रहना चाहते हैं, तो वे रह सकते हैं, लेकिन अगर वे छोड़ना चाहते हैं, तो उन्हें छोड़ने में सक्षम होना चाहिए। हम अमेरिका के साथ मिलकर ऐसे देशों की तलाश कर रहे हैं जो हमेशा से यही कहते आए हैं कि वे फिलिस्तीनियों को बेहतर भविष्य देना चाहते हैं। मुझे लगता है कि हम ऐसे कई देशों की तलाश कर रहे हैं जो इस दिशा में काम कर रहे हैं। ट्रंप, जिन्होंने फिलिस्तीनियों के पुनर्वास के बारे में पूछे जाने पर नेतन्याहू को पहले तो मना कर दिया था, ने कहा कि इज़राइल के आस-पास के देश मदद कर रहे हैं। ट्रंप ने कहा कि हमें आस-पास के देशों से बहुत अच्छा सहयोग मिला है, उनमें से हर एक से बहुत अच्छा सहयोग मिला है। इसलिए कुछ अच्छा होगा। गाजा के स्वास्थ्य मंत्रालय ने चिकित्सा आपूर्ति के साथ गाजा में प्रवेश करने वाले ट्रकों की सुरक्षा का आह्वान किया।

# पुलवामा अटैक के लिए विस्फोटक अमेजन से खरीदा गया

● **फाइनेंशियल एक्शन टास्क फोर्स की रिपोर्ट, गोरखनाथ मंदिर पर हमला करने वाले आतंकी को पेपल से पेमेंट हुआ**

**नई दिल्ली ।**2019 के पुलवामा आतंकी हमले में इस्तेमाल हुआ विस्फोटक ई-कॉमर्स वेबसाइट अमेजन से खरीदा गया था। दुनियाभर में आतंकी फंडिंग पर नजर रखने वाली संस्था फाइनेंशियल एक्शन टास्क फोर्स ने अपनी रिपोर्ट में यह दावा किया है। फाइनेंशियल एक्शन टास्क फोर्स ने इस रिपोर्ट में 2022 में यूपी के गोरखपुर में गोरखनाथ मंदिर पर हुए हमले का भी जिक्र किया है। यहां हमलावर आतंकी को ऑनलाइन मनी ट्रांसफर प्लेटफॉर्म पेपल के जरिए पैसे दिए गए थे। इन दोनों मामलों को उदाहरण के तौर पर पेश करते हुए संगठन ने आगाह किया है कि ई-कॉमर्स और डिजिटल भुगतान सेवाएं अगर गलत हाथों में जाएं तो वे आतंक को बढ़ावा देने का माध्यम बन सकती हैं।

# नेपाल-चीन बॉर्डर पर भोटेकोशी नदी में बाढ़, 12 नेपाली, 6 चीनी लापता

**नई दिल्ली । एजेंसी**



नेपाल-चीन बॉर्डर पर भोटेकोशी नदी में मंगलवार सुबह करीब 3 बजे अचानक बाढ़ आ गई। इसमें 18 लोग लापता हैं, जिसमें 12 नेपाली और 6 चीनी नागरिक हैं। 12 नेपालियों में 3 पुलिसकर्मी, 9 नागरिक हैं। सर्च और रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू किया गया है। घटना चीनी सीमा पर नेपाल के रसुवा जिले में रसुवागढ़ी बॉर्डर पॉइंट की है। बाढ़ में नेपाल को चीन से जोड़ने वाला मेन पुल 'मिटेरी ब्रिज' ढह गया। मिटेरी ब्रिज से चीन-नेपाल के बीच रोजाना लाखों रुपए का व्यापार होता था। रसुवा में कस्टम्स ऑफिस का यार्ड भी क्षतिग्रस्त हो गया। कस्टम यार्ड में खड़े कई कार्गो कंटेनर भी बह गए। सभी कंटेनर सामान से भरे हुए थे। कस्टम यार्ड के अंदर फंसे कुछ लोगों को बचा लिया गया है, लेकिन सभी तरफ बाढ़ के पानी के कारण चल रहे ऑपरेशन में दिक्कत आ रही है। पुल बहने से चीन-नेपाल के बीच व्यापार रुका भोटेकोशी नदी में बाढ़ से नेपाल को भारी आर्थिक नुकसान होने की आशंका है। पुल बहने से इस रूट से चीन और नेपाल के बीच होने वाला व्यापार रुक गया है।

# टेक्सास में बाढ़ ने मचाई तबाही 100 से अधिक लोगों की हुई



**नई दिल्ली।** अमेरिका के टेक्सास में भारी बारिश के चलते आई बाढ़ ने भयानक तबाही मचाई है। यहां हालात भयावह हैं और मरने वाले लोगों की संख्या बढ़कर 100 से अधिक हो गई है। अधिकारियों ने बताया कि जान गंवाने वालों में गर्मी की छुट्टियों में आयोजित शिविरों (समर कैंप) में भाग लेने वाले कई बच्चे भी शामिल हैं। उन्होंने बताया कि बाढ़ के कारण कम से कम 104 लोगों की मौत हुई है। बाढ़ की वजह से कई लोग अब भी लापता हैं।

**क्या बोले अधिकारी :** टेक्सास हिल कंट्री में ग्रीष्मकालीन शिविर 'कैंप मिस्टिक' के संचालकों ने बताया कि उसके शिविर में भाग ले रहे 27 लोगों की बाढ़ के कारण मौत हुई है। केर काउंटी के अधिकारियों ने बताया कि शिविर में भाग ले रहे 11 लोग लापता हैं।

# वर्षा ऋतु में काली मिर्च व तुलसी की पत्ती का काढ़ा लाभदायक

**ब्यूरो**

**नई दिल्ली।** वैसे तो बारिश के मौसम में फुहार व पानी का बौछार गर्मी से राहत देते हुए ठंडक लेकर आता है, लेकिन तमाम बीमारी होने के का खतरे को भी बढ़ा देता है।इस मौसम शरीर के लिए संक्रमण व बीमारियों का खतरा ज्यादा बढ़ जाता है। बारिश के मौसम में सर्दी, खांसी, वायरल फीवर, फ्लू, स्किन इंफेक्शन व पाचन संबंधी समस्याएं तेजी से बढ़ जाती हैं। ऐसे में शरीर की इम्यूनिटी का मजबूत रहना बहुत जरूरी है। कई वैद्यों का कहना है कि मानसून के मौसम में काली मिर्च व तुलसी का काढ़ा पीना सेहत के लिए बहुत फायदेमंद हो सकता है।तुलसी व काली मिर्च का काढ़ा एक ऐसा ही शक्तिशाली मिश्रण है, जो मानसून के हर संक्रमण से लड़ने में मदद करता है। इसके साथ ही कई बीमारियों से भी बचाव करता है।क्योंकि दोनों स्वास्थ्य के लिए फायदेमंद होती हैं। तुलसी और काली मिर्च शरीर की प्रतिरोधक क्षमता यानी इम्यूनिटी को बूस्ट करने व शरीर को अंदर से मजबूत बनाते हैं, जिससे वायरल या बैक्टीरियल इंफेक्शन का खतरा कम हो जाता है और कई बीमारियां दूर रहती हैं।वर्षा के मौसम में सर्दी-जुकाम होना बहुत आम बात है। बारिश में भीगने या ठंडी हवा लगने से सर्दी-जुकाम, गले में खराश व बुखार हो सकता है। ऐसे में तुलसी व काली मिर्च का काढ़ा बहुत फायदेमंद हो सकता है।बारिश के दिनों में मच्छर से होने वाली बीमारियों का खतरा भी बढ़ जाता है। तुलसी का नियमित सेवन प्लेटलेट्स बढ़ाने में मदद करता है। काढ़ा मच्छरों से फैलने वाले संक्रमण के खिलाफ सुरक्षा देता है। काली मिर्च और तुलसी पाचन रसों को सक्रिय करते हैं, जिससे गैस, अपच और पेट दर्द जैसी समस्याएं दूर होती हैं।

**कहानी फिल्म जगत की**

# धुरंधर फर्स्ट लुक में दिखा रणवीर सिंह का गुस्सा...

## लोगों को खूब पसंद आ रहा है नया खिलजी...

रणवीर सिंह ने आदित्य धर द्वारा निर्देशित अपनी आगामी फिल्म के पहले लुक में अपना गुस्सा दिखाया है। प्रोमो के साथ ही धुरंधर की रिलीज डेट की भी घोषणा की गई। वैसे तो रणवीर ने अपने पूरे करियर में अलग-अलग तरह की भूमिकाएं निभाई हैं, लेकिन यह फिल्म अब तक की उनकी किसी भी फिल्म से अलग है। बॉलीवुड कलाकार रणवीर सिंह-अभिनीत फिल्म 'धुरंधर' पांच दिसंबर को रिलीज होगी।

द सर्जिकल स्ट्राइक से प्रसिद्धि पाने वाले आदित्य धर के निर्देशन में बनी यह आगामी फिल्म जियो स्टूडियोज और बी62 स्टूडियोज द्वारा प्रस्तुत की गई है। निर्देशक आदित्य के साथ ज्योति देशपांडे और लोकेश धर भी इसके निर्माताओं में शामिल हैं।अभिनेता रणवीर सिंह के 40वें जन्मदिन पर फिल्म निर्माताओं ने इस एक्शन-थ्रिलर फिल्म की पहली झलक सोशल मीडिया मंचों पर साझा की। इसमें रणवीर को गंभीर अवतार में दिखाया गया ।

### 'धुरंधर' में नया रणवीर प्रोमो में दिखा गुस्सा

*रणवीर सिंह ने आदित्य धर द्वारा निर्देशित अपनी आगामी फिल्म के पहले लुक में अपना गुस्सा दिखाया है। प्रोमो के साथ ही धुरंधर की रिलीज डेट की भी घोषणा की गई। वैसे तो रणवीर ने अपने पूरे करियर में अलग-अलग तरह की भूमिकाएं निभाई हैं, लेकिन यह फिल्म अब तक की उनकी किसी भी फिल्म से अलग है। बॉलीवुड कलाकार रणवीर सिंह-अभिनीत फिल्म 'धुरंधर' पांच दिसंबर को रिलीज होगी। निर्माताओं ने रविवार को इसकी जानाकरी दी।*



